हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## सोते से जगाया था ड्राइवर को

घटना के बाद हिरासत में लिए गए जितेंद्र कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि वह माजदा के अंदर ही सो गया था। सब लोग माजदा में सवार हो गए, तो कुछ लोगों ने उसके मुंह में पानी के छींटे मारकर सोते से जगाया। इसके बाद उसने मुंह धोने के बाद स्टेयरिंग सीट पर बैठ कर गाड़ी चलाई। इसी तरह से ट्रेलर चालक एक्सीडेंट होने के करीब 20 किलोमीटर दूर रुक कर एक ढाबा में खाना खाया और उसके बाद गाड़ी चला रहा था। अचानक हादसा हो गया।

- माजदा के डाला से सटकर बैठे लोगों की हुई मौत
- माजदा की टक्कर से हाईवा का डीजल टैंक फटा, दो सौ लीटर ऑयल जमीन पर बह गया

## ऐसा भयानक हादसा, ट्राली से बाहर निकला लोहा बना काल, रेड सिग्नल था गायब

# कटते चले गए माजदा सवार...



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बलौदाबाजार मार्ग पर रविवार देर रात हुए खौफनाक हादसे की वजह ट्रेलर के बाहर निकला मशीन का एक बड़ा पाट्‌र्स था, जिसमें माजदा जा घुसी। ट्रेलर से बाहर निकले मशीन के पाट्‌र्स को वह नहीं देख पाया और गाड़ी उससे टकराने के बाद अनियंत्रित होकर हाईवा को पीछे से ठोकर मार दी। इस हादसे में 13 की मौत हुई है, कई घायल हैं। हादसे के बाद कई पहलुओं पर जांच की जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रेलर सड़क के आधे से ज्यादा हिस्सा में चल रहा था। रात के ▶▶|शेष पेज 7 पर

### हाईवा चालक ने अनहोनी भांप ली थी

हाईवा चालक ने पुलिस को बताया है, उसके मुताबिक उसने पीछे से आ रहे ट्रेलर तथा माजदा की स्पीड देख अंदाजा लगा लिया था कि कोई बड़ी अनहोनी होगी। इस वजह से उसने अपनी गाड़ी सड़क के नीचे उतार ली थी। ट्रेलर से टकराने के बाद माजदा ने हाईवा के पीछे ऑयल टैंक को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि ऑयल टैंक फट गया और हाईवा का दो सौ लीटर के करीब डीजल जमीन में बह गया।

### सरकारी मुनादी की अनदेखी...

रायपुर। शादियों का सीजन और ऐसा दृश्य....यह महज इस बरस का नहीं, बल्कि बरसों पुराने मर्ज सरीखा है। मालवाहकों में ठूंस ठूंस कर यात्रियों को सामान की तरह गंतव्य तक पहुंचाया जा रहा है। खरोरा हादसे का दर्द ऐसे ही मालवाहक और इसकी अनदेखी करने वाले सिस्टम ने दिया है। मालवाहकों में यात्रियों के सफर की मनाही की सरकारी मुनादी है, इसके बावजूद इसे रोका नहीं जा रहा, जिस वजह से हादसे हो रहे हैं। हरिभूमि ने राज्य के कई इलाकों से ऐसी हौलनाक तस्वीरें कैमरे में कैद की है। -देखें पेज-2 भी

### लोहे के एंगल से कटते चले गए

ट्रेलर के मशीन के बाहरी हिस्से को ठोकर मारने के बाद माजदा के ड्राइवर साइड के डाला में जो लोग टिक कर बैठे थे, उनमें से ज्यादातर कटते चले गए। लोहे के एंगल से टकराने की वजह से माजदा अनियंत्रित होकर रोड किनारे खड़े हाईवा से टकरा गया। हाईवा में टकराने की वजह से एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए।



### एक दिन पहले हुआ था दर्दनाक हादसा


हरिभूमि

हाईवा से टकराकर ट्रेलर में घुसी माजदा 14 की मौत, सड़क पर बिखरी लाशें

### प्लास्टिक टैंक से बड़ी दुर्घटना टली

घटनास्थल का मुआयना करने पहुंचे ट्रैफिक एआईजी संजय शर्मा, विधानसभा सीएसपी विरेंद्र चतुर्वेदी के अनुसार हाईवा में जो डीजल टैंक था, वह प्लास्टिक का था, लोहे का टैंक होता, तो डीजल टैंक में आग लगने की आशंका थी। आग लगने से स्थिति और विकराल होती।



### सीएम ने शोक जताया, मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख की सहायता



सीएम विष्णुदेव साय ने खरोरा सड़क दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है। राज्य सरकार मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए तथा घायलों को पचास-पचास हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री साय ने जिला प्रशासन को त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों की सतत निगरानी करने के निर्देश दिए हैं।

### राष्ट्रपति-पीएम ने जताया शोक

खरोरा इलाके में हुए सड़क हादसे को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दुख जताया है। हर मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे।

## पाकिस्तान की तैयारी सीमा पर वार की थी, लेकिन भारत ने उसके सीने पर कर दिया वार

# पीएम मोदी गरजे, कहा- ऑपरेशन सिंदूर खत्म नहीं, स्थगित है... आतंक के खिलाफ जंग जारी

### दुनिया को दो टूक संदेश

- कोई भी देश हमें न्यूक्लियर ब्लैकमेल नहीं कर सकता है
- भारत की तीनों सेनाएं सभी हालात से निपटने के लिए तैयार
- जिन आतंकियों ने हमारी मां बहनों का सिंदूर मिटाया हमने उन्हें मिटा दिया
- पानी और खून भी एक साथ नहीं बह सकता
- पाकिस्तान की गुहार पर भारत ने संघर्ष रोकने की सहमति दी
- पाकिस्तान का रवैया देखकर आगे का एक्शन तय करेंगे
- पाक को अपने देश के अंदर आतंक के ठिकानों को खत्म करना ही होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान तनावपूर्ण रिश्तों के बीच सोमवार रात को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा, बीते दिनों में हमने देश का सामर्थ्य और उसका संयम दोनों देखा है। मैं सबसे पहले भारत की पराक्रमी सेनाओं, सशस्त्र बलों, हमारी खुफिया एजेंसियों, हमारे वैज्ञानिकों को हर भारतवासी की तरफ से सलाम करता हूं। हमारे वीर सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए असीम शौर्य का प्रदर्शन किया। मैं हमारे देश की हर माता को, देश की हर बहन को और देश की हर बेटी को यह वीरता, साहस, पराक्रम को आज समर्पित करता हूं। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने जो बर्बरता दिखाई थी, उसने देश और दुनिया को झकझोर दिया था। छुट्टियां मना रहे निर्दोष मासूम नागरिकों को धर्म पूछकर उनके परिवार के सामने, उनके बच्चों के सामने बेरहमी से मार डाला गया था। यह आतंक का बहुत वीभत्स चेहरा था। मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से यह पीड़ा बहुत बड़ी थी।

**प्रधानमंत्री ने देश को संबोधित किया**

पीएम मोदी ने कहा कि इस आतंकी हमले के बाद सारा राष्ट्र, हर नागरिक, हर वर्ग, हर समाज, हर राजनीतिक ▶▶|शेष पेज 7 पर

*प्रधानमंत्री नरेंद्री मोदी ने सोमवार को देश को संबोधित किया। उनका ये संबोधन ऑपरेशन सिंदूर को लेकर था। पीएम मोदी ने कहा कि आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा है, इसलिए भारत ने आतंक के ये मुख्यालय उजाड़ दिए हैं। पीएम मोदी ने पड़ोसी देश पाकिस्तान को दो टूक लहजे में सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि भारत ने सिर्फ ऑपरेशन सिंदूर स्थगित किया है, उसे बंद नहीं किया है। पाकिस्तान का रवैया देखकर आगे का एक्शन तय करेंगे।*



### आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार

पीएम मोदी ने कहा, आतंकवादियों को खत्म करने के लिए हमने भारतीय सशस्त्र बलों को पूर्ण अधिकार दिए हैं। आज हर आतंकवादी और आतंकी संगठन हमारी बेटियों और बहनों की गरिमा और गौरव को नुकसान पहुंचाने की कोशिश के परिणामों को समझता है। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक नाम नहीं है। यह देश की सामूहिक भावनाओं और लचीलेपन का एक शक्तिशाली प्रतीक है।


### ऑपरेशन सिंदूर ने आतंक के खिलाफ लड़ाई में खींची नई लकीर

प्रधानमंत्री ने कहा, साथियों! भारत की तीनों सेनाएं, वायुसेना, थलसेना और नौसेना, हमारे सीमा सुरक्षा बल, भारत के अर्द्धसैनिक बल लगातार अलर्ट पर हैं। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंक के खिलाफ लड़ाई में एक नई लकीर खींच दी है। एक नया पैमाना। न्यू नॉर्मल तय कर दिया है।

**पहला-** भारत पर आतंकी हमला हुआ तो मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। हम अपने तरीके से, अपनी शर्तों पर जवाब देकर रहेंगे। हर उस जगह जाकर कठोर कार्रवाई करेंगे, जहां से आतंक की जड़ें निकलती हैं।

**दूसरा-** कोई भी न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत नहीं सहेगा।

**तीसरा-** हम आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखेंगे।



### सेना बोली-'भय बिनु होइ न प्रीति'

भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच सोमवार को लगातार दूसरे दिन भारतीय सेना के महानिदेशक स्तर के अधिकारियों ने प्रेस ब्रीफिंग की। एयर मार्शल एके भारती ने कहा, दिनकर जी हमारे राष्ट्र कवि रहे हैं। आपको राम चरित मानस की पंक्तियां याद दिलाना चाहूंगा- बिनय न मानत जलधि जड़ गए तीनि दिन बीति। बोले राम सकोप तब भय बिनु होइ न प्रीति। उन्होंने इस बयान के साथ पड़ोसी मुल्क के साथ-साथ पूरी दुनिया को कड़ा संदेश दिया। भारतीय सेना दहशतगर्दों के पनाहगाह पाकिस्तान को क्या संदेश देना चाह रही है? क्या पड़ोसी देश के अलावा भारत पूरी दुनिया को संदेश दे रहा है। इन सवालों पर एयरमार्शल एके भारती ने रामचरितमानस की पंक्तियों का उल्लेख किया और कहा कि समझदार को इशारा ही काफी है। एयरमार्शल भारती ने रामचरितमानस की पंक्तियों का उल्लेख किया और कहा कि जब राम समुद्र तट पर उपासना और प्रार्थना कर रहे थे वहां तुलसीदास ने लिखा है- विनय न मानत जलधि जड़ गए तीन दिन बीत बोले राम सकोप तब.. भय बिनु होइ न प्रीत। तीनों सेनाओं के डीजी ने कई नए खुलासे किए।

- एयर मार्शल भारती ने पाक को पढ़ाया रामचरितमानस का पाठ

**भारत-पाक डीजीएमओ की बातचीत**

### बॉर्डर पर न चले गोली, घटाई जाए सैनिकों की संख्या

भारत और पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशकों ने सोमवार को 'शत्रुतापूर्ण' सैन्य कार्रवाइयों से बचने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया और सीमा व अग्रिम क्षेत्रों से अपने-अपने सैनिकों की संख्या में कमी लाने के लिए तत्काल कदम उठाने पर सहमति जाहिर की। दोनों अधिकारियों ने 'हॉटलाइन' पर हुई बातचीत में दोनों पक्षों की ओर से गोलीबारी नहीं करने या एक-दूसरे के खिलाफ कोई आक्रामक और शत्रुतापूर्ण कार्रवाई से बचने की प्रतिबद्धता को कायम रखने पर ध्यान केंद्रित किया। दोनों देशों के डीजीएमओ द्वारा हुई यह बातचीत लगभग 45 मिनट तक चली।



### तिरंगा यात्रा निकालेगी भाजपा

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद मंगलवार यानी 13 मई से 23 मई तक देशभर में 11 दिवसीय 'तिरंगा यात्रा' शुरू करेगी। पार्टी सूत्रों ने बताया कि अभियान का स्वर अत्यधिक राजनीतिक नहीं होगा।

**श्रेय लेने की दौड़ में फिर कूदे ट्रंप**


### कहा- हमने भारत-पाक के बीच रोकी परमाणु जंग

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को भारत पाकिस्तान सीजफायर को लेकर कहा कि हमने दो परमाणु शक्तियों के बीच संघर्ष रोक दिया है। अमेरिका ने भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम कराने में मदद की है। मुझे लगता है कि यह स्थाई युद्ध विराम होगा। ट्रम्प ने कहा कि दोनों देशों के पास बहुत सारे परमाणु हथियार हैं। मैंने उनसे कहा कि आप रुकेंगे तो हम भी व्यापार करेंगे। मेरी सरकार ने सीजफायर में मदद की है। ये संघर्ष नहीं रुका तो हम व्यापार नहीं करेंगे। मैंने कहा कि चलिए इसे रोकते हैं।



## खबर संक्षेप

### 'चेक-इन' बैग से 30 लाख के आभूषण चोरी



**नई दिल्ली।** बेंगलुरु के एक दंपति ने दावा किया है कि दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनके 'चेक-इन' बैग से करीब 30 लाख रुपए मूल्य के आभूषण और 30 हजार रुपए नकद चोरी हो गए। दंपति ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

### सारंगी को भारतीय सौर ऊर्जा निगम का प्रभार



**नई दिल्ली।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा सचिव संतोष कुमार सारंगी को भारतीय सौर ऊर्जा निगम के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वह नियमित पदाधिकारी की नियुक्ति या अगले आदेश तक यह जिम्मेदारी संभालेंगे।

### एसयूवी-कार की टक्कर 3 भाइयों समेत 5 की मौत



**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद जिले के धोलेरा कस्बे के निकट एसयूवी की एक कार से टक्कर हो जाने से तीन भाइयों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना दोपहर करीब तीन बजे संधेड़ा गांव के पास हुई। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में तीन लोग घायल भी हुए हैं।

### लारी से टकराई कार तीन की गई जान



**चित्रदुर्ग।** कर्नाटक के होलालकेरे के पास सोमवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई।यह हादसा उस समय हुआ, जब उनकी कार एक लॉरी से टकरा गई। यह परिवार आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले से उडुपी जा रहा था। हादसा मंगलवार तड़के करीब चार बजे हुआ।

### हरियाणा में पकड़े गए 39 बांग्लादेशी नागरिक



**चंडीगढ़।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बीच हरियाणा में पुलिस ने 39 बांग्लादेशी नागरिक पकड़े हैं। ये सभी गैरकानूनी तरीके से हिसार के हांसी में रह रहे थे। पकड़े गए लोगों में 14 पुरुष, 11 महिलाएं और 14 बच्चे शामिल हैं।

## निवेशक मालामाल, एक ही दिन में पूंजी बढ़ गई 16.15 लाख करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजार में एक कारोबारी सत्र की सर्वाधिक करीब चार प्रतिशत की जोरदार बढ़त होने से सोमवार को निवेशकों की संपत्ति में 16.15 लाख करोड़ रुपए का जबर्दस्त इजाफा देखने को मिला। बीएसई के मानक सूचकांक सेंसेक्स में 2,975.43 अंक की जबर्दस्त तेजी देखी गई, जबकि एनएसई निफ्टी ने 916.70 अंक की बड़ी छलांग लगाई। मझोली कंपनियों के मिडकैप सूचकांक में भी 3.85 प्रतिशत की जोरदार तेजी देखी गई।

- सीजफायर के बाद झूमा बाजार



### भारत और पाक की सहमति का असर

विश्लेषकों ने कहा कि पाकिस्तान के साथ जारी तनाव कम करने के लिए दोनों देशों के बीच सहमति बनने से निवेशकों के बीच सकारात्मक धारणा बनी। इसके अलावा अमेरिका और चीन के बीच सीमा शुल्क संबंधी समझौते की घोषणा से भी निवेशक उत्साहित हुए।

### सेंसेक्स 2975.43 निफ्टी 916.70 अंक उछला

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 2,975.43 अंक यानी 3.74 प्रतिशत बढ़कर सात महीने से अधिक के उच्चस्तर 82,429.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 3,041.5 अंक बढ़कर 82,495.97 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी 916.70 अंक के साथ 24,924.70 अंक पर बंद हुआ।

**वर्ष 2011 में पदार्पण करने के 14 साल बाद कहा- 'यह आसान नहीं'**

## टेस्ट में 'विराट युग' का अंत, 'किंग' कोहली का संन्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत के सफलतम टेस्ट कप्तान और पिछले एक दशक से भारतीय बल्लेबाजी की धुरी रहे विराट कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। इससे टी20 के दौर में भी पारंपरिक क्रिकेट के संकटमोचकों में शुमार इस महान खिलाड़ी के इस प्रारूप में सुनहरे कॅरियर पर विराम लग गया। 36 वर्षीय कोहली ने पिछले साल ही टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया था। अब वह सिर्फ एक दिवसीय क्रिकेट खेलेंगे। उन्होंने भारत के लिए 123 टेस्ट मैच खेले हैं ▶▶|शेष पेज 7 पर

### चौथे सबसे सफल कप्तान

वर्ष 2011 में पदार्पण करने के बाद से कोहली ने भारत को इस प्रारूप में दुनिया की नंबर एक टीम बनाया और 2018-19 में ऑस्ट्रेलिया में ऐतिहासिक श्रृंखला जीत दिलाई।

### ठोके 7 दोहरे शतक

दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने सात दोहरे शतकों के साथ इस प्रारूप के दिग्गज के रूप में अपनी पहचान बनाई जो किसी भारतीय खिलाड़ी के लिए सबसे अधिक है।

### यह आसान नहीं लेकिन सही

कोहली ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर घोषणा की, 'मैं खेल के लिए, जिन लोगों के साथ मैदान में खेला और हर उस व्यक्ति के लिए दिल में आभार लेकर जा रहा हूं जिसने मुझे इस खेल के दौरान खेलते हुए देखा है। टेस्ट क्रिकेट में पहली बार 14 साल पहले 'बैगी ब्लू' पहनी थी। सच कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह प्रारूप मुझे किस सफर पर ले जाएगा।



**टेस्ट कॅरियर**

| | |
|---|---|
| 9230 | रन |
| 254* | सर्वोच्च |
| 30 | शतक |
| 31 | अर्धशतक |
| 123 | मैच |
| 210 | पारी |
| 46.85 | औसत |

मोर आवास मोर अधिकार

सुशासन तिहार 2025








प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी बिलासपुर में प्रधानमंत्री आवास की चाबी सौंपते हुए

मुख्य अतिथि
**श्री शिवराज सिंह चौहान जी**
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास एवं कृषि व किसान कल्याण, भारत सरकार

अध्यक्षता
**श्री विष्णु देव साय जी**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

# सशक्त गांव, समृद्ध छत्तीसगढ़

## लोकार्पण, वितरण एवं सम्मान समारोह

### प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)

### 51,000 हितग्राहियों का गृह प्रवेश

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

सरगुजा संभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान तहत जिला-सरगुजा, जशपुर एवं बलरामपुर की कुल 24 बसाहटों हेतु

**21 सड़क, लंबाई 58.96 कि.मी. I राशि 4141.94 लाख**

**13 मई 2025 I दोपहर 01:00 बजे से**
**स्थान : शासकीय पी.जी. कॉलेज मैदान, अम्बिकापुर**

## अन्य मंचीय कार्यक्रम

- प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत वर्ष 2025-26 हेतु अतिरिक्त लक्ष्य आबंटन
- अमृत सरोवर पोर्टल, ऑब्ज़र्वेटरी एवं एप्लिकेशन का लोकार्पण
- GIZ INDIA एवं IIT DELHI द्वारा अमृत सरोवर पर इम्पैक्ट असेसमेंट स्टडी की रिपोर्ट सौंपना
- दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना 2.0 के परियोजना दिशा-निर्देशों का लोकार्पण
- पीएम आवास योजना (ग्रामीण) एवं पीएम जनमन के अंतर्गत स्वीकृत आवासों का भूमिपूजन एवं स्वीकृति पत्र वितरण
- महिला स्वयं सहायता समूहों को निर्माण सामग्री की किट का वितरण
- उत्कृष्ट कार्य करने वाली कैडर दीदी एवं लखपति दीदियों का सम्मान

**आइए, छत्तीसगढ़ की इस विकास यात्रा के साक्षी बनें।**

ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

रायपुर
**मंगलवार, 13 मई 2025**
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा
वर्ष : 23, अंक : 295
पृष्ठ : 12+4+4+8 = 28 मूल्य : 5 .00**

**मौसम**
अधि. 41.0
न्यून. 29.1

# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## आईपीएल 17 से फिर होगा शुरू, तीन जून को फाइनल



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग का मौजूदा सत्र 17 मई से छह स्थानों पर फिर से शुरू करने का फैसला किया जिसमें संशोधित कार्यक्रम के अनुसार फाइनल तीन जून को होगा। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार लीग मैचों के लिए छह स्थान बेंगलुरु, जयपुर, दिल्ली, लखनऊ, अहमदाबाद और मुंबई होंगे।

# दसवीं में खराब नतीजों में मरवाही अव्वल, दूसरे स्थान पर रायपुर, बारहवीं में मनेंद्रगढ़ सबसे कमजोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बीते सप्ताह दसवीं-बारहवीं के परीक्षा परिणामों की घोषणा कर दी गई है। इसके साथ ही माशिम ने जिलेवार परिणाम भी जारी कर दिए हैं। दसवीं-बारहवीं में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत बीते वर्षों से अच्छा रहा है, लेकिन जिलेवार प्रदर्शन में रायपुर ही पिछड़ गया है। इस बार दसवीं कक्षा में सबसे अच्छे परिणाम दंतेवाड़ा के रहे हैं। यहां 94.45% छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। ▶▶|शेष पेज 7 पर

**खास खबर**

### अतिशेष शिक्षकों के बाद भी अच्छे परिणाम नहीं दे सकी राजधानी

#### दसवीं में 66.24% ही हो सके उत्तीर्ण

राजधानी रायपुर में दसवीं की परीक्षा में 27 हजार 633 छात्र शामिल हुए। इनमें से सिर्फ 66.24% ही पास हो सके हैं। हाईस्कूल में खराब प्रदर्शन के मामले में शीर्ष पर गोरेला-पेंड्रा-मरवाही है। यहां के 61.50% छात्र ही उत्तीर्ण हुए हैं। तीसरे पायदान पर 68.76% उत्तीर्ण छात्रों के साथ राजनांदगांव रहा है। इसी तरह बारहवीं कक्षा में सबसे खराब ▶▶|शेष पेज 7 पर

- दसवीं में सबसे अच्छे नतीजे रहे दंतेवाड़ा के, बारहवीं में जशपुर सर्वश्रेष्ठ



**ऐसा रहा है जिलों का प्रदर्शन**

#### कक्षा- दसवीं

बालोद-72.23%, बलौदाबाजार-81.69%, बेतेमरा-71.62%, धमतरी-72.01%, दुर्ग-71.53%, गरियाबंद-80.70%, कवर्धा-77.42%, महासमुंद-78.33%, रायपुर-66.24%, राजनांदगांव-68.76%, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई-70.40%, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी-92.43%, बिलासपुर- 75.60%, जांजगीर-चांपा-71.98%, कोरबा-74.49%, मुंगेली-69.17%, रायगढ़-78.63%, गोरेला-पेंड्रा-मरवाही-61.50%, सक्ती-73.74%, सारंगगढ़-70.53%, ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### कक्षा- बारहवीं

बालोद-77.62%, बलौदाबाजार-86.51%, बेतेमरा-80.65%, धमतरी-81.56%, दुर्ग-82.96%, गरियाबंद-90.17%, कवर्धा-82.94%, महासमुंद-84.08%, रायपुर-79.94%, राजनांदगांव-82.25%, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई-85.31%, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी-90.11%, बिलासपुर-82.87%, जांजगीर-चांपा-72.45%, कोरबा-80.31%, मुंगेली-77.99%, रायगढ़-83.54%, गोरेला-पेंड्रा-मरवाही-68.27%, सक्ती-78.33%, सारंगगढ़-68.09%, बीजापुर-80.35%, दंतेवाड़ा-87.66%, ▶▶|शेष पेज 7 पर

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### सांसद 18 को श्रीहरिकोटा से पृथ्वी उपग्रह का प्रक्षेपण देखेंगे

**नई दिल्ली।** भारत श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से एक पृथ्वी इमेजिंग उपग्रह प्रक्षेपित करेगा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर संसद की स्थायी समिति में शामिल सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल 18 मई को सुबह पांच बजकर 59 मिनट पर उपग्रह प्रक्षेपण देखेंगे।

### होलकर स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी

**इंदौर।** मप्र क्रिकेट संघ के इंदौर स्थित होलकर स्टेडियम को बम से उड़ाने की नई धमकी मिली है। पुलिस ने सोमवार को स्टेडियम को खाली कराते हुए इसके परिसर की जांच शुरू की। पिछले तीन दिन में यह दूसरी बार है, जब होलकर स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है।

*अवैध उत्खनन पर कार्रवाई करने गए थे पुलिसकर्मी*

# तस्करों के हौसले बुलंद : रेत माफिया ने ट्रैक्टर से कुचलकर पुलिस आरक्षक को मार डाला

हरिभमि न्यूज़ ▶▶| अंबिकापुर

बलरामपुर जिले में रेत तस्करों के हौसले इस कदर बुलंद है कि अब वे पुलिसकर्मियों पर भी हमला करने से नहीं डर रहे हैं। बीती रात सनावल के लिबरा में कनहर नदी से अवैध रेत उत्खनन पर कार्रवाई करने पहुंचे एक आरक्षक को रेत तस्कर ने ट्रैक्टर से कुचल दिया। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल आरक्षक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां आरक्षक को मृत घोषित कर दिया गया। इस घटना के बाद पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया है।

घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। इसके साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसपी के नेतृत्व में कार्रवाई जारी है। इधर, इस मामले में आईजी ने थाना प्रभारी दिव्यकांत पांडेय को निलंबित करने का आदेश दे दिया है। बताया जा रहा है कि सोमवार की देर रात ▶▶|शेष पेज 7 पर

### पीएम के बाद शव परिजन के सुपुर्द


बताया जा रहा है कि क्षेत्र के ग्राम धमनी निवासी आरक्षक 43 वर्षीय शिव बचन सिंह सनावल थाने में पदस्थ था। देर रात पुलिसकर्मियों द्वारा आरक्षक के मौत की खबर परिजन को दी गई जिसके बाद परिजन के साथ ही बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे थे। इस घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है।

*बलरामपुर जिले के सनावल अंतर्गत लिबरा की घटना*



*थाना प्रभारी दिव्यकांत पांडेय निलंबित*





### कार्रवाई के बाद छोड़ा गया ट्रैक्टर

बताया जा रहा है कि क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन का कार्य विगत चार महीने से जोरों पर है और बाहरी लोग आकर नदियों से रेत निकाल रहे हैं और तस्करी कर। रहे है। इसकी शिकायत लगातार की जा रही है। शिकायत के बाद शनिवार को थाना प्रभारी द्वारा तीन ट्रैक्टर को जब्त किया गया लेकिन रविवार को उन ट्रैक्टर को छोड़ दिया गया। इस सांठगांठ के कारण ही रेत माफियाओं के हौसले बुलंद है। यदि जब्त ट्रैक्टर को छोड़ा नहीं जाता तो तस्कर इस तरह की हिम्मत नहीं जुटा पाते।

### चल रही जांच

*वन विभाग के साथ सनावल पुलिस की टीम अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई करने गई थी। इस घटना में आरक्षक की मौत हो गई है। इस मामले में आरोपियों पर कार्रवाई के लिए जांच चल रही है। लापरवाही के लिए सनावल थाना प्रभारी को निलंबित किया गया है और सभी थाना प्रभारियों को निर्देश है कि अवैध उत्खनन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। लापरवाही मिलने पर उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।*

*-दीपक झा, आईजी, सरगुजा*

### सामान्य व्यक्ति की तरह किया गया अंतिम संस्कार

रेत माफिया द्वारा ट्रैक्टर से कुचलकर आरक्षक की हत्या से क्षेत्र के लोगों में आक्रोश है। बड़ी बात यह है कि आरक्षक की मौत ड्यूटी के समय हुई थी और उसका अंतिम संस्कार भी ससम्मान किया जाना चाहिए था। इस मामले में क्षेत्र के नागरिक और जनप्रतिनिधि संतोष यादव का कहना है कि आरक्षक की मौत ड्यूटी के समय हुई लेकिन उनका अंतिम संस्कार एक आम नागरिक की तरह किया गया। इस दौरान सिर्फ एक तहसीलदार मौके पर ▶▶|शेष पेज 7 पर

**7 माह पूर्व बड़े भाई की हत्या**

# नक्सलियों ने की सोसाइटी संचालक और कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने कांग्रेस कार्यकर्ता व सोसायटी संचालक को रविवार को देर रात मौत के घाट उतार दिया है। इससे 7 माह पूर्व उनके बड़े भाई की भी नक्सलियों ने हत्या कर दी थी। घटना के बाद इलाके में दहशत व्याप्त है। वहीं नक्सलियों द्वारा थाना पामेड़ क्षेत्र के ग्राम



कंचाल एंव मीनागटटा इलाके में भी ग्रामीणों की हत्या की खबर आ रही है। बताया जा रहा है कि नक्सलियों की स्मॉल एक्शन टीम ने उसूर थाना के मारूडबाका इलाके में कांग्रेस कार्यकर्ता की निर्मम ▶▶|शेष पेज 7 पर

### कंचाल एवं मीनागटटा इलाके में भी ग्रामीणों की हत्या की खबर

*मारूडबाका सोसायटी संचालक नागा भण्डारी की कुल्हाड़ी से मारकर की हत्या की खबर है जो सामाजिक कार्यक्रम मे शामिल होने लिंगापुर गये हुए थे। पीएम बाद ससम्मान शव परिजनों को सौंप वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। सूचना मिली है कि थाना पामेड़ क्षेत्र के ग्राम कंचाल व मीनागट्टा के कुछ ग्रामीणों की भी नक्सलियों ने हत्या की है जिसकी तस्दीक की जा रही है।*

*- सुंदरराज पी, आईजी बस्तर*





# रायपुर के खरोरा में 13 लोगों की मौत के बाद भी नहीं बदले हालात

## सामान की तरह लोगों को भरकर दौड़ती रहीं गाड़ियां



**हरिभूमि न्यूज / रायपुर।** छत्तीसगढ़ में माल वाहक गाड़ियां अब यमदूत बनकर घूम रही हैं। जो गाड़ियां सामग्री भरकर ले जाने-लाने के लिए हैं, उनमें अब लोगों को भरा जा रहा है। रायपुर जिले के खरोरा क्षेत्र में हुई भीषण सड़क दुर्घटना में एक मालक वाहक पर सवार 13 लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना बयां करती है कि माल वाहकों में क्षमता से ज्यादा लोगों को सामग्री की तरह लादा जा रहा है, जिसके कारण ऐसी दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिसमें लोगों की जानें भी जा रही हैं। खरोरा में हुई यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी प्रदेश के कई जिलों में इस तरह की कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन इसके बाद भी पुलिस और परिवहन विभाग ने अब तक इन घटनाओं को गंभीरता से नहीं लिया है और न ही अब तक किसी माल वाहक मालिक व चालक के विरुद्ध कोई बड़ी कार्रवाई या फिर माल वाहक में लोगों को भरकर ले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

राजनांदगांव

### खतरनाक सवारी, बारात चौथिया में भी हो रहा उपयोग



राजनांदगांव जिले में भी माल वाहकों एवं कृषि उपयोगी वाहनों का धड़ल्ले से सवारी भरने के लिए उपयोग में लाया जा रहा है। बारात चौथिया आने-जाने के लिए भी लोग इसका उपयोग करने लगे हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इन दिनों शहर सहित ग्रामीण इलाकों में वैवाहिक आयोजनों का क्रम जारी है। खासकर ग्रामीण इलाकों में बारात चौथिया आने-जाने के लिए माल वाहकों, कृषि उपयोगी वाहनों का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है। माल वाहकों में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सवार होकर खतरनाक तरीके से सवारी कर रहे हैं। आलम यह है कि छोटे माल वाहकों में भी लोग जान जोखिम में डालकर गंतव्य स्थान जाने के लिए सवारी करने लगे हैं, जिससे दुर्घटनाएं होने की आशंका बनी रहती है।

### मालवाहक मालिकों को पुलिस कार्रवाई का डर नहीं

नवापारा-राजिम के समूचे क्षेत्र में इन दिनों शादियां हो रही हैं। बारात और चौथिया के लिए यात्री बसों की जगह छोटे-बड़े मेटाडोर, छोटा हाथी और ट्रैक्टर का खुलकर उपयोग किया जा रहा है। भीषण गर्मी के बावजूद लोग खुली गाड़ियों में बारात और चौथिया जा रहे हैं। सोमवार शाम 5:35 बजे गरियाबंद की ओर जाने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक से चंद कदम आगे चालक ने बस स्टैंड पर रोका। इस मालवाहक छोटे हाथी में लगभग 35 लोग सवार थे। क्षमता से ज्यादा लोगों को बिठाकर वाहन में ले जाने के कारण ही दुर्घटना होती है। इस तरह की घटना होने के बाद भी वाहन के मालिक के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होती, जिसके कारण उन्हें पुलिस का भी डर नहीं है।




### सवारी गाड़ियों में सामान और मालवाहकों में लोग




रायपुर जिले के शहरी क्षेत्र में एक ओर जहां सवारी वाहन यात्री बस, ऑटो रिक्शा, ईरिक्शा आदि गाड़ियों में जहां अब सामान पहुंचाने का काम किया जा रहा है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बारात, चौथिया से लेकर अन्य कई धार्मिक, राजनीतिक कार्यक्रम, जनसभा में मेटाडोर, छोटा हाथी, ट्रैक्टर ट्राली जैसी गाड़ियों में लोगों को सामान की तरह ठूंस ठूंस भरकर ले जाया जाता है। कई माल वाहकों में लोगों को एक से दूसरे जिले और राज्य भी ले जाया जाता है।

### नियमों को ताक पर रखकर मालवाहक में ढोए जा रहे हैं यात्री

**बेमेतरा** जिले के भी ग्रामीण क्षेत्रों में लोग आवाजाही करने के लिए जीप, कार, बस जैसे साधनों के बजाए छोटे माल वाहक तथा ट्रैक्टर ट्राली का उपयोग करते हुए बेधड़क सड़कों पर नियमों को ताक पर रखकर दुर्घटना को न्योता दे रहे हैं। प्रशासन भी एक तरह बेखबर रहते हुए नजर अंदाज कर रहा है। यातायात पुलिस ऐसे माल वाहक जिसमें यात्री ढोए जा रहे हैं, उनसे चालान काट बाकायदा फोटो सेशन कर उन्हें गंतव्य की ओर जाने दे रहे हैं। यह नजारा जिले की आम सड़कों के साथ ही नेशनल हाईवे पर हर रोज देखा जा सकता है। इस तरह नियमों को ताक पर रखकर माल वाहकों में लोगों को ढोया जा रहा है।




### मालवाहक में मौत का सफर, दो की मौत

धमतरी जिले में भी माल वाहकों में लोगों का परिवहन खतरनाक होने के बाद भी लगातार जारी है। खरोरा की घटना की तरह धमतरी में भी मालवाहक पिकअप पलटने से दो कमार महिलाओं की मौत हो गई है। मालवाहक वाहन पिकअप, मेटाडोर, ट्रक में सफर करना हमेशा खतरनाक माना गया है। विशेषकर ग्रामीण अंचल के लोग पैसा बचाने शादी में बाराती, चौथिया, छट्ठी कार्यक्रमों में मालवाहक वाहनों में सफर करते हैं जो कि सवार लोगों के लिए काफी खतरनाक साबित होता है। लोगों से ठसाठस भरे मालवाहक वाहन अक्सर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं, लेकिन लोग खर्च बचाने के चक्कर में अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं।

### मालवाहकों में ढोए जा रहे यात्री

दुर्ग जिले में भी मालवाहकों का यात्रियों को ढोने में धड़ल्ले से उपयोग हो रहा है।




जनवरी से अब तक ऐसे मामलों में 113 मालवाहकों पर कार्रवाई हो चुकी है, बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से मालवाहकों का उपयोग हो रहा है। बारात, चौथिया आने-जाने के लिए मालवाहकों, ट्रैक्टरों का ही उपयोग किया जा रहा है। इसकी वजह से लगातार हादसे सामने आ रहे हैं। दुर्ग जिले में पिछले 10 सालों में 15 से ज्यादा बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं, जिसमें 40 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। इसके बावजूद इसे लेकर अब तक पुलिस और परिवहन विभाग गंभीर नहीं है।

### बन रहा मौत का सफर

## मालवाहकों में भेड़ बकरियों की तरह ठूंसे जा रहे लोग



बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़ अंबिकापुर, कोरिया जांजगीर-चांपा।
बिलासपुर व सरगुजा संभाग में मालवाहक वाहनों पिकअप, ट्रैक्टर और छोटा हाथी में लोगों को भेड़-बकरियों की तरह ठूंसे जा रहे हैं। बार-बार होने वाले हादसों के बावजूद, लोग सबक नहीं लेते हैं। मालवाहकों में सवारी ढोने का सिलसिला जारी है। कमोबेश यही हालत बिलासपुर, बैकुंठपुर, अंबिकापुर, रायगढ़, कोरबा, जांजगीर-चाम्पा जिलों में आम हो गया है। जिस वाहन में घर के फर्नीचर व अन्य सामानों का परिवहन होना चाहिए, उसमें लोगों को बैठा कर सवारी बनाया जा रहा है। वर्तमान में वैवाहिक कार्यक्रमों में यह अत्यधिक देखने को मिल रहा है। खासतौर ग्रामीण इलाकों में यह दृश्य देखने को मिलता है। बताया जाता है कि मालवाहक वाहनों में ज्यादा लोग भी आते हैं और इसका किराया भी कम पड़ता है। जबकि कार या जीप आदि में इससे अधिक किराया



लगता है। यही वजह है कि कम पैसे में अधिक लोगों को किसी शासकीय या वैवाहिक कार्यक्रम के लिए मालवाहक वाहनों का उपयोग किया जाता है। मालवाहक वाहनों में अक्सर उच्च गुरुत्वाकर्षण केन्द्र होता है। जब इसके पीछे के हिस्से में अधिक लोगों को बैठाया जाता है तो इसका पिछला हिस्सा अगले हिस्से के मुकाबले दब जाता है। जिसकी वजह से वाहन के अनियंत्रित होने की संभावना बढ़ जाती है।

### खबर संक्षेप

#### घूमने आई बच्ची गिरी 150 फीट गहरी खाई में, बाल-बाल बची

**डांडगांव/अंबिकापुर।** सूरजपुर जिले के भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम डुमरिया निवासी 11 वर्षीया बेबी राजवाड़े आ. तुलेश्वर राजवाड़े सोमवार को अपने परिवार के सदस्यों के साथ रामगढ़ पहाड़ी घूमने और मंदिर दर्शन करने के लिए आई हुई थी। इस दौरान बच्ची और उसके परिजन सुबह 9 बजे रामगढ़ पहाड़ के चंदनमाटी स्थित तालाब के पास घूम रहे थे। बच्ची ने अपने हाथ नारियल रखी हुई थी। संभवतः नारियल देखकर ही बंदरों ने बच्ची पर हमला किया। इस दौरान बंदरों से बचने के लिए बच्ची पीछे हटी तो वह सीधे लगभग 150 फीट गहरे खाई में गिर गई। गनीमत रही की बच्ची झाड़ियों और पेड़ की बेलों से फंसते हुए नीचे गई जिससे उसकी जान बच गई लेकिन वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद रामगढ़ समिति और स्थानीय लोगों द्वारा एसडीआरएफ की टीम के साथ मिलकर रेस्क्यू अभियान चलाया गया। इस दौरान लगभग 3 घंटे तक कड़ी मशक्कत के बाद बच्ची को निकाला गया।


#### 7.5 लाख की ठगी करने वाला पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** ऑनलाइन ठगी करने वाले को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 318(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि 140 बी, मैत्री विहार कोहका भिलाई निवासी खिलेश्वरी उर्फ पिंकी ने शिकायत किया। जिसमें आरोपी ग्राम परसदा साहू पारा पोस्ट डंगनिया बालोद निवासी देवर योभिजीत साहू ने नगदी व ऑनलाईन 7 लाख 50 हजार रुपए की ठगी किया। फरार आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई थी। तकनीकी सहायता से आरोपी योभिजीत साहू के बारे में जानकारी मिली। जिसे सुरगी, राजनांदगांव से घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। पूछताछ पर आरोपी योभीजीत ने स्वीकार किया कि ऑन लाईन ट्रेडिंग गेम का झांसा देकर घटना को अंजाम दिया।

### 11 शव परिजनों के सुपुर्द

## सबसे बड़े एंटी नक्सल ऑपरेशन में मारे गए 20 नक्सलियों की हुई शिनाख्त





**हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर/बीजापुर**

नक्सलियों के खिलाफ फोर्स द्वारा चलाए जा रहे संकल्प अभियान और सबसे बड़े एण्टी नक्सल ऑपरेशन के दौरान अब तक लाखों रूपए के ईनामी 26 नक्सलियों को ढेर किया जा चुका है। मारे गए 20 नक्सलियों की शिनाख्त हो चुकी है। इनमें 11 के शव परिजनों के सुपुर्द किया है। शेष शवों को सौंपने परिजनों का इंतजार किया जा रहा है।

करेंगुट्टा संकल्प अभियान में अब तक 26 शव बरामद किया जा चुका है। पिछले कई दिनों से छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर करेगुट्टा पहाड़ियों के पास नक्सल विरोधी अभियान चलाया जा रहा है और हमें बड़ी सफलता मिली है। अब तक 26 नक्सलियों के शव मिल चुके हैं। अभियान के तहत 24 अप्रेल को 3, 5 मई को 1 तथा 7 मई को 22 नक्सलियों के शव व भारी मात्रा में हथियार बरामद किया जा चुका है। नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन लगातार जारी है। छग और तेलंगाना की सीमा पर स्थित करेंगुट्टा पहाड़ पर सुरक्षाबलों के जवानों द्वारा ऑपरेशन संकल्प अभियान के तहत नक्सलियों को करारा जवाब दे रहे थे। नक्सलियों की घेराबंदी के बाद अब तक की सबसे बड़े एंटी नक्सल ऑपरेशन में जवानों ने 26 नक्सलियों को ढेर कर दिया है और यह संख्या अभी और बढ़ सकती है। जवानों द्वारा 5 हजार फीट उचीं करेंगुट्टा की दुर्गम पहाड़ियों को चारों ओर से घेरकर नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन चलाया जा रहा है। बीते 21 अप्रेल को नक्सलियों के खिलाफ सबसे बड़ा एंटी नक्सल ऑपरेशन शुरू किया गया था। इस अभियान के दौरान अब तक 2 सौ से अधिक आईईडी बरामद कर निष्क्रिय किया जा चुका है। वहीं मुठभेड़ों के दौरान नक्सलियों के शवों के अलावा भारी मात्रा में हथियार व गोला बारूद भी बरामद किया गया है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि करेंगुट्टा मुठभेड़ में मारे गए 20 नक्सलियों की पहचान हो चुकी है। इनमें 11 शव परिजनों को सौंपे जा चुके है। सुरक्षा बलों द्वारा इस मुठभेड़ के बाद बरामद किए गए शवों में से 11 की पहचान की पुष्टि हो चुकी है। पोस्टमार्टम तथा कानूनी औपचारिकताओं के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। शेष 9 शवों की पहचान की प्रक्रिया व शव परिजनों को सुपुर्द करेंगे।

#### मुठभेड़ में मारे गए माओवादी 1 करोड़ से अधिक के ईनामी

मुठभेड़ में मारे गए माओवादियों की शिनाख्त हो चुकी है जिन पर 1 करोड़ से अधिक का ईनाम घोषित था। इस मुठभेड़ को हाल के वर्षों की सबसे बड़ी कार्रवाइयों में से एक माना जा रहा है जिसमें दर्जनों नक्सली मारे गए और बड़ी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद बरामद किया गया है। सुरक्षा बलों ने करेंर्गुट्टा इलाके में एक बड़े नक्सल विरोधी अभियान के तहत तलाशी अभियान चलाया। करीब 20 दिन तक चले इस ऑपरेशन में अब तक कुल 26 से अधिक नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की जा चुकी है। जिनके नामों व ईनाम की राशि का खुलासा 14 अप्रैल को बीजापुर में प्रेसवार्ता कर दी जाएगी।

## ग्रामीण पर हमला कर किया घायल, रेस्क्यू के दौरान तेंदुए की मौत



**हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर**

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के रिसगांव कोर परिक्षेत्र की मासुलखोई बीट अंतर्गत एक घायल तेंदुए ने सुबह लगभग 11:30 बजे खेत की झोपड़ी में सो रहे ग्रामीण रंजीत नेताम पिता बुधु राम उम्र 55 वर्ष पर हमला कर घायल कर दिया जिससे उनके चेहरे पर चोट आई। हमले के बाद तेंदुआ झोपड़ी के सामने ही बैठ गया। सूचना पर ड्रोन कैमरा से निगरानी करने के बाद घायल तेंदुआ को जाल से पकड़ा गया। रेस्क्यू के लिए जंगल सफारी के डॉक्टर जय किशोर जडिया, उपनिदेशक वरुण जैन एवं 15 स्टाफ मौजूद थे। तेंदुआ चलने में असमर्थ था एवं ड्रोन से देखने पर एवं उसकी गर्दन के पीछे घाव दिखाई दिया। जिसके बाद उसे उठाकर रेस्क्यू वाहन में रखा गया। रास्ते में ही तेंदुए ने दम तोड़ दिया।

#### पीठ पर मिले घाव के निशान

तेंदुआ के शव का परीक्षण करने से पता चलता है किसी अन्य तेंदुए के दांत के निशान उसकी पीठ पर थे। 5-7 दिन पुराना व 2 इंच का घाव से संभावना जताई जा रही है कि टेरिटरी के लिए आपसी संघर्ष हुआ होगा। मृत नर तेंदुए की उम्र लगभग 4 साल आंकी गयी है। शव विच्छेदन कल सुबह किया जाएगा जिससे तेंदुए की मौत के बारे में स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन चर्चा में बताया घायल तेंदुए को बचाने की भरसक प्रयास किया गया।

## रायपुर पहुंचे शिवराज, सरगुजा में आज सभा, प्रधानमंत्री आवास की देंगे सौगात

### मुख्यमंत्री साय, विस अध्यक्ष डा. रमन सिंह, दोनों डिप्टी सीएम, कई मंत्री, सांसद, विधायक रहेंगे सभा में

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंगलवार को सरगुजा के पीजी कॉलेज मैदान पर 12 बजे बड़ी सभा होगी। इस सभा में प्रदेश को साढ़े तीन लाख पीएम आवास की सौगात मिलेगी। इसी के साथ सरगुजा संभाग को और कई सौगातें भी मिलने की संभावना है। इस सभा की अध्यक्षता प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। सभा में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, प्रदेश के कई मंत्री सरगुजा संभाग के सांसद, विधायक, नगर निगम के महापौर, नगर पालिकाओं के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित प्रदेश भाजपा संगठन के पदाधिकारी भी रहेंगे। प्रदेश में भाजपा की सरकार के बनने के पहले भाजपा ने अपने घोषणापत्र में प्रदेश में पीएम आवास से वंचित 18 लाख को प्रधानमंत्री आवास देने का वादा किया था। प्रदेश में लगातार प्रधानमंत्री आवास का ऐलान हो रहा है और बनाए जा रहे हैं। केंद्र सरकार ने भी लगातार पीएम आवास की मंजूरी मिल रही है। प्रदेश को एक बड़ी सौगात साढ़े तीन लाख पीएम आवास की मिलने वाली है।





#### केंद्रीय योजना की करेंगे समीक्षा

केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार शाम रायपुर पहुंचे। मंगलवार की सुबह 10 बजे नया रायपुर सचिवालय में राज्य सरकार द्वारा कार्यान्वित केंद्रीय योजना की समीक्षा करेंगे। उसके पहले सचिवालय के क्षेत्र में श्री चौहान के हाथों पौधा रोपण किया जाएगा। तत्पश्चात केंद्रीय मंत्री श्री चौहान अंबिकापुर रवाना होंगे।

#### पीएम आवास का निर्माण भी देखने जाएंगे

सरगुजा के जिला भाजपा अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने बताया, केंद्रीय मंत्री की बड़ी सभा का आयोजन किया गया है। इसी के साथ उनके यहां पर कई और कार्यक्रम होंगे। सरोवर धरोहर के तहत श्री चौहान निड्रा खुर्द के सरोवर का दर्शन करने भी जाएंगे। इसी के साथ वे सरगुजा में बन रहे प्रधानमंत्री आवासों में से कुछ आवासों का भी अवलोकन करेंगे। सभा में वे हितग्राहियों को पीएम आवास की चाबियां भी सौंपेंगे।

#### सभा में ये होंगे शामिल

सभा में प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम, ओपी चौधरी, श्याम बिहारी जायसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद चिंतामणी महाराज, विधायक राजेश अग्रवाल. प्रबोध मिंज, रामकुमार टोप्पो, गोमती साय, रेणुका सिंह, भैयालाल राजवाड़े, शंकुतला पोर्ते, भूलन सिंह मरावी, रायमुनी भगत सहित कई निगम, मंडल के अध्यक्ष, महापौर, सभापति और जिला पंचायतों के अध्यक्ष शामिल होंगे।

### खरीफ-रबी के धान से तैयार किया गया चावल होता है एक्सपोर्ट

## एक्सपोर्टरों पर संकट, विदेशों में गिरा चावल का भाव, असर सरकारी धान नीलामी पर भी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

छत्तीसगढ़ से चावल का एक्सपोर्ट करना अब मिलरों के लिए भारी पड़ रहा है। वजह ये है कि विश्व बाजार में मंदी के कारण चावल के दामों में कमी आ गई है। कारोबारियों की मानें तो दो महीने पहले यहां से जाने वाले चावल की कीमत 35 सौ रुपए प्रति क्विंटल मिल रही थी, अब वह घटकर 2750 रुपए पर आ गई है। ये भी कहा जा रहा है कि इसका एक बड़ा असर छत्तीसगढ़ में 35 लाख मीट्रिक टन धान की नीलामी प्रक्रिया पर भी पड़ रहा है, इस धान की अच्छी कीमत नहीं मिल पा रही है। 1राज्य के चावल एक्सपोर्टर यहां से अपना चावल दक्षिण अफ्रीका भेजते हैं। वहां से यह चावल अन्य देशों में जाता है, लेकिन विश्व बाजार में बन रहे मंदी के माहौल की वजह से चावल की कीमतें गिर रहीं है। पिछले दो महीनों में कीमत में करीब साढ़े सात सौ रुपए क्विंटल की कमी आ गई है। रेट में कमी के कारण बताया गया है कि राज्य के मिलरों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। खबर ये भी है कि जो माल यहां से दक्षिण अफ्रीका भेजा जा रहा था, कीमत गिरने के कारण उसका उठाव वहां नहीं हो पा रहा है। इसकी वजह से मिलरों को अपना चावल वहां कम दाम पर बेचकर सेटलमेंट करना पड़ रहा है। मौजूदा हालात में मिलर अपने कारोबार के भविष्य को लेकर चिंतित हो रहे हैं।

#### धान की नीलामी में इसलिए मिल रही है कम कीमत



#### किसानों को भी नुकसान

एक्सपोर्टर-मिलरों की मानें तो चावल के दाम में आ रही कमी के कारण राज्य के किसानों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। जब एक्सपोर्टर को विदेश में चावल की कीमत कम मिल रही है तो जाहिर है किसान के धान की कीमत भी कम ही होगी।

#### धान नीलामी पर भी असर

जानकारों का ये भी कहना है कि विश्व बाजार में चावल की कीमत कम होने के कारण छत्तीसगढ़ में हो रही 35 लाख मीट्रिक टन धान की नीलामी की प्रक्रिया भी प्रभावित हो रही है। कहा जा रहा है कि एक्सपोर्ट में चावल की अच्छी कीमत मिल रही होती तो यहां मिलर नीलामी में अधिक कीमत देकर भी धान खरीदते, लेकिन अब उनके हाथ बंधे हुए हैं। वर्तमान में नीलाम हो रहे धान की कीमत 1750 से 1900 रुपए तक मिल रही है। यदि एक्सपोर्ट में चावल का रेट अच्छा मिलता तो यहां हो रही धान की नीलामी में भी 2300 रुपए क्विंटल का भाव मिल सकता था।

#### समाप्त हो एकल लायसेंस सिस्टम

रायपुर कृषि मंडी के पूर्व सदस्य एवं मिलर विजय शर्मा का कहना है, एकल लायसेंस के सिस्टम को भी समाप्त करना चाहिए। राज्य में छत्तीसगढ़ के रजिस्ट्रेशन की अनिवार्यता खत्म होनी चाहिए।



# जब वर्ष 1971 के युद्ध में पाकिस्तान की पनडुब्बी पीएनएस गाजी बनी शिकार

**नई दिल्ली।** 16 दिसम्बर 1971 को भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की और ढाका में 93000 पाकिस्तानी सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया था। इस जीत ने पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए और बांग्लादेश के रूप में एक नए देश का उदय हुआ। भारत और पाकिस्तान को अक्सर जमीन तक सीमित अभियान के रूप में देखा जाता है, लेकिन यह सिर्फ जमीन पर नहीं लड़ा गया था। इस युद्ध में भारतीय नौसेना ने भी अपनी श्रेष्ठता साबित की थी। भारतीय नौसेना के साहसिक अभियानों में पाकिस्तान की खतरनाक पनडुब्बी पीएनएस गाजी को डुबोना शामिल था, जिसने युद्ध को एक निर्णायक मोड़ दिया।

## समंदर पर साबित हुई थी भारत की बादशाहत



### पाकिस्तान के 93 नौसनिकों की हुई थी मौत

गाजी के डूबने के साथ पाकिस्तान नेवी के 10 अधिकारियों समेत 93 नौसैनिक मारे गए थे। पीएनएस गाजी के डूबने ने समुद्र पर भारत की बढ़त साबित की। इसके साथ ही भारतीय नौसेना ने ऑपरेशन ट्राइडेंट और पायथन चलाकर कराची के बंदरगाह को तबाह कर दिया था। भारतीय नेवी की कार्रवाई के बाद कराची पोर्ट कई दिनों तक जलता रहा था। 1971 युद्ध की जीत में भारतीय नौसेना की कार्रवाई की अहम भूमिका रही थी।




### भारतीय नौसेना का बनी शिकार

पाकिस्तानी नौसेना कमांड ने पीएनएस गाजी को विशाखापत्तनम में लक्ष्य की उपस्थिति की पुष्टि की। पीएनएस गाजी हमला करने के लिए बंदरगाह के पास पहुंची, लेकिन आईएनएस राजपूत पहले से तैयार था। उसने गाजी पर निशाना लगाते हुए दो डेप्थ चार्ज दागे।

### डूबने के बारे में कई थ्योरी

पाकिस्तानी नौसेना ने दावा किया कि पीएनएस गाजी कम्युनिकेशन विफलता के बाद एक आंतरिक विस्फोट के कारण डूबी थी, लेकिन व्यापक रूप से यह स्वीकार किया जाता है कि आईएनएस राजपूत ने गाजी के डूबने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। पीएनएस गाजी का डूबना पाकिस्तान के लिए बहुत बड़ा झटका थी।

## रोचक खबरें



## यहां हर लड़के को एक बार बनाते हैं संन्यासी, गहरे हैं राज

**बागेश्वर।** उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में सदियों पुरानी परंपराएं आज भी जीवंत हैं। बागेश्वर जैसे क्षेत्रों में पारंपरिक संस्कारों को बेहद गंभीरता से निभाया जाता रहा है। इन्हीं में से एक जनेऊ संस्कार है, जिसे उपनयन संस्कार भी कहा जाता है। ये संस्कार केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक दृष्टिकोण से भी जरूरी माना जाता है। पर्वतीय क्षेत्रों में इस संस्कार के साथ एक अनोखी परंपरा जुड़ी है। हर लड़के को जनेऊ संस्कार के दौरान एक बार के लिए संन्यासी भी बनाया जाता है। बागेश्वर के पंडित कैलाश उपाध्याय बताते हैं कि ये परंपरा केवल प्रतीकात्मक नहीं है, बल्कि इसके पीछे गहरी धार्मिक आस्था और जीवन-दर्शन है। माना जाता है कि जब लड़का संन्यासी का रूप धारण करता है, तो वह सांसारिक बंधनों से ऊपर उठकर शुद्धता और आध्यात्मिकता की ओर अग्रसर होता है। कुछ समय का संन्यास इस बात का संकेत है कि जीवन केवल भौतिक सुखों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें आध्यात्मिक उत्तरदायित्व भी हैं। स्थानीय बुजुर्गों का मानना है कि ये प्रक्रिया बच्चे को मानसिक रूप से परिपक्व और जिम्मेदार बनाती है। जनेऊ धारण करना स्वयं में एक बड़ा धार्मिक कदम होता है। ये लड़के के 'दूसरे जन्म'का प्रतीक है, जिसमें वो आध्यात्मिक, नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारियों के साथ जीवन की ओर बढ़ता है।


## शापित है चीन का यह रहस्यमयी गांव! वैज्ञानिक भी नहीं सुलझा पाए रहस्य

**बीजिंग।** दुनिया के कई रहस्यों से अभी तक पर्दा नहीं उठाया जा सका है। इनमें एक चीन का गांव भी शामिल है। चीन के गांव में दशकों से कुछ ऐसा होता आ रहा है, जिसकी वजह से लोग उसे शापित बताते हैं। शिचुआन प्रांत में यह शापित गांव है, जिसका नाम यांग्सी है। यांग्सी नाम के इस गांव में ज्यादातर आबादी छोटे कद की है। इस गांव में 50 फीसदी लोग बौने हैं। इन लोगों की लंबाई सिर्फ दो फीट से लेकर सिर्फ तीन फीट तक है। चीन के इस गांव में जन्म लेने वाले बच्चों की लंबाई पांच से सात साल की उम्र तक सामान्य रूप से बढ़ती है, लेकिन इसके बाद रुक जाती है। इनकी लंबाई दो फीट से लेकर तीन फीट 10 इंच तक ही रहती है। हालांकि, कुछ बच्चों की लंबाई 10 साल की उम्र तक बढ़ती है। इस गांव को आसपास के गांवों के लोग मानते हैं कि इस गांव पर किसी किसी बुरी शक्ति का साया है। इसके कारण यहां के लोगों की लंबाई नहीं बढ़ पाती है। दूसरी मान्यता है कि प्राचीन काल से ही यह गांव शापित है। इसका असर गांव पर दिखाई देता है। लोगों के बौने होने के पीछे क्या रहस्य है? दशकों बाद भी वैज्ञानिक रहस्य को नहीं सुलझा पाए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, गांव के बुजुर्गों ने बताया है कि दशकों पहले गांव में एक खतरनाक बीमारी फैली थी। बीमारी की वजह से इस गांव के बच्चों की लंबाई एक समय के बाद नहीं बढ़ती है।



## चैटजीपीटी ने की ऐसी चुगली, बीवी ने झट से दिया पति को तलाक

**एथेंस।** एक वक्त में लोग हर काम खुद ही करते थे, अब ज्यादा से ज्यादा कामों के लिए हम मशीनों पर निर्भर रहते हैं। सिर्फ शारीरिक मेहनत के लिए ही नहीं, बल्कि मानसिक कार्यों के लिए भी हम अब मशीन का सहारा लेता है। सोचने-समझने का काम भी धीरे-धीरे कम्प्यूटर ही करता जा रहा है। तभी तो चैटबोट और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की डिमांड न सिर्फ बढ़ रही है, बल्कि ये हमारी ज़िंदगी को काफी हद तक प्रभावित भी कर रहा है। आज एक ऐसी ही घटना हम आपको बताएंगे, जिसमें चैटजीपीटी ने महिला का घर ही तोड़ दिया। ग्रीस में रहने वाली एक महिला ने तो हद ही कर दी। चैटजीपीटी से लोग अपने छोटे-बड़े कामों में मदद लेते हैं। कई बार उससे कई सवालों के जवाब भी मांग लेते हैं लेकिन इस महिला ने तो चैटजीपीटी के कहने पर पति को तलाक दे दिया। हद तो ये हो गई कि चैटजीपीटी की छोटी सी ट्रिक के बाद उसने जो बताया, महिला ने उस पर आंख बंद करके यकीन कर लिया। पति को यकीन ही नहीं हुआ और पत्नी ने घर पर वकील बुलवाकर तलाक के कागज बनवा डाले। हाल ही ग्रीक टीवी के मॉर्निंग शो में एक शख्स आया, जिसने ये पूरा वाक्या बताया। उसने बताया कि चैटजीपीटी ने उसकी हंसती-खेलती ज़िंदगी में आग लगा दी। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक ट्रेंड चल रहा था, जिसमें कप में रखे कॉफी ग्राउंड्स का विश्लेषण करके चैटजीपीटी शख्स के बारे में कुछ बताता है। टैसियोग्राफी के इस मॉडर्न ट्विस्ट को इस शख्स की पत्नी ने भी ट्राई किया। उसने अपने और पति के लिए कॉफी डाली और इसकी फोटो खींचकर चैटजीपीटी से इसके विश्लेषण के लिए कहा।





# धरती पर ऐसी घटनाएं घटती हैं, जिनके बारे में मानव के लिए अंदाजा लगाना भी है मुश्किल

**वॉशिंगटन।** बेहद कम लोगों को पता होगा कि इंसान की तरह पृथ्वी की भी एक हार्टबीट यानी धड़कन है। पृथ्वी की यह धड़कन इंसान की तरह ही उसके जिंदा होने का सबूत है। एक अध्ययन में इस रहस्य का खुलासा हुआ है। कुछ साल पहले किए गए अध्ययन में कई नए खुलासे हुए थे। आइए जानते हैं कि आखिर क्या है रहस्य?

अगर पृथ्वी और इंसान के अस्तित्व की तुलना की जाती है, तो मानव जीवन इसके आगे कुछ भी नहीं है। पृथ्वी की भी एक जिंदगी है और एक दिमाग है जो एक प्रकृति है और यह उसी के हिसाब से बर्ताव भी करती है। वैज्ञानिकों ने कहा है कि धरती पर कई ऐसी घटनाएं घटती हैं जिनके बारे में मानव के लिए अंदाजा लगाना भी मुश्किल है। इसको नियंत्रित करने के बारे में किसी को सोचना भी नहीं चाहिए।

### कब आएगा प्रलय?

माइकल ने बताया है कि आकड़ों के मुताबिक, यह एक सामान्य भूगर्भीय प्रक्रिया है जो अचानक घटती है। कई भूगर्भीय हलचलों का एक दूसरे से संबंध



होता है। जब सभी क्रम एक साथ जुड़ते हैं, तब उस समय धरती का दिल धड़कता है। यह उसी तरह है जैसे किसी इंसान की सांस अटक जाए और वह हाथ-पैर मारने लगे। ठीक वैसे ही धरती की भी धड़कन अटकी हैं जैसे ही एक बार पूरी होगी। भारी तबाही के बाद सबकुछ सही हो जाएगा।

## क्या है पृथ्वी की हार्टबीट और नब्ज का रहस्य?



### 2 करोड़ साल बाद धड़केगा धरती का दिल

इस अध्ययन से पता चलता है कि अब अगली बार धरती का दिल करीब 2 करोड़ साल बाद धड़केगा। इसका मतलब यह हुआ कि 2 करोड़ साल के बाद धरती पर फिर प्रलय आएगी। माइकल बताते हैं कि पृथ्वी पर घटने वाली छोटी-मोटी प्राकृतिक घटनाएं कोई आपदा नहीं हैं। बड़ी आपदा उस समय आएगी जब धरती का दिल धड़केगा और उसकी भूगर्भीय नसों में पल्स दौड़ेने लगेगा।




### समुद्री और गैर-समुद्री जीवों का होता है सामूहिक संहार

माइकल और उनकी टीम की रिपोर्ट के मुताबिक, स्टडी में जानकारी मिली है कि जब धरती सांस लेती है, तो समुद्री और गैर-समुद्री जीवों का सामूहिक संहार होता है। सुनामी जैसी भयानक घटनाएं होती हैं। महाद्वीप तबाह हो जाते हैं और कुछ समुद्र में समा जाते हैं और कुछ अंदर से बाहर आ जाते हैं। पृथ्वी के चुंबकीय शक्ति में परिवर्तन आ जाता है। टेक्टोनिक प्लेट आपस में टकराकर या अलग होकर संतुलन बनाने की कोशिश करते हैं।

# महाभारत के इस वीर योद्धा ने झारखंड की धरती पर छोड़ा अमिट निशान

**पलामू।** झारखंड में एक आस्था के साथ एक युग की कहानी छुपी है। यहां से कोयल नदी का खूबसूरत नजारा देखने को मिलता है, जहां नदी की बहती कलकल धारा के किनारे बैठना और घंटो वक्त गुजारना लोगों को खूब रोमांचित करता है।

यहां मछुवारे लोग नौका भी चलाते हैं, जिसे देख लोग आनंदित होते है। भीम के बारे में कौन नहीं जानता, जो कि द्वापर युग में सबसे बलवान योद्धा था, जिनके ताकत का अंदाजा आप इस चूल्हे से लगा सकते हैं, जिसे भीम ने स्वयं तैयार किया था, जहां की माता कुंती आज से 5 हजार साल पहले भोजन पकाई थी। उनके कई सबूत यहां मौजूद है, जिसके ऐतिहासिक धरोहर मानते हुए पर्यटन विभाग द्वारा विकसित किया गया है।




### क्यों है इस जगह का नाम भीम चूल्हा?

माता कुंती और पांच पाडंव अज्ञात वास के समय पर पलामू में रहा करते थे। इस दौरान माता कुंती सबों के लिए खाना पकाया करती थीं। इसके लिए भीम ने चूल्हा तैयार किया था, जो की आज भी उसी स्थिति में मौजूद है। बाद में उस जगह को लोगों ने भीम चूल्हा कहना शुरू कर दिया। इस जगह पर आज भी पांडवों और माता कुंती के पैरों के निशान मौजूद हैं। साथ ही पांचों पांडवों और माता कुंती की प्रतिमा भी बनाई गई है। भीम के हाथी भी यहां मौजूद है। भीम कितने बलवान थे, इस बात का अंदाजा उनके चल्हे से लगाया जा सकता है। भीम ने खुद 3 विशाल पत्थरों को जोड़कर चूल्हा तैयार किया था।

### भीम और पांडवों की रहस्यमयी गुफा

रांची से घूमने आई सोनम शर्मा ने बताया कि भीम चूल्हा से जुड़ी एक गुफा का किस्सा भी सुनाया जाता है। इस गुफा में कभी भीम और पांडव माता कुंती के साथ रहा करते थे। पर, आज यह गुफा कोयल नदी के नीचे है। कई लोगों ने इस गुफा की जानकारी लेने की कोशिश की, पर सफलता किसी के भी हाथ नहीं लगी, जिसके गहराई का अंदाजा भी नहीं लगाया जा सका है।
मदन सिंह ने बताया कि यहां एक हथिया बाबा भी हैं, जो कि पत्थर के है। जिनकी पूजा श्रद्धालुओं द्वारा की जाती है। ये हथिया बाबा तबसे लेकर अबतक पत्थर के हैं। चूंकि, माता कुंती और पांचों पांडवों ने उन्हें श्राप दे दिया था, जिस कारण वो पत्थर के बन गए।



### हर साल 14 जनवरी को लगता है मेला

हर साल 14 जनवरी के दिन यहां मेला लगता है। सावन के महीने में भी लोग पहुंचते हैं। पलामू के बाहर के लोग भी इस मेले में हिस्सा लेते हैं। भगवान शिव का भी 100 साल पुराना एक मंदिर भीम चूल्हा के पास मौजूद है। भीम चूल्हा मोहम्मद गंज रेलवे स्टेशन पास है। भीम चूल्हा स्टेशन से 3 किलोमीटर दूर है। सबसे नजदीक बस स्टैंड हुस्सैनाबाद है। आप बस या ट्रेन से यहां आसानी से पहुंच सकते हैं। सिर्फ भीम चूल्हा ही नहीं, उसके आसपास भी घूमने की कई जगहें मौजूद हैं।

## दुनिया का सबसे बड़ा सांप, जो है 25 फीट लंबा



**अमेजन।** ज्यादातर लोगों ने एनाकोंडा फिल्म देखी होगी, जिसमें ये दैत्याकार सांप लोगों को आसानी से अपना शिकार बना लेता है। ऐसे में कुछ लोग सोचते हैं कि ये सब सिर्फ फिल्मों में ही होता है। असल जिंदगी से इसका कोई लेना-देना नहीं है। लेकिन, वैज्ञानिकों ने हाल ही में इक्वाडोर के अमेजन वर्षावन में उत्तरी ग्रीन एनाकोंडा (यूनेक्टेस एकाइमा) नामक सांप की एक प्रजाति की खोज की है, जो फिल्मी कहानी को सच बनाता है।

अमेजन वर्षावन में मिले इस एनाकोंडा ने दुनिया में सबसे बड़े और भारी सांप का रिकार्ड अपने नाम दर्ज कराया है। आपको जानकर हैरानी होगी, लेकिन बता दें कि 7.5 मीटर (24.6 फीट) लंबा और 500 किलोग्राम (1,100 पाउंड) वजन वाला यह विशाल सांप फिल्मों में दिखाए जाने वाले एनाकोंडा से भी बड़ा है।

**कार के टायर जितना मोटा :** वैज्ञानिकों द्वारा इस सांप की खोज से पहले, ग्रीन एनाकोंडा (यूनेक्टेस म्यूरिनस) दुनिया का सबसे बड़ा सांप था। लेकिन, नॉर्दर्न ग्रीन एनाकोंडा इससे भी बड़ा है। इस प्रजाति की मादा सांप 6.3 मीटर (20.7 फीट) लंबी थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि इनमें से कुछ तो इससे भी बड़े होते हैं, जिनकी लंबाई 7.5 मीटर तथा वजन 500 किलोग्राम से भी अधिक होता है। कार के टायर जितना मोटा यह सांप बड़े जानवरों को भी पूरा निगल सकता है।

# मछली ने सेकंडों में काट दिया मेटल का कैन लोग बोले- दांत हैं या कटर मशीन?

एजेंसी ▶▶ लंदन

सोशल मीडिया पर एक मछली का वीडियो देखकर नेटिजन्स के रोंगटे खड़े हो गए हैं। दरअसल, वायरल क्लिप में यह मछली मेटल के कैन को अपने दांतों से ऐसे काटती हुई दिखती है, जैसे कोई कटर मशीन हो।
वीडियो में मछली को पलक झपकते मेटल को काटते हुए देखा जा सकता है। वायरल हो रहे वीडियो में आप देखेंगे कि शख्स ने एक हाथ से एक मछली को पकड़ा हुआ है, जो अपने नुकीले दांतों के कारण बेहद डरावनी दिख रही है, वहीं दूसरे हाथ में बियर का कैन है।



### देखकर आप भी रह जाएंगे दंग

अगले ही पल शख्स कैन को मछली के जबड़े के पास ले जाता है, और जो कुछ भी होता है उसे देखकर आप भी दंग रह जाएंगे। जबड़े में कैन पड़ते ही मछली मेटल को कटर मशीन की तरह काट डालती है, और उसमें से बियर फव्वारे की तरह फूट पड़ता है। इसके बाद शख्स किसी तरह निकालकर बची खुची बियर का लुत्फ उठाता है

### कौन-सी मछली है ये?

यह एक पेयारा फिश है, जिसे 'वैम्पायर फिश'या टडॉगटूथ चरसिन'नाम से भी जाना जाता है। पेयारा एक मीठे पानी की मछली है, जो दक्षिण अमेरिका के अमेजन और ओरिनोको नदी घाटियों की मूल निवासी है। यह मछली अमेजन बेसिन की तेज धाराओं और चट्टानी इलाकों में देखने को मिल जाएंगी। इसका शरीर पतला और चांदी जैसा होता है। इसके नुकीले दांत उसकी शिकार रणनीति में एक अहम हथियार होते हैं। इस मछली की लंबाई 1.17 मीटर (3.8 फीट) और वजन 17.8 किलोग्राम (39 पाउंड) तक हो सकता है।

## चिंतन

# भारतीय टेस्ट क्रिकेट में एक विराट युग का अंत

पश्चिम दिल्ली के लड़के का 'स्वैग' लेकर भारतीय ड्रेसिंग रूम में दाखिल हुए विराट कोहली क्रिकेट को लेकर अपने असीम जुनून के चलते मौजूदा दौर के महानायक बनकर उभरे और ऐसे समय में पारंपरिक क्रिकेट से विदा ली, जब उनके और खेलते रहने की उम्मीद की जा रही थी। किंग कोहली के संन्यास को भारतीय टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में एक विराट युग का अंत है। उन्होंने पिछले साल ही टी-20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया था। वह अब सिर्फ एक दिवसीय क्रिकेट में खेलेंगे। अपने सीनियर खिलाड़ियों के लिए 'चीकू' से जूनियर खिलाड़ियों के 'भैया' तक 'किंग कोहली' ने लंबा सफर तय किया है और अपने करियर में काफी उतार-चढ़ाव भी देखे। 2006 में 18 बरस के कोहली ने अपने पिता प्रेम कोहली के निधन की खबर सुनकर भी 90 रन बनाकर दिल्ली को फॉलोआन से बचाया और फिरोज शाह कोटला स्टेडियम से सीधे श्मशान घाट जाकर उनका अंतिम संस्कार किया। इसके बाद 2025 में 36 साल के सुपरस्टार विराट कोहली को रेलवे के मध्यम तेज गेंदबाज हिमांशु सांगवान ने करीब 20000 दर्शकों के सामने रणजी ट्रॉफी मैच में आउट किया। वह आखिरी बार था जब कोहली सफेद जर्सी में चमचमाती एसजी गेंद को खेलते दिखे। बीच के 18 साल में उन्होंने 30 टेस्ट शतक लगाए। कोहली ने पिछली और मौजूदा पीढ़ी को टेस्ट क्रिकेट से प्यार करना सिखाया। इंडियन प्रीमियर लीग की जगमगाहट के बीच लोग कोहली को टेस्ट बल्लेबाजी करते देखना चाहते रहे हैं। कोहली को 10000 टेस्ट रन पूरे करने के लिए 770 रन और चाहिए थे। 36 वर्ष के कोहली ने 123 मैचों में 46.85 की औसत से 30 शतक समेत 9230 रन बनाने के बाद टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। उनके समकालीन इंग्लैंड के जो रूट टेस्ट में 13000 रन पूरे करने से कुछ रन पीछे हैं, जबकि आस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ 10000 रन पूरे कर चुके हैं। न्यूजीलैंड के केन विलियमसन इससे 724 रन दूर हैं। कोहली ने 2014 से 2019 के दौरान टेस्ट क्रिकेट में आक्रामकता की नई परिभाषा लिखी। उनके कवर ड्राइव और फ्रंट फुट पर खेले गए शॉट क्रिकेटप्रेमियों को बरसों याद रहेंगे। सचिन तेंदुलकर को उनकी परिपक्वता के लिए जाना जाता है, तो विराट का व्यक्तित्व गैर अनुरूपतावादी है। कोहली ऐसे दौर में बड़े हुए जब तेंदुलकर का जादू सिर चढ़कर बोलता था और फिर पहचान बनाई। टी-20 के इस दौर में कोहली पांच दिनी क्रिकेट के आखिरी सुपरस्टार कहे जा सकते हैं। अब शायद ऐसा जुनून फिर देखने को न मिले। विराट कोहली ने अतुलनीय विरासत छोड़कर विदा ली है, उन्होंने अनुशासन, फिटनेस, प्रतिबद्धता के मामले में असाधारण उदाहरण प्रस्तुत किया है। नई पीढ़ी के टेस्ट क्रिकेटरों के लिए वे हमेशा आदर्श बने रहेंगे। टेस्ट क्रिकेट में कोहली के अविस्मरणीय योगदान पर देश को गर्व है। विराट कोहली ने अपने करियर के शिखर पर टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहकर मिसाल कायम की है। इससे पहले भारत के हिटमैन रोहित शर्मा भी इसी तरह अपने करियर के स्वर्णिम शिखर पर रहते हुए टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया। टेस्ट क्रिकेट के मैदान पर शायद ही ऐसी कोई चुनौती रही हो, जिसने विराट कोहली को विचलित किया हो। उन्होंने चुनौतियों से लड़ना नहीं छोड़ा और 2014 से 2019 के बीच ऐसी ऊंचाईयों को छुआ, जहां आधुनिक दौर के कई क्रिकेटर नहीं पहुंच पाए हैं। उनका प्रदर्शन युवा बल्लेबाजों के लिए 'ब्लूप्रिंट' है जिन्हें कोहली और रोहित शर्मा के बाद भारतीय क्रिकेट की कमान संभालने का काम सौंपा गया है।



## युद्ध के दौर में एमएसएमई की अहमियत

आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

पिछले माह 21 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस पर अपने संबोधन में कहा कि इस समय नए व्यापार युग के बदलाव के दौर में भारत के एमएसएमई के पास चुनौतियों के बीच दुनिया में आगे बढ़ने के ऐतिहासिक अवसर भी हैं और ये उद्योग वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि टैरिफ वार से एमएसएमई क्षेत्र को जो झटका लग रहा है, उस झटके से उबारने के लिए जहाँ एक ओर सरकार के द्वारा एमएसएमई के समक्ष दिखाई दे रही चुनौतियों के समाधान के लिए रणनीति बनाकर निर्यातकों को सहारा देना होगा,वहीं एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमियों और निर्यातकों को भी नई चुनौतियों के मद्देनजर तैयार होना होगा।

यकीनन इस समय पाकिस्तान से युद्ध के माहौल के बीच भारत की अर्थव्यवस्था के संसाधनों और उत्पादन प्रणाली पर दबाव के मद्देनजर देशभर में सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्यमों (एमएसएमई) की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। वस्तुतः आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने पर स्थानीय स्तर पर मौजूद एमएसएमई खाद्य उत्पाद, छोटे रक्षा उत्पाद और दवाई जैसी अन्य जरूरी वस्तुओं का तेजी से कम लागत पर उत्पादन करने में अहम भूमिका निभाते हैं। उल्लेखनीय है कि 7 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के जिन विभिन्न मंत्रालयों को युद्ध जैसे हालातों के बीच अपनी पूरी क्षमता के साथ तैयार रहने का निर्देश दिया है उनमें उद्योग मंत्रालय और एमएसएमई भी शामिल है।

गौरतलब है कि एक ओर पाकिस्तान से चरम पर पहुँचे युद्ध तनाव और दूसरी ओर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप से टैरिफ की चुनौती के बीच अमेरिका के द्वारा भारत पर घोषित किए गए 26 फीसदी टैरिफ पर 90 दिनों के विराम ने भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले एमएसएमई को कुछ राहत अवश्य दी है, लेकिन अमेरिकी बाजार पर निर्भर अधिकांश एमएसएमई निर्यातक अमेरिकी खरीदारों द्वारा छूट की नई मांग और अनुबंधों पर नए सिरे से बातचीत के अलावा भुगतान में देरी जैसी चुनौतियों से अपने बचाव के लिए सरकार का रणनीतिक सहयोग जरूरी मान रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि पिछले माह 21 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस पर अपने संबोधन में कहा कि इस समय नए व्यापार युग के बदलाव के दौर में भारत के एमएसएमई के पास चुनौतियों के बीच दुनिया में आगे बढ़ने के ऐतिहासिक अवसर भी हैं और ये उद्योग वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि टैरिफ वार से एमएसएमई क्षेत्र को जो झटका लग रहा है, उस झटके से एमएसएमई के उबारने के लिए जहाँ एक ओर सरकार के द्वारा एमएसएमई के समक्ष दिखाई दे रही चुनौतियों के समाधान के लिए रणनीति बनाकर निर्यातकों को सहारा देना होगा,वहीं एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमियों और निर्यातकों को भी नई चुनौतियों के मद्देनजर तैयार होना होगा। इस परिप्रेक्ष्य में यह बात महत्वपूर्ण है की सरकार निर्यातकों को सहारा देने के लिए 2250 करोड रुपए के निर्यात संवर्धन मिशन को तेजी से लागू करने और बिना रेहन के कर्ज दिए जाने की योजना बना रही है। साथ ही चालू वित्त वर्ष 2025-26 में एमएसएमई को दिए जाने वाले कर्ज का लक्ष्य पिछले वर्ष की तुलना में करीब 20 फीसदी बढ़ाकर 17.5 लाख करोड रुपये किया गया है। इसी तरह एमएसएमई क्षेत्र भी नए व्यापार युग की सच्चाइयों को समझते हुए नवाचार, प्रतिस्पर्धा, क्षमता में सुधार तथा शोध की डगर पर आगे बढ़ने की तैयारी कर रहा है।

निस्संदेह एमएसएमई क्षेत्र देश के विनिर्माण, निर्यात और रोजगार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एमएसएमई मंत्रालय की नई रिपोर्ट के मुताबिक देश में करीब 5.93 करोड़ पंजीकृत एमएसएमई हैं। इनमें 25 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला हुआ है। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में एमएसएमई का योगदान करीब 30 फीसदी है। एमएसएमई से वर्ष 2024-25 में करीब 12.39 लाख करोड़ रुपए का निर्यात किया गया है। देश से निर्यात किए गए कुल उत्पादों में से करीब 46 फीसदी उत्पाद एमएसएमई क्षेत्र से हैं।



स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि एमएसएमई के लिए निर्मित होने वाली विभिन्न चुनौतियों के मद्देनजर मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में में एमएसएमई सेक्टर को मजबूत करने के उद्देश्य से बहुआयामी उपायों की एक श्रृंखला प्रस्तुत की है। इसके तहत वित्तीय सहायता और खरीद नीतियों से लेकर क्षमता निर्माण और बाजार एकीकरण तक की पहले शामिल हैं। प्रमुख पहलों में उद्यम पंजीकरण पोर्टल, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएमईजीपी, स्फूर्ति और एमएसई के लिए सार्वजनिक खरीद नीति शामिल हैं, जिनका उद्देश्य उद्यमिता को प्रोत्साहन देना, रोजगार बढ़ाना और अनौपचारिक क्षेत्रों को औपचारिक अर्थव्यवस्था में एकीकृत करना है। उद्योगों का विस्तार करने और दक्षता में सुधार करने में मदद करने के लिए, एमएसएमई वर्गीकरण के लिए निवेश और टर्नओवर सीमा बढ़ा दी गई है। निश्चित रूप से निर्यातकों को सहारा देने के सरकार के ये कदम सराहनीय हैं। लेकिन पाकिस्तान से युद्ध के माहौल और ट्रंप के टैरिफ तूफान का मुकाबला करने और निकट भविष्य में निर्मित होने वाले उभरते अवसरों को मुट्ठी में लेने के मद्देनजर एमएसएमई को हर संभव उपाय से मजबूत बनाना होगा। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि ट्रंप ने भारत पर 26 फीसदी टैरिफ लगाए हैं, जो कि चीन पर 245 फीसदी, बांग्लादेश पर 37 फीसदी तथा श्रीलंका पर 44 फीसदी टैरिफ से कम है। ऐसे में भारत के कई चुनिंदा एमएसएमई उत्पादों को तुलनात्मक लाभ मिल सकता है। फिर भी 26 फीसदी टैरिफ की व्यापक चुनौती का मुकाबला करने की डगर पर आगे बढ़ने के लिए कई और बातों पर ध्यान केंद्रित करना जरूरी है। नए सिरे से एमएसएमई की क्षमताओं को उन्नत करने, संचालन को सुव्यवस्थित करने तथा किसी भी निर्यात झटके से निपटने के लिए एमएसएमई को नीतिगत समर्थन का लाभ दिए जाने के प्रयासों में तेजी लाना होगी। इससे भारत की एमएसएमई उतार-चढ़ाव भरे सफर को आगे बढ़ा सकेगी।

इस बात पर भी ध्यान दिया जाना होगा कि बुनियादी ढांचे की मजबूती, अधिक लॉजिस्टिक्स सुविधाएं, कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाने, ब्याज समतुल्य योजना को फिर से शुरू किया जाने तथा ऋण गारंटी कार्यक्रमों का विस्तार करने जैसे उपायों से एमएसएमई को वित्तीय राहत और स्थिरता प्रदान की जा सकती है। सरकार के द्वारा एमएसएमई को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के परिपालन में आ रही कठिनाइयों पर ध्यान देते हुए जीएसटी व्यवस्था को सरल करना होगा। एमएसएमई के हित में उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं का विस्तार किए जाने से विशेष रूप से निर्यात-उन्मुख एमएसएमई लाभांवित होंगे। नवाचार की नई लहर एमएसएमई के लिए नया अध्याय लिख सकती है। इस बात पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा कि भारत के एमएसएमई गुणवत्ता को मुट्ठी में लेकर समकालीन डिजिटल तकनीकों को अपनाते हुए अमेरिका सहित वैश्विक बाजार में अपनी प्रतिस्पर्धात्मक शक्ति को रणनीतिक रूप से बढ़ा सकते हैं। ऐसे विभिन्न उपायों से भारत टैरिफ की चुनौतियों को एमएसएमई के लिए उभरते हुए नए अवसरों के दौर में बदल सकता है।

निश्चित रूप से देश के एमएसएमई क्षेत्र के लिए अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के द्वारा हाल ही में प्रस्तुत यह उम्मीद लाभप्रद है कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय कारोबार समझौता (बीटीए) के लिए की जा रही व्यापार वार्ता सफल रूप से निष्कर्ष पर पहुंचने के बहुत करीब है। ऐसे में भारत पहला देश हो सकता है जो अमेरिका के साथ समझौता करेगा।

(लेखक वरिष्ठ अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

विराट कोहली
विनोद पाठक



# अलग ही मिट्टी के बने हैं किंग

दिवंगत अभिनेता देवानंद की फिल्म 'हम दोनों' का प्रसिद्ध गीत है 'अभी न जाओ छोड़कर के दिल अभी भरा नहीं'। क्रिकेटर विराट कोहली के लिए आज दुनियाभर में करोड़ों फैन्स के मन में यही गीत बज रहा है। विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास को लेकर दो दिन से चल रही ऊहापोह उस समय समाप्त हो गई, जब विराट कोहली के संन्यास की आधिकारिक घोषणा हो गई। पिछले वर्ष टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद विराट कोहली ने टी-20 क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। अब विराट कोहली वन-डे क्रिकेट में खेलते नजर आएंगे। हालांकि, लग तो यही रहा है कि जल्द ही वह वन-डे क्रिकेट से भी संन्यास ले लेंगे। जैसा नाम है, वैसा ही विराट व्यक्तित्व कोहली का है, जिन्हें साथी खिलाड़ी प्यार से चीकू भी पुकारते हैं। वर्ष 2008 में अंडर-19 टीम इंडिया को वर्ल्ड कप जीताने से लेकर अब टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने तक विराट कोहली के व्यक्तित्व में 360 डिग्री का परिवर्तन देखने को मिला है। जब विराट कोहली अंडर-19 में



खेलते थे तो एक चबी ब्वॉय हुआ करते थे। तब विराट कोहली की फिटनेस वैसी नहीं थी, जैसी आज है। इंटरनेशनल क्रिकेट में कदम रखते ही विराट कोहली ने न केवल स्वयं को बदला, बल्कि आज वह लाखों-लाख युवाओं के लिए फिटनेस को लेकर प्रेरणास्त्रोत भी बन गए हैं। 36 वर्षीय विराट कोहली की फिटनेस आज भी टीम इंडिया में खेल रहे कई युवा क्रिकेटरों के कहीं बेहतर है। मास्टर ब्लॉस्टर सचिन तेंदुलकर के क्रिकेट से रिटायरमेंट के बाद यदि भारतीय फैन्स को किसी एक क्रिकेटर पर यह विश्वास रहा है कि अगर वह मैदान पर खड़ा है तो टीम इंडिया जीत सकती है तो वह विराट कोहली ही हैं। विराट कोहली को चेस मास्टर यानी रनों का पीछा करने वाला खिलाड़ी भी कहा जाता है। उन्होंने टीम इंडिया को कई मुश्किल मैचों में जीत दिलाई है। कई क्रिकेटर तो यह कहते हैं कि विराट कोहली जब मैदान पर होते हैं तो उनके दिमाग में बॉल दर बॉल एक अलग ही कैलकुलेशन चलती है, जो कोई दूसरा क्रिकेटर नहीं कर पता है। विराट कोहली न केवल खुद खेलते हैं, बल्कि साथी खिलाड़ी को भी वह उसी अंदाज में खिलाते हैं कि टीम अपनी जीत सुनिश्चित कर लेती है।

विराट कोहली केवल एक क्रिकेटर नहीं हैं, वह एक बड़े यूथ आइकॉन भी हैं। वह भारत के बहुत बड़े ब्रांड एंबेसडर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर भारतीय सेना के डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई तक उनके बहुत बड़े प्रशंसक हैं। जब ऑपरेशन सिंदूर को लेकर ले. जनरल घई भारतीय सेना की प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे, तब उन्होंने विराट कोहली के रिटायरमेंट की बात कही। इससे पता चलता है कि विराट कोहली की फैन फॉलोइंग कहां तक है? अपने करियर की शुरुआत में एक इंटरव्यू में विराट कोहली ने कहा था कि वो नास्तिक हैं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में विराट कोहली का झुकाव अध्यात्म की तरफ झुका है। इसमें उनकी धर्मपत्नी अनुष्का शर्मा का बहुत बड़ा योगदान है। विराट कोहली नीम करोली बाबा के कैंची धाम और वृंदावन में प्रेमानंद महाराज के सानिध्य में जा चुके हैं। उज्जैन में महाकाल दर्शन का विराट कोहली का एक वीडिया भी वायरल हुआ था। यदि हम विराट कोहली के टीवी इंटरव्यूज को देखें तो पता चलता है कि वह कितने सुलझे हुए व्यक्ति हैं। क्रिकेट के प्रति उनका समर्पण किसी से छिपा हुआ नहीं है।

यह किस्सा तो सभी को पता है कि अपने पिता के अंतिम संस्कार के बाद वह खेलने के लिए मैदान पर उतर गए थे, क्योंकि टीम को उनकी जरूरत थी। विराट कोहली ने 123 टेस्ट मैच खेले हैं, जिनकी 210 इनिंग्स में उन्होंने 9230 रन बनाए हैं, जिनमें 30 शतक और 31 अर्धशतक शामिल हैं। उनका अधिकतम स्कोर 254 रन नाबाद है। टेस्ट क्रिकेट में कोहली ने 121 कैच लिए हैं। वैसे तो किंग कोहली बैट्समैन हैं, लेकिन टेस्ट की 11 इनिंग्स में उन्होंने 175 गेंदें भी फेंकी हैं, लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला है। यह सत्य है कि विराट कोहली कभी अपने व्यक्तिगत रिकॉर्ड के लिए नहीं खेले। वह एक ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने सदैव टीम स्पिरिट को ऊपर रखा है। यदि व्यक्तिगत रिकॉर्ड के लिए विराट कोहली को खेलना होता तो अभी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का समय नहीं था। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने उनसे अनुरोध भी किया कि वह अपने संन्यास पर पुनर्विचार कर लें। महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने एक समय कहा था कि आपको उस समय अपने खेल से संन्यास लेना चाहिए, जब लोग पूछें 'क्यों'? और विराट कोहली ने ऐसा ही किया है। आज लोग पूछ रहे हैं कि आखिर ऐसी जल्दबाजी थी, जो विराट कोहली ने संन्यास लिया है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## हम जो भी करेंगे वह कर्म



संकलित
दर्शन

'इगोसेंट्रिक' कर्म को वे कर्म कहते हैं। ऐसे कर्म को, जिसमें कर्ता मौजूद है। जिसमें कर्ता यह विचार करके ही कर रहा है कि करने वाला मैं हूं। जब तक मैं करने वाला हूं, तब तक हम जो भी करेंगे, वह कर्म है। अगर मैं संन्यास ले रहा हूं, तो संन्यास एक कर्म हो गया। अगर मैं त्याग कर रहा हूं, तो त्याग एक कर्म हो गया। अकर्म का मतलब ठीक उलटा है। अकर्म का मतलब है ऐसा कर्म, जिसमें कर्ता नहीं है। जिसमें मैं कर रहा हूं, ऐसा कोई बिंदु नहीं है। ऐसा कोई केंद्र नहीं है, जहां से यह भाव उठता है कि मैं कर रहा हूं। अगर मैं कर रहा हूं, यह खो जाए, तो सभी कर्म अकर्म है। कर्ता खो जाए तो सभी कर्म अकर्म है। इसलिए कृष्ण का कोई कर्म, कर्म नहीं है, सभी अकर्म हैं। कर्म और अकर्म के बीच में विकर्म की जगह है। विकर्म का अर्थ है, विशेष कर्म। विशेष कर्म किसे कहते हैं कृष्ण? जहां न कर्ता है, और न कर्म। फिर भी चीजें तो होंगी। फिर भी चीजें तो होंगी ही। आदमी श्वास तो लेगा ही। न कर्म है, न कर्ता है। श्वास तो लेगा ही। श्वास कर्म तो है ही। खून तो गति करेगा ही शरीर में। भोजन तो पचेगा ही। ये कहां पड़ेंगे? ये विकर्म हैं। ये मध्य में हैं। यहां न कर्ता है, न कर्म है। साधारण मनुष्य कर्म में है, संन्यासी अकर्म में है, परमात्मा विकर्म में है। वहां न कोई कर्ता है, न कोई कर्म है। वहां चीजें ऐसी ही हो रही हैं, जैसे श्वास चलती है। वहां चीजें बस हो रही हैं। यह कर्म योग का तत्व है । जो विकर्म को समझ लेगा, वह अकर्म में उतर जाएगा। कर्म हमारी स्थिति है, जैसे हम जी रहे हैं। विकर्म हमारी समझ होगी, अकर्म हमारा होना हो जाएगा।

## सिद्धियों का उचित प्रयोग ही करें



संकलित
प्रेरणा

चार विद्वान ब्राह्मण मित्र थे। एक दिन चारों ने संपूर्ण देश का भ्रमण कर हर प्रकार का ज्ञान अर्जित करने का निश्चय किया। चारों ब्राह्मणों ने चार दिशाएं पकड़ीं और अलग-अलग स्थानों पर रहकर अनेक प्रकार की विद्याएं सीखीं। पांच वर्ष बाद चारों अपने गृहनगर लौटे और एक जंगल में मिलने की बात तय की। चूंकि चारों परस्पर एक-दूसरे को अपनी गूढ़ विद्याओं व सिद्धियों को बताना चाहते थे, अतः इसके लिए जंगल से उपयुक्त अन्य कोई स्थान नहीं हो सकता था। जब चारों जंगल में एक स्थान पर एकत्रित हुए तो वहां उन्हें शेर के शरीर की एक हड्डी पड़ी हुई मिली। एक ब्राह्मण ने कहा: मैं अपनी विद्या से इस एक हड्डी से शेर का पूरा अस्थि पंजर बना सकता हूँ। उसने ऐसा कर भी दिखाया। तब दूसरे ब्राह्मण ने कहा: मैं इसे त्वचा, मांस और रक्त प्रदान कर सकता हूँ। फिर उसने यह कर दिया। अब उन लोगों के समक्ष एक शेर पड़ा था, जो प्राणविहीन था। अब तीसरा ब्राह्मण बोला: मैं इसमें अपनी सिद्धि के चमत्कार से प्राण डाल सकता हूँ। चौथे ब्राह्मण ने उसे यह कहते हुए रोका: यह मूर्खता होगी। हमें तुम पर विश्वास है, किंतु यह करके न दिखाओ। किंतु तीसरे ब्राह्मण का तर्क था कि ऐसी सिद्धि का क्या लाभ जिसे क्रियान्वित न किया जाए। उसका हठ देखकर चौथा ब्राह्मण तत्काल पास के पेड़ पर चढ़कर बैठ गया। तीसरे ब्राह्मण के मंत्र पढ़ते ही शेर जीवित हो गया। प्राणों के संचार से शेर को आहार की आवश्यकता महसूस हुई और उसने सामने मौजूद तीनों ब्राह्मणों को मारकर खा लिया। चौथे ब्राह्मण ने समझदारी से अपने प्राण बचा लिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### बोधिवृक्ष की छाया में जन्मा मानवता का प्रकाश

वैशाख मास की पूर्णिमा को प्रतिवर्ष बुद्ध पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। बुद्ध पूर्णिमा का दिन बौद्ध धर्मावलंबियों के लिए अत्यंत पवित्र और विशेष होता है क्योंकि यही वह तिथि है जब भगवान बुद्ध का जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण तीनों घटनाएं घटी थी। ऐसा माना जाता है कि 563 ईसा पूर्व वैशाख पूर्णिमा के दिन नेपाल के लुंबिनी वन में शाल वृक्षों के बीच महारानी माया देवी ने सिद्धार्थ को जन्म दिया था, जो बाद में महात्मा बुद्ध कहलाए। उनके जन्म का स्थान आज नेपाल में स्थित है। गौतम बुद्ध का वास्तविक नाम सिद्धार्थ था। वे शाक्य वंश के क्षत्रिय थे और उनके पिता कपिलवस्तु के राजा शुद्धोधन थे। मानवता के कल्याण के लिए उन्होंने महती योगदान दिया। *– विजय काम्बली, रायगढ़*

## ट्रेंड

### बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं



सभी देशवासियों को बुद्ध पूर्णिमा की ढेरों शुभकामनाएं। सत्य, समानता और सद्भाव के सिद्धांत पर आधारित भगवान बुद्ध के संदेश मानवता के पथ-प्रदर्शक रहे हैं। त्याग और तप को समर्पित उनका जीवन विश्व समुदाय को सदैव करुणा और शांति के लिए प्रेरित करता रहेगा।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### संताली भाषाविद को श्रद्धांजलि



प्रसिद्ध भाषाविद् और 'ओलचिकी' लिपि के आविष्कारक पंडित रघुनाथ मुर्मू को उनकी जयंती पर मेरी हार्दिक श्रद्धांजलि। मुर्मू एक लेखक थे जिन्होंने संताली भाषा के लिए 'ओलचिकी' लिपि विकसित की थी।
**ममता बनर्जी, सीएम, प बंगाल**

### बुद्ध का अनुसरण करें



बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। भगवान बुद्ध का जीवन आत्म-बोध तथा नि:स्वार्थ सेवा की प्रेरणा देता है। आइए, हम सभी बुद्ध के ध्यान, करुणा और सह-अस्तित्व के पथ का अनुसरण कर समरस व शांतिपूर्ण समाज के निर्माण का संकल्प लें।
**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, यूपी**

### तुर्किये में पुतिन का इंतजार



रूस के साथ पूर्ण और अस्थायी युद्धविराम की उम्मीद है। मैं रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ 'व्यक्तिगत तौर पर' बातचीत करने के लिए तुर्किये जाऊँगा। मैं तुर्किये में पुतिन का इंतजार करूंगा।
**-वोलोदिमीर जेलेंस्की, राष्ट्रपति, यूक्रेन**

## करंट अफेयर

### चोरी हुई बौद्ध प्रतिमा दक्षिण कोरिया ने जापान को लौटाई

जापान के एक मंदिर से करीब 13 साल पहले चुराई गई 14वीं सदी की कोरियाई बौद्ध प्रतिमा सोमवार को वापस कर दी गई। प्रतिमा के स्वामित्व को लेकर जापान और दक्षिण कोरिया के बीच वर्षों से कानूनी लड़ाई चल रही थी, जिससे दोनों पड़ोसी देशों के बीच संवेदनशील संबंध और तनावपूर्ण हो गए थे। जब प्रतिमा को लेकर एक ट्रक जापान के पश्चिमी द्वीप तुशिमा के कन्नोनजी मंदिर में पहुंचा तो सड़क किनारे खड़े मंदिर के कई सदस्यों और स्थानीय निवासियों ने स्वागत करते हुए तालियां बजाईं। संभावना है कि मंदिर में एक अनुष्ठान के बाद मूर्ति को स्थानीय संग्रहालय में रखा जाएगा।



बोधिसत्व की कांस्य की प्रतिमा को बैठी हुई मुद्रा में दर्शाया गया है और इसकी ऊंचाई लगभग 50 सेंटीमीटर है। इसे क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर घोषित किया गया है और यह 2012 में कन्नोनजी से चुराई गई दो प्रतिमाओं में से एक थी। दक्षिण कोरियाई सरकार ने उस वक्त एक प्रतिमा को जापानी मंदिर को लौटा दिया था, जब अधिकारियों ने चोरों से यह प्रतिमा बरामद की थी। मामले में चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया था और उनके खिलाफ मुकदमे चलाए गये थे। लेकिन, बोधिसत्व की प्रतिमा को लेकर कानूनी विवाद उस वक्त शुरू हो गया।

## ऑफ बीट

### मददगार कीटों को कायम रखने उठाने होंगे कदम

कीट-पतंग हमारे चारों ओर हैं- फुटपाथ पर चींटी, भिनभिनाती हुई मधुमक्खी, हवा में उड़ती हुई तितली-और वे हमारे अनुभव की दुनिया को आकार देते हैं।




वे फूलों के परागण, कचरे को विघटित करने, कीटों को नियंत्रित करने और खाद्य श्रृंखलाओं में महत्वपूर्ण कड़ी हैं। मनुष्य कीटों पर कितना भी निर्भर क्यों न हो, हमारे कार्यों से दुनिया के कई हिस्सों में उनकी आबादी कम हो रही है। हाल में हुए एक अध्ययन में पाया गया कि पिछले दो दशकों में अमेरिका ने अपनी 20 प्रतिशत से ज्यादा तितलियां खो दी हैं। अफसोस की बात है कि गिरावट की यह दर असामान्य नहीं है। कई अध्ययनों में पाया गया है कि कीटों की आबादी हर साल दो प्रतिशत की दर से घट रही है। ऐसा क्यों हो रहा है, यह समझने के लिए अंतरराष्ट्रीय शोध समूह 'स्टेटस ऑफ इन्सेक्ट्स' ने कीटों की कमी के कारणों पर 175 हालिया अध्ययनों की समीक्षा की। हमें सैकड़ों संभावित कारण मिले जो सभी एक दूसरे से जुड़े हुए हैं, जिनमें से लगभग सभी सीधे या परोक्ष रूप से मानवीय गतिविधियों से उत्पन्न होते हैं। कीटों की कमी के कारण आपस में जुड़े हुए हैं, कीट-पतंगों की संख्या में कमी के कुछ मुख्य कारण हैं : गहन कृषि, जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, आक्रामक प्रजातियां और प्राकृतिक वास का नुकसान।

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



डीआरडीओ बना रहा ह्यूमेनॉयड लड़ाके रोबोट

# भारत के पास होगी अपनी रोबोटिक सेना

## सैनिकों की जान खतरे में डाले बिना देगा जटिल कार्यों को अंजाम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के वैज्ञानिक एक ऐसे मानवरोबोट (ह्यूमनॉइड रोबोट) के विकास पर काम कर रहे हैं, जो अग्रिम पंक्ति के सैन्य मिशनों में हिस्सा ले सके। एक अधिकारी ने बताया कि इस रोबोट का उद्देश्य उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में सैनिकों की जान को खतरे में डाले बिना जटिल कार्यों को अंजाम देना है। डीआरडीओ के तहत एक प्रमुख प्रयोगशाला, रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टैब्लिशमेंट (इंजीनियर्स), इस मशीन को विकसित कर रही है। प्रत्यक्ष मानव निर्देशों के तहत जटिल कार्यों को करने में सक्षम होगी। इस रोबोट को विशेष रूप से ऐसे वातावरण में सैनिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया जा रहा है, जहां जोखिम अधिक है।



**उन्नत विकास चरण में प्रोजेक्ट :** वर्तमान में यह प्रोजेक्ट अपने उन्नत विकास चरण में है। टीम का ध्यान रोबोट की ऑपरेटर के निर्देशों को समझने और उन्हें लागू करने की क्षमता को और बेहतर बनाने पर है।

### चार साल से चल रहा है प्रोजेक्ट

पुणे में सेंटर फॉर सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज फॉर एडवांस्ड रोबोटिक्स के समूह निदेशक एस.ई. तलोले ने बताया कि उनकी टीम पिछले चार साल से इस परियोजना पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हमने ऊपरी और निचले शरीर के लिए अलग-अलग प्रोटोटाइप विकसित किए हैं। आंतरिक परीक्षणों के दौरान कुछ कार्यों को सफलतापूर्वक हासिल किया है। यह ह्यूमनॉइड रोबोट जंगल जैसे कठिन इलाकों में भी काम कर सकेगा। हाल ही में पुणे में आयोजित नेशनल वर्कशॉप ऑन एडवांस्ड लेग्ड रोबोटिक्स में इस रोबोट को प्रदर्शित किया गया था। तलोले ने कहा कि सबसे बड़ी चुनौती यह सुनिश्चित करना है कि रोबोट वांछित कार्यों को सुचारू रूप से कर सके। इसके लिए संतुलन, तीव्र डेटा प्रोसेसिंग और जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन में महारत हासिल करना आवश्यक है। डिज़ाइन टीम का नेतृत्व कर रहे वैज्ञानिक किरण अकेला ने बताया कि शोधकर्ता इन पहलुओं पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। 2027 तक इस परियोजना को पूरा करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

### उन्नत तकनीकी विशेषताएं

यह रोबोट दिन हो या रात, घर के अंदर हो या बाहर, निर्बाध रूप से काम करेगा। इसमें निम्नलिखित तकनीकी विशेषताएं शामिल होंगी।

**प्रोप्रियोसेप्टिव और एक्सटेरोसेप्टिव सेंसर:** ये रोबोट को अपने शरीर और आसपास के वातावरण के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे।

**डेटा फ्यूजन क्षमता :** विभिन्न स्रोतों से डेटा को एकीकृत करने की क्षमता.

**सामरिक संवेदन:** यह रोबोट को जटिल परिस्थितियों में निर्णय लेने में मदद करेगा।

**ऑडियो-विजुअल धारणा :** यह रोबोट को देखने और सुनने की क्षमता प्रदान करेगा। इसके अलावा, यह ह्यूमनॉइड बाइपेड रोबोट निम्नलिखित विशेषताओं से लैस होगा।

**फॉल और पुश रिकवरी:** गिरने या धक्का दिए जाने पर स्वयं को संभालने की क्षमता

**वास्तविक समय में मैप जनरेशन:** आसपास के क्षेत्र का नक्शा बनाने की क्षमता.

**स्वायत्त नेविगेशन और पथ नियोजन:** सिमुल्टेनियस लोकलाइजेशन एंड मैपिंग (एसएलएएम) के माध्यम से यह रोबोट जटिल और उच्च जोखिम वाले वातावरण में स्वायत्त रूप से संचालित हो सकेगा।

**भविष्य की संभावनाएं**

डीआरडीओ के इस ह्यूमनॉइड रोबोट प्रोजेक्ट से न केवल रक्षा क्षेत्र में क्रांति आएगी, बल्कि यह अन्य क्षेत्रों जैसे स्वास्थ्य सेवा, अंतरिक्ष अन्वेषण और औद्योगिक अनुप्रयोगों में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इस तरह की उन्नत तकनीक सैनिकों की सुरक्षा को बढ़ाने के साथ-साथ मानव जीवन को और सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने में मदद करेगी।

---

**एसटीएपी का खुलासा, हर प्रांत में सक्रिय हैं आतंकवादी**

# जैश और लश्कर ही नहीं 100 से ज्यादा आतंकी ग्रुप पाक में सक्रिय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान आतंक का कारखाना है। पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान और पीओके स्थित 8 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। इसमें बहावलपुर स्थित कुख्यात आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का हेडक्वार्टर भी शामिल था। जम्मू कश्मीर में हुए कई आतंकी हमलों में जैश के आतंकियों का हाथ रहा है, लेकिन पाकिस्तान में सिर्फ जैश-ए-मोहम्मद ही अकेला ग्रुप नहीं है, ऐसे कई संगठन हैं। साउथ एशिया टेररिज्म पोर्टल यानी एसटीएपी के अनुसार पाकिस्तान के करीब-करीब सभी प्रांतों में सैकड़ों आतंकी संगठन सक्रिय हैं, जो अलग-अलग मकसद से भारत, कश्मीर, बलूचिस्तान और अन्य जगहों पर हमला करते हैं या हमले की साजिश रचते हैं।

**आतंक का कारखाना है पाकिस्तान | बना रखे हैं कई सारे लॉन्चिंग पैड और टेरर कैंप**




### ये प्रमुख संगठन

सीमा पार से भारत में आतंकियों को भेजने के लिए पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी संगठनों ने बाकायदा कई सारे लॉन्चिंग पैड और टेरर कैंप बना रखे हैं। जिन्हें हाल में ही भारतीय सेना ने एयर स्ट्राइक कर तबाह कर दिया। इसमें जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा प्रमुख हैं। इनके अलावा पाकिस्तान के हर एक प्रांत में कई सारे आतंकवादी संगठन सक्रिय हैं।

### ये संगठन भी सक्रिय

खासकर सीमा से सटे इलाकों में दर्जनों ऐसे आतंकवादी संगठन हैं, जो अपनी दहशतगर्दों को सीमा पार से भारत में घुसपैठ कराते हैं। इनमें हिजबुल मुजाहिदीन, जैश-ए-मोहम्मद, द रेजिस्टेंस फोर्स (टीआरएफ), लश्कर-ए-तैयबा, हरकत-उल-मुजाहिदीन, जमात-उल-दावा, तहरीक-ए-आजादी जम्मू एंड कश्मीर, इस्लाम मुजाहिदीन, जमात-उल-अहरार, सिपाह-इ-सहबा पाकिस्तान के अलावा करीब 100 से अधिक आतंकी संगठन है।

### इधर, पाक रक्षामंत्री ने अमेरिका पर फोड़ा ठीकरा



इधर, पाक रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बीबीसी न्यूज चैनल पर एक इंटरव्यू में फिर कहा, आतंकवाद और आतंकवादी पाकिस्तान के अतीत की चीजें हैं। बीबीसी के पाक कोरेसपोंडेंट अजादे मोशिरी ने ख्वाजा आसिफ से पुलवामा और उरी अटैक जैसे आतंकी हमलों की साजिश रचने वाले जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा को लेकर सवाल किया गया कि अमेरिका मानता है कि ये संगठन अभी भी पाकिस्तान में सक्रिय हैं। इस पर ख्वाजा आसिफ ने कहा, 'आतंकवाद और आतंकवादी हमारे अतीत की चीजें है। अमेरिका जिन आतंकी संगठनों को लेकर कहता है कि ये पाकिस्तान में सक्रिय हैं, ये उन ग्रुप के ही सहयोगी हैं, जिन्हें अमेरिका हथियार देता था।'

### इन संगठनों के निशाने पर कश्मीर

पाकिस्तान में फलने फूलने वाले ज्यादातर आतंकवादी संगठनों के निशाने पर शुरु से ही अगर कोई रहा है तो वो है कश्मीर। पहलगाम हमले के गुनहगार टीआरएफ जैसे शैडो संगठनों को छोड़ दें तो सिर्फ कश्मीर में आतंकवाद फैलाने के लिए पांच बड़े आतंकवादी संगठन काम कर रहे हैं।

### ये हैं पांच बड़े संगठन

हाफिज सईद की अगुवाई वाला लश्कर-ए-तैयबा, मौलाना मसूद अजहर का जैश-ए-मोहम्मद, हरकत-उल जिहाद इस्लामी, हरकत-उल मुजाहिदीन, हिजबुल मुजाहिदीन।

**पाक खुफिया एजेंसी और आर्मी का समर्थन**

पाक में सक्रिय आतंकी संगठनों में से कईयों को मकसद अलग-अलग हैं। कुछ संगठन ऐसे हैं जो किसी भी देश में हमला करते हैं। कुछ ऐसे संगठन हैं, जो सिर्फ अफगानिस्तान पर हमला करते हैं। कुछ आतंकी संगठन कश्मीर पर हमला करते हैं, वहीं कुछ संगठन पाक के ही अंदर शिया बहुल इलाकों में हमला करते हैं। कुछ संगठन जो पाकिस्तान खुफिया एजेंसी और आर्मी समर्थित हैं वो भारत पर हमले की योजना बनाते हैं।

---

**सेल्फ गोल भारत के दावे पर लगी मुहर**

# पाक सेना की प्रेस कॉन्फ्रेंस, खुद ही खोल दी आतंकी की पोल



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सेना ने रविवार रात सेल्फ गोल करते हुए खुद ही सबूत दे दिया कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने जिन लोगों को मारा, वो सभी आतंकवादी थे। इसके अलावा पाकिस्तानी सेना ने जो तस्वीरें दिखाई, उसमें आतंकियों की मौत के बाद जो शख्स नमाज पढ़ता नजर आ रहा है, वो शख्स भी लश्कर-ए-तैयबा का कुख्यात आतंकवादी हाफिज अब्दुर रऊफ था। रउफ वह शख्स है, जिसे अमेरिका भी आतंकवादी मानता है। आप तस्वीर में देख सकते हैं कि इस शख्स के पीछे पाकिस्तान की सेना के कई अधिकारी मौजूद हैं, जिससे साबित होता है कि पाकिस्तान की सेना और आतंकवादियों के बीच गहरा रिश्ता है। यह तस्वीर भारत के आपरेशन सिंदूर में मारे गए आतंकियों के अंतिम संस्कार का है। आतंकवादियों को पाकिस्तानी सेना के झंडे में लपेटा गया था और नमाज का नेतृत्व करने वाला शख्स हाफिज अब्दुर रऊफ था। इस दौरान पाक सेना के बड़े अफसर भी मौजूद थे।

### आतंकवादी हाफिज अब्दुर रऊफ को बताया 'बेगुनाह'

सबसे हैरानी की बात ये है कि पाकिस्तानी सेना के मुख्य प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हाफिज अब्दुर रऊफ एक 'बेगुनाह' पारिवारिक व्यक्ति है, जिसका आतंकवाद से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने सबूत के तौर पर रऊफ की पहचान संबंधी जानकारी भी दिखाई। लेकिन ऐसा करके उन्होंने खुद ही इस बात के पुख्ता सबूत दे दिए, कि रऊफ वाकई लश्कर का आतंकवादी है, जैसा कि भारत ने दावा किया था। दरअसल, चौधरी ने जो जानकारियां सार्वजनिक की हैं, वो अमेरिकी सरकार के प्रतिबंधित आतंकवादियों के डेटाबेस में हाफिज अब्दुल रऊफ के विवरण से पूरी तरह मेल खाती हैं। इससे पाक का आतंकी कनेक्शन पूरी तरह साबित हो गया।

---

*भारत-पाक तनाव के बीच इसरो चीफ का बड़ा बयान*

# 'नागरिकों की सुरक्षा के लिए कर रहे हैं 10 उपग्रह लगातार काम'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इसरो चेयरमैन डॉ वी नारायणन ने कहा है कि देश के नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रणनीतिक उद्देश्य से 10 उपग्रह लगातार काम कर रहे हैं।



इंफाल, मणिपुर में उन्होंने कहा कि भारत एक 'जीवंत अंतरिक्ष शक्ति' बन रहा है और 2040 तक इसका पहला अंतरिक्ष स्टेशन होगा। कार्यक्रम के दौरान इसरो प्रमुख ने कहा, 'आज, 34 देशों के 433 उपग्रहों को भारत से उठाकर कक्षा में स्थापित किया गया है। मुझे आपको यह बताते हुए भी खुशी हो रही है कि आज, देश के नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रणनीतिक उद्देश्य से 10 उपग्रह लगातार 24/7 काम कर रहे हैं।' इसरो प्रमुख की यह टिप्पणी भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के बीच आई है।

### 7,000 किलोमीटर लंबे समुद्र तट की निगरानी जरूरी

नारायणन ने यह भी कहा, 'अगर हमें अपने देश की सुरक्षा सुनिश्चित करनी है, तो हमें अपने उपग्रहों के माध्यम से सेवा करनी होगी। हमें अपने 7,000 किलोमीटर लंबे समुद्र तट की निगरानी करनी होगी। हमें पूरे उत्तरी हिस्से की लगातार निगरानी करनी होगी। उपग्रह और ड्रोन तकनीक के बिना हम यह हासिल नहीं कर सकते।' उन्होंने कहा कि इसरो जलवायु परिवर्तन और वायु प्रदूषण का अध्ययन करने और मौसम की निगरानी करने के लिए जी 20 देशों के लिए एक उपग्रह विकसित कर रहा है।

---

# 'कोई भी भारतीय पायलट हिरासत में नहीं, हमारे विमान को पहुंचा नुकसान'

*पाकिस्तानी सेना का कुबूलनामा*

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकानों पर



कार्रवाई हुई, जिसमें 100 से अधिक आतंकी मारे गए। इनमें पुलवामा हमले से जुड़ा यूसुफ अजहर, अब्दुल मलिक रौफ और मुदस्सिर अहमद शामिल था, और पाकिस्तान के आतंकी और सैन्य ढांचे को नुकसान पहुंचा, जिसके चलते पाकिस्तान संघर्ष विराम के लिए सहमत हुआ। अब रविवार देर रात पाकिस्तान के नौसेना, वायुसेना और थल सेना के अधिकारियों ने साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पाक सेना के प्रवक्ता से पूछा गया कि क्या कोई भारतीय पायलट पाकिस्तान की हिरासत में है? जवाब में कहा गया कि कोई भी भारतीय पायलट पाकिस्तान के हिरासत में नहीं है।

### विमान का नुकसान माना

पाक सेना ने यह भी माना है कि भारत के साथ भिड़ंत में उसके एक विमान को नुकसान पहुंचा है। हालांकि, पाकिस्तान की ओर से यह नहीं बताया गया है कि किस विमान को नुकसान पहुंचा या उसका नाम क्या है। पाक सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने दावा किया कि उनकी सैन्य कार्रवाई 'सटीक, संतुलित और संयमित' रही। पीटीआई के अनुसार, पाक सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा कि यह प्रेस कॉन्फ्रेंस 'ऑपरेशन बुनयान-उल-मर्सूस' की कार्यवाही और निष्कर्ष पर आधारित है।

---

**आपरेशन सिंदूर के बाद 500 से ज्यादा फ्लाइट्स तीन दिन में हुई थीं रद्द**

# सीजफायर के 43 घंटे बाद खुले 32 एयरपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के 43 घंटे बाद सोमवार को 9 राज्यों के 32 एयरपोर्ट्स खोल दिए गए हैं। एयरलाइंस कंपनियों की तरफ से यात्रियों के लिए बुकिंग शुरू कर दी है। 32 एयरपोर्ट्स के लिए एयरलाइन सर्विसेज 9 मई से 15 मई की सुबह 5:29 बजे तक बंद की गई थीं। एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने सोमवार को प्रेस रिलीज के जरिए एयरपोर्ट्स खोलने की जानकारी दी। इसमें बताया कि 15 मई तक बंद 32 एयरपोर्ट्स अब तत्काल प्रभाव से एयरक्राफ्ट ऑपरेशन्स के लिए उपलब्ध हैं। यात्रियों को फ्लाइट्स की जानकारी के लिए एयरलाइन कंपनियों की वेबसाइटों देखने के लिए कहा गया है।

**पहलगाम पर आतंकी हमले के बाद भारत-पाक के बीच बढ़ा था तनाव**



### 7 मई को एयर स्ट्राइक

भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए 7 मई को पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक की थी। पाकिस्तान ने भी बॉर्डर इलाकों में जवाबी हमला किया। सिविल एविएशन मंत्रालय ने 9 राज्यों के 32 एयरपोर्ट्स बंद करने का निर्देश जारी किया था। एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने सोमवार को प्रेस रिलीज के जरिए एयरपोर्ट्स खोलने की जानकारी दी। तीन दिनों में 500 से ज्यादा फ्लाइट्स रद्द हुईं फ्लाइट बंद होने के कारण एयरलाइनों की तरफ से 500 से ज्यादा फ्लाइट्स रद्द कर दी गई थीं।

### राजस्थान जाने वाली नाइट ट्रेनें भी हुईं बहाल

10 मई की शाम 5 बजे दोनों देशों ने सीजफायर (संघर्ष विराम) की घोषणा की थी। इसके बाद पाक बॉर्डर से लगे भारतीय राज्यों में हालात सामान्य होने लगे। 11 मई को राजस्थान में 27 कैंसिल ट्रेनों को बहाल करने का आदेश जारी किया। पंजाब के फिरोजपुर में 8 कैंसिल ट्रेनों को सामान्य रूप से चलाने के आदेश जारी किए गए। गुजरात से राजस्थान जाने वाली जो नाइट ट्रेनें 10 मई से रद्द कर दी गई थीं, अब वे भी बहाल कर दी गई हैं। गुजरात में सरकारी कर्मचारियों की रद्द की गई छुट्टियों को लेकर भी आज अहम फैसला हो सकता है।


घर बैठे रायपुर में खरीदिए संपत्ति



श्री विष्णुदेव साय
माननीय मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़

रायपुर विकास प्राधिकरण की Online Property Sale



रायपुर विकास प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में आवासीय, व्यावसायिक, मिश्रित उपयोग के लिए भूखंड, दुकानें, फ्लैट्स, डुप्लेक्स रो-हाउस एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के फ्लैट्स विक्रय हेतु उपलब्ध है।

ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना

| क्र. | योजना | संपत्ति का प्रकार | संख्या | संपत्ति का क्षेत्रफल (वर्गफुट में) | संपत्ति का मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कौशल्या माता विहार | आवासीय भूखण्ड (2000 वर्गफुट से कम) दर रू. 2177/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 4 | 822.4-1743.9 | रु.17,90,278 - रू. 37,96,383/- |
| | | आवासीय भूखण्ड (2000 वर्गफुट से ज्यादा) दर रू. 2072/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 19 | 2064.5-7472.40 | रु. 42,77,685 - रु.1,54,82,771/- |
| | | मिश्रित भूखण्ड - दर रु. 3710/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 1 | 9610 | रु.3,56,53,100/- |
| | | व्यावसायिक भूखण्ड - सेक्टर लेवल दर रु. 3630/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 14 | 757.07-788.7 | रु.27,48,154 - रु.28,62,876/- |
| | | डुप्लेक्स रो-हाऊस | 8 | 545-798.3 | रु.24,60,767 - रु.32,27,978/- |
| | | एल.आई.जी. फ्लैट्स (3 बी.एच.के.) सेक्टर-13 | 106 | 645.5 | रु.19,00,000/- |
| | | एल.आई.जी. फ्लैट्स (2 बी.एच.के.) | 37 | 493.74 | रु.12,79,300/- |
| | | एल.आई.जी. फ्लैट्स (3 बी.एच.के.) | 62 | 645.29 | रु.15,30,100/- |
| PCG RERA NO. - 190618000236, Website :- https://rera.cgstate.gov.in | | | | | |
| 2 | इन्द्रप्रस्थ फेस-1 | 120 अपार्टमेंट (मल्टीस्टोरी फ्लैट्स) | 2 | 1008-1061 | रु.21,30,000 - रु.22,43,000/- |
| 3 | इन्द्रप्रस्थ फेस-2 | एल.आई.जी. फ्लैट्स (2 बी.एच.के.) | 22 | 513.79 | रु.8,85,122/- |
| 4 | बोरियाखुर्द योजना | दुकानें - दर रु. 4000/- प्रति वर्गफुट (लीज होल्ड) | 8 | 78-120 | रु.3,13,760 - रु.4,81,320/- |
| 5 | कटोरा तालाब योजना (सेक्टर-07 न्यू राजेन्द्र नगर) | भक्त माता कर्मा काम्प्लेक्स में दुकानें- दर रु. 5680/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 3 | 480-494 | रु.27,26,400 - रु.28,05,920/- |
| 6 | शैलेन्द्र नगर योजना | दुकानें (प्रथम तल) - दर रु. 6000/- प्रति वर्गफुट (लीज होल्ड) | 19 | 229-253 | रु.13,74,000 - रु.15,18,000/- |

| महत्वपूर्ण तिथियां | |
|---|---|
| | निविदा जारी करने की तिथि 13/05/2025 |
| | निविदा फॉर्म वेबसाईट पर उपलब्ध होने की तिथि 13/05/2025 से 27/05/2025 |
| | पूर्ण रूप से भरी गई निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 27/05/2025 तक |

1. संपत्तियों का आवंटन निविदा के माध्यम से होगा। निविदा के नियम एवं शर्तें, उपलब्ध संपत्तियों का विवरण, निर्धारित ऑफसेट दर तथा आवेदन की जानकारी प्राधिकरण की वेबसाईट - https://rda.cgstate.gov.in में उपलब्ध है। समस्त निविदा ऑनलाईन के माध्यम से स्वीकार की जायेगी।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपए 500/- है। जिसका भुगतान निविदा की धरोहर राशि के साथ ऑनलाईन भुगतान करना होगा।
3. निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र संपूर्ण रूप भरा हुआ होना चाहिये, प्रपत्र में किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर निविदा निरस्त कर दी जाएगी, जो कि निविदाकर्ता की ही जवाबदारी होगी।
4. प्राप्त मान्य निविदाओं में उच्चतम निविदा को उक्त संपत्ति हेतु आवंटन किया जायेगा।
5. निविदा प्रस्तुत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत निविदा वापसी/परिवर्तन से संबंधित कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं होगा तथा प्राप्त निविदा को निविदा प्रक्रिया में शामिल माना जावेगा तथा निविदादाता द्वारा प्रस्तुत निविदा यदि सफल होती है तो निविदाकर्ता द्वारा आवंटन स्वीकार न करने पर धरोहर राशि राजसात कर ली जावेगी।
6. प्राधिकरण द्वारा भविष्य में निविदाकर्ता द्वारा संलग्न दस्तावेज के परीक्षण पर नियमानुसार पात्रता नहीं होने पर प्राधिकरण को आवंटन निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
7. सफल निविदाकर्ता द्वारा आवंटन आदेश में उल्लेख के अनुसार निर्धारित समय अवधि में राशि जमा करनी होगी अन्यथा प्राधिकरण द्वारा धरोहर राशि राजसात कर ली जावेगी।
8. निविदा से संबंधित नियम एवं शर्तें सतर्कता पूर्वक पढ़े जाए।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

रायपुर विकास प्राधिकरण
भक्त माता कर्मा कॉम्प्लेक्स, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) 492006
वेबसाईट - https://rda.cgstate.gov.in, टोल फ्री नं. - 1800-233-7188

टीप :- रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा संपत्ति विक्रय के लिए किसी भी एजेंट ब्रोकर की नियुक्ति नहीं की गई है। इच्छुक आवेदक संपति क्रय खरीदने के लिए सीधे कार्यालय के मार्केटिंग शाखा से संपर्क करें।

जागो ग्राहक जागो

# भारतीय परिधान में मंच पर बिखेरा जलवा



**हैदराबाद।** भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच दुनिया के सबसे शानदार खिताब में एक मिस वर्ल्ड समारोह का आखिरकार रविवार को उद्घाटन हो ही गया। 72वीं मिस वर्ल्ड 2025 प्रतियोगिता का भव्य आगाज हैदराबाद में 11 मई को हुआ। मिस वर्ल्ड 2025 का महाकुंभ शुरू हो चुका है। इस बार इसकी मेजबानी का जिम्मा भारत के पास है। जिसमें राजस्थान के कोटा की रहने वाली नंदिनी गुप्ता ने मिस वर्ल्ड के मंच पर अपना जलवा बिखेरा। उन्होंने पहले ही दिन कॉस्ट्यूम राउंड में अपनी छाप छोड़कर सबका दिल जीत लिया। नंदिनी इस प्रतियोगिता में 110 देशों की सुंदरियों को कड़ी टक्कर देने वाली हैं। मिस वर्ल्ड 2025 के मंच पर खुद को पेश करने के बाद नंदिनी ने इस इवेंट की तस्वीरों को उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर सांझा किया, जिसमें उन्होंने लिखा कि आज रात, मुझे सच में समझ में आया कि 'भारत की बेटी' होने का क्या मतलब है। इस रात को कभी न भूलने वाली बनाने के लिए मिस वर्ल्ड का बहुत-बहुत आभार। फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2023 का ताज जीत चुकी नंदिनी नेशनल कॉस्ट्यूम राउंड के लिए भारत की स्वर्णिम संस्कृति की कहानी बयां करती खूबसूरत पोशाक पहनकर आईं। जैसे ही सुंदरी हाथ में भारतीय ध्वज लेकर मंच पर आईं, हर कोई उन्हें देखता रह गया।

# अनुष्का-विराट कोहली की कब हुई पहली मुलाकात? क्रिकेटर की कौन सी बात ने जीता एक्ट्रेस का दिल

*मुंबई। बॉलीवुड की कई एक्ट्रेसेस हैं जिन्होंने इंडियन क्रिकेटर्स से शादी की, इस लिस्ट में अनुष्का शर्मा भी शामिल हैं। क्रिकेटर विराट कोहली और एक्ट्रेस*



*अनुष्का शर्मा की शादी को एक लंबा वक्त हो चुका है। हम आपको यहां बता रहे हैं कि इनकी लव स्टोरी, मैरीड लाइफ से जुड़ी कुछ खास बातों के बारे में।*

## कब हुई पहली मुलाकात

बॉलीवुड एक्ट्रेसेस और क्रिकेटर्स को अक्सर ही एड फिल्मों में देखा जाता है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो एक शैंपू का एड विराट और अनुष्का ने किया था। यही इनकी पहली मुलाकात थी, इसके बाद ही डेटिंग शुरू हुई। कुछ साल डेट करने के बाद साल 2017 के दिसंबर माह में अनुष्का और विराट शादी के बंधन में बंध गए। 11 जनवरी 2021 को अनुष्का ने बेटी वामिका को जन्म दिया, वहीं 15 फरवरी 2024 में बेटे अकाय को जन्म दिया। इन दिनों अनुष्का फिल्मों से दूर अपने बच्चों की परवरिश में पूरा समय दे रही हैं, विराट भी परिवार के साथ ही अधिक समय गुजारते हैं।

## विराट की जिंदगी में क्या बदलाव आए



सिर्फ अनुष्का शर्मा की ही जिंदगी विराट के कारण नहीं बदली। विराट की जिंदगी में भी कई बदलाव अनुष्का शर्मा के कारण आए। साल 2020 में दिए गए एक इंटरव्यू में विराट ने कहा, 'जब हालात मुश्किल होते हैं, तब आपको अपने ईगो को छोड़ना होता है। मुश्किल वक्त में डटे रहना पड़ता है, लगातार स्ट्रगल करते रहना पड़ता है, आखिर में आपको कोई रास्ता मिल ही जाता है। मैंने अनुष्का को ऐसा करते देखा और उससे यही बात सीखी भी है।'

## डेटिंग के वक्त विराट की कौन सी बात आई पसंद

विराट कोहली को जब अनुष्का शर्मा डेट कर रही थी तो उस दौरान एक खास बात उन्हें क्रिकेटर की पसंद आई। अनुष्का ने साल 2023 में इंडियन स्पोर्ट्स ऑनर्स से जुड़े एक इवेंट में कहा था, 'डेटिंग करने से पहले मुझे विराट की एक बात अच्छी लगी, वो थी इसकी याददाश्त। मुझे लगा ये बात मेरे लिए काफी मददगार होगी।' विराट कोहली की अच्छी याददाश्त के कारण ही अनुष्का उनके करीब आईं।

## वो रिकॉर्ड याद रखेंगे और मैं तुम्हारे आंसू


अभिनेत्री ने विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट सफर को याद करते हुए एक लंबा नोट लिखा। अभिनेत्री ने लिखा, 'वो रिकॉर्ड याद रखेंगे, लेकिन मुझे वो आंसू याद रहेंगे जो आपने कभी नहीं दिखाए। वो संघर्ष जिन्हें किसी ने नहीं देखा और वह अटूट प्यार जो आपने खेल के इस फॉर्मेट को दिया। मुझे पता है कि इन सबने आपसे कितना कुछ छीन लिया। हर टेस्ट सीरीज के बाद आप थोड़े समझदार, थोड़े विनम्र होकर लौटे। आपको इन सबके माध्यम से ढलते देखना मेरे लिए सौभाग्य रहा है।मैंने हमेशा सोचा था आप सफेद कपड़ों में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेंगे। आपने हमेशा अपने दिल की बात सुनी है, इसलिए मैं बस इतना कहना चाहती हूं कि मेरे प्यार, आपने इस अलविदा के हर पल को कमाया है।'

# हेमा मालिनी से लेकर ऐश्वर्या तक, ये अभिनेत्रियां निभा चुकी हैं नर्स का किरदार, संघर्ष भरी है कहानी

**नई दिल्ली।** नर्स वह लोग होते हैं जो मरीजों की देखभाल करते हैं। किसी मरीज को ठीक करने में जितना हाथ किसी डॉक्टर का होता है, उतना ही हाथ नर्स का भी होता है। बॉलीवुड में कई फिल्में बनीं हैं, जिनमें किसी एक्ट्रेस को नर्स के तौर पर दिखाया गया है।



**ऐश्वर्या राय :** संजय लीला भंसाली की फिल्म 'गुजारिश' (2010) में ऐश्वर्या राय ने एक निर्स का किरदार निभाया है। फिल्म में ऋतिक रोशन ने एक मरीज का किरदार निभाया है। ऐश्वर्या राय मरीज ऋतिक से प्यार करती हैं। वह अपनी जिंदगी मरीज की सेवा करने में गुजार देती हैं। फिल्म में मरीज और नर्स के बीच अच्छा रिश्ता दिखाया गया है।




**हेमा मालिनी :** साल 1982 में रिलीज हुई फिल्म 'सत्ते पे सत्ता' में हेमा मालिनी ने नर्स का किरदार निभाया है। फिल्म में अमिताभ बच्चन अमह किरदार में हैं। अमिताभ बच्चन सात भाई होते हैं जो असभ्य होते हैं। नर्स बनी हेमा न सिर्फ मरीजों का इलाज करती हैं, बल्कि लोगों को सभ्यता सिखाने की कोशिश करती हैं।

**वहीदा रहमान :** साल 1970 में फिल्म 'खामोशी' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में वहीदा रहमान ने एक नर्स का किरदार निभाया था।



फिल्म में राजेश खन्ना अहम किरदार में थे। फिल्म में वहीदा रहमान मानसिक रोगियों का इलाज करती हैं। इस दौरान उन्हें एक मरीज से प्यार हो जाता है। जब वह ठीक होकर चला जाता है तो उनका दिल टूट जाता है। फिल्म में नर्स की नौकरी का संघर्ष दिखाया गया है।



**मुमताज :** साल 1970 में रिलीज हुई फिल्म 'खिलौना' में मुमताज ने एक नर्स का किरदार निभाया था। मुमताज को एक तवायफ, एक ऐसे मरीज की देखभाल के लिए रखती है जिसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। मुमताज उस मरीज की पत्नी होने का नाटक करती हैं और उसे ठीक करने में मदद करती हैं।



**मीना कुमारी :** फिल्म 'दिल अपना प्रीत पराई' साल 1960 में रिलीज हुई थी। फिल्म में मीना कुमारी ने नर्स का किरदार निभाया था। यह फिल्म एक डॉक्टर की कहानी है। फिल्म में राज कुमार अपने परिवारिक दोस्त की बेटी से शादी करने वाले होते हैं, लेकिन उन्हें नर्स से प्यार हो जाता है।


# 'शूरवीर युद्ध में अपनी वीरता दिखाते हैं, बातें नहीं करते': अमिताभ बच्चन



*मुंबई। काफी आलोचनाओं के बाद बिग बी अब भारत-पाकिस्तान के बीच पैदा हुई परिस्थितियों पर एक्टिव नजर आ रहे हैं। युद्ध विराम के बाद उन्होंने बीती देर रात एक एक्स पर एक और पोस्ट किया। अपने इस पोस्ट में बिग बी ने तुलसीदास जी की रामचरितमानस की एक पंक्ति का जिक्र करते हुए लिखा, 'सूर समर करनी करहिं, कहि न जनावहिं आप।'*

*पंक्ति का अर्थ बताते हुए उन्होंने लिखा, 'पंक्ति का अर्थ है कि शूरवीर अपने पराक्रम को युद्ध में करके दिखाते हैं, वे अपनी वीरता का प्रदर्शन करने के लिए बातें नहीं बनाते। यह पंक्ति तुलसीदास जी के रामचरितमानस के लक्ष्मण-परशुराम संवाद से ही ली गई है, कि शूरवीर अपनी वीरता को युद्ध में करके दिखाते हैं, वे अपने मुंह से अपनी प्रशंसा नहीं करते। कायर लोग ही युद्ध में शत्रु को सामने देखकर अपनी वीरता की डींगें हांका करते हैं।' अपनी पोस्ट में आगे बिग बी ने अपने पिता कवि हरिवंश राय बच्चन की पंक्तियों का जिक्र किया। साथ ही इस पोस्ट से पहले शेयर की उनकी कविता के बारे में भी लिखा। उन्होंने लिखा, 'हाइलाइट की गई लाइन पूरी है। जिसका मतलब है कि युद्ध में वीर बहादुर, अपनी वीरता दिखाते हैं। वे अपनी बहादुरी और वीरता का गुणगान नहीं करते। वो कायर हैं जो दुश्मन को देखकर केवल अपनी बहादुरी का नारा लगाते हैं। शब्दों ने व्यक्त किया है पहले से कहीं अधिक सत्य। एक कवि और उनकी दृष्टि पहले से कहीं अधिक महान। बाबूजी के यह शब्द 1965 के पाकिस्तान के साथ युद्ध के इर्द-गिर्द लिखे गए। हम जीते और विजयी हुए, जिसके लिए उन्हें 1968 में प्रतिष्ठित साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला, यानी लगभग 60 साल पहले। 60 साल पहले एक दृष्टि जो आज भी वर्तमान परिस्थितियों में सांस लेती है।' इससे पहले बिग बी ने एक तस्वीर शेयर की थी, जिसमें अपने पिता हरिवंश राय बच्चन की एक कविता लिखी हुई थी।*

## टॉम क्रूज के साथ ली मास्टरक्लास...



**मुंबई।** अवनीत कौर इन दिनों लंदन में हैं। सबसे खास बात यह है कि वह लंदन में हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज की मास्टरक्लास का हिस्सा हैं और इसी पल को उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए शेयर किया है। अवनीत कौर इन दिनों लंदन में हैं। वहां पर वह हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज की मास्टक्लास अटेंड करने के लिए गई हैं। इसी एक्सपीरियंस को उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया है। पहली इंस्टाग्राम स्टोरी में टॉम क्रूज ब्लैक शर्ट-पेंट में हमेशा की तरह हैंडसम दिख रहे हैं। यहां पर सभी टॉम का जोश से स्वागत करते नजर आ रहे हैं और इसकी खुशी टॉम के चेहरे पर साफ दिखाई दे रही है।

## लंदन में हुई आरआरआर की स्क्रीनिंग



**मुंबई।** एसएस राजामौली निर्देशित साउथ इंडियन फिल्म 'आरआरआर'साल 2022 में रिलीज हुई और देश-दुनिया में छा गई। विदेश दर्शक भी इस फिल्म के दीवाने हो गए। फिल्म 'आरआरआर' के एक गाने 'नाटू नाटू' को ऑस्कर अवार्ड भी मिला। इस फिल्म को गोल्डन ग्लोब जैसे इंटरनेशनल अवॉर्ड फंक्शन में काफी सराहा गया। हाल ही में इस फिल्म की स्क्रीनिंग लंदन के मशहूर रॉयल अल्बर्ट हॉल में की गई। इस स्क्रीनिंग की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर अब वायरल हो रही हैं, जिसे भारतीय दर्शक सराहा रहे हैं। आरआरआर नाम के ऑफिशियल एक्स (ट्विटर) अकाउंट ने लंदन के रॉयल अल्बर्ट हॉल से फिल्म 'आरआरआर' की स्क्रीनिंग की तस्वीर साझा की है। साथ ही एक कैप्शन भी लिखा है, 'हिस्ट्री'।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking : Raipur- 79871-19756 6263818152

**एजूकेशन स्पेशल**

कोटा स्टडी सर्कल भिलाई / रायपुर
राहुल चेलक 468/720(SC)
NEET, IIT-JEE PET/PAT
विशेषताएं
- कोटा ट्रेन्ड टीचर्स
- हिन्दी तथा अंग्रेजी माध्यम के प्रथक प्रथक बैचस
- गर्ल्स एवं बॉयस के लिए अलग होस्टल
रायपुर कोटा सेंटर भाटिया कॉम्प्लेक्स, नियर राजकुमार कॉलेज के सामने जीई रोड रायपुर 9301547784
भिलाई कोटा सेंटर बिल्डिंग नं. 150 न्यू सिविक सेंटर, भिलाई 9098534927

**टीचर**

आवश्यकता है- श्री कृष्णा हिन्दी/इंग्लिश स्कूल चण्डी अभनपुर में इंग्लिश टीचर एंव हिन्दी में भौतिकी, रसायन, बायोलाजी, अर्थशास्त्र एंव कम्प्यूटर टीचर की आवश्यकता है। योग्यता- स्नातक/ स्नाकोत्तर /बीएड अंतिम आवेदन- 25/05/2025 संपर्क सूत्र- 9926125257, 9893534338. (RO-6902)

**ड्रायवर/चौकीदार**

आवश्यकता है- 04- टाटा एस ड्राइवर (10000 से 15000), 02- ई रिक्शा ड्राइवर (8000 से 10000), 01- टेलीकॉलर (8000 से 10000), एवं फार्म हाउस हेतु 01 चौकीदार की (10000 से 12000+ रहने की सुविधा) 7974351591, 6352179578 मां एड एजेंसी, रायपुरा रायपुर(RO-13858)

**टीचर/ऑफिस स्टाफ**

आवश्यकता है- BRIGHT PUBLIC SCHOOL Teacher & office staff Qualification - graduation/ b.ed Language - English Experience - 0-5 year Salary - 7000-15000 Add.- Godhi, mandir Hasoud Contact - 8602300418. (RO-7349)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- हमारी कंपनी में काम करने के लिए लड़के एंव लड़कियों की आवश्यकता है। लोकेशन- भनपुरी रायपुर कंपनी:- ख्याति पेट इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड शिफ्ट - 12 घंटे संपर्क करें- 9301777359, 9009623959.(RO-363)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**केयर टेकर**

आवश्यकता है- Mother's Pride School में केयर टेकर की आवश्यकता है। पताः रायपुर और अमलेश्वर(दुर्ग) पदों की संख्याः 04 रहने की सुविधा निःशुल्क रहेगी। संपर्क करें - 8319023876. (RO-7350)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। 30 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है। ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30, रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00 (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें ) सैलरी 21000/- प्रतिमाह। रहने, खाने- पीने, बाइक, पेट्रोल की व्यवस्था नहीं दी जाएगी। जो तत्काल जॉइन कर सके वही संपर्क करें, बेवजह कॉल ना करें । पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल :- 9644720222. (RO-03)

आवश्यकता है- कार ड्राइवर की उम्र, 18-28 , ड्यूटी टाइम 10:30 से 8:30 बजे तक, वेतन 15000/- देवपुरी रायपुर संपर्क:- 9302708426, 8448107841.(RO-662)

**शिक्षक/वार्डन**

आवश्यकता है- जीवनआनंद वृद्धाश्रम एवं डॉ.आंबेडकर आदिवासी आश्रम शाला बच्छेराभाठा डोंगरगढ़ में शिक्षक - 02पद योग्यता - BA, BED, वार्डन-02पद- BSW, MSW, सामाजिक कार्यकर्ता-01- M.A Sociology, लेखपाल - 01पद Computer tally, नर्स - 01पद - ANM, GNM, रसोइया - 04 पद एवं चौकीदार-02पद-8वीं पास की आवश्यकता है। संपर्क:- 88392-86346, 88392-88830.(आरो नं.-744)

**शेफ**

Requirment- Chef and Barista required for new Cafe in Nehru Nagar Bhilai. Experience candidates are preferred. Contact and send resume on 9827494602.(आरो नं.-745)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- संतेज सोलर प्रा. लिमिटेड. रायपुर में संपूर्ण छत्तीसगढ़ हेतु चैनल पार्टनर के लिए लड़के/लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क करे 9302265992, 7987422370.(RO-D)

**शोरूम कार्य**

आवश्यकता है- टाइल्स एवं सेनेटरी के शोरूम में कार्य हेतु युवकों की आवश्यकता है। सम्पर्क मनन इंटरप्राइजेज, विधानसभा रोड , मोवा थाना के सामने, रायपुरः मोबाइलः 9827109679.(RO-76)

**अन्य**

आवश्यकता है- Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें - 8935818259. (RO-861)

आवश्यकता है- अर्जेंट भर्ती भारतीय वनविभाग को कंपनी द्वारा जिलानुसार लड़के लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या-725 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (27500+62500 ) पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (धीरेंद्र कुमार)- 7392890179. (RO-871)

क्लासीफाईड

**Education शिक्षण**

प्रवेश प्रारंभ - *फेल विद्यार्थी समय बचाए* :- पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करे:- B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLY-TECHNIC, B.Tech, (*अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे*) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा। संपर्क:- *Bharti Education Academy* *Sector-6 Bhilai* Mo.- 9826196515, 9826896515 (आरो न.-7179)

**Property प्रापर्टी**

**मकान/प्लाट**

मकान बेचना है- दुर्ग रेल्वे स्टेशन से 1.3 किलोमीटर की दूरी पर कर्मचारी नगर से लगा साईं नगर उरला दुर्ग में पूर्व फेस का मकान डबल स्टोरी बिल्डप एरिया 3400वर्गफिट है । सर्व सुविधा युक्त मकान बेचना है मात्र 45लाख रुपए में अधिक जानकारी हेतु 9755907288.(आरो नं.-734)

बेचना है- चंद्रखुरी कौशल्या माता मंदिर से 500 मीटर पहले दिशा कॉलेज के पास 5600 वर्गफीट आगे पीछे रोड 600/- प्रति वर्गफीट से (2) माना बनरसी में 21742 वर्गफीट प्लॉट फ्रंट 127 का (3) बैरन बाजार कुंदन पैलेस के पास ढेबर आर्केड के नीचे दो दुकान लगभग 600 वर्गफीट संपर्क:- 9009604000..(RO-7344)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

प्लॉट उपलब्ध है- दुर्ग बायपास टोलप्लाज़ा, किआ शोरूम के पास रेसिडेंशियल व कमर्शियल सर्व सुविधा युक्त प्लाट - विकसित क्लोज्ड कैंपस, CC रोड, नाली, मंदिर, स्ट्रीट लाइट, मैरिज हॉल सहित। तुरंत मकान बना सकते हैं। संपर्कः 7247006610, 7247006609. (आरो न.-7175)

बेचना है- रायपुर,भनपुरी उरकुरा रेल्वेस्टेशन सामने 1, 27,192 फ़ीट csidc की जगह जिसमें 60000 फ़ीट कंस्ट्रक्शन किया है 12000 फ़ीट नया हैवी शेड + 48000 फ़ीट RCC कंस्ट्रक्शन का नया गोदाम + ऑफिस बना है जी.ई.रोड, रविशंकर यूनिवर्सिटी पास 32000 फ़ीट जगह जिसमें 23000 फ़ीट RCC ऑफिस गोदाम दोनों तुरंत बेचना है 9826850000.(RO-80)

हरिभूमि

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - जनकल्याण योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधार कार्ड पर -(50,000/- से 25 लाख तक ) (1% ब्याज वार्षिक ) प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिज़नेस, दुकानदारी, ग्रुप लोन, सिविल ख़राब लोन पाए, संपर्क - 9289384524. (RO-865)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

**Appointment आवश्यकता**

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, फिल्ड अधिकारी, कंप्यूटर ऑपरेटर, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर, वेतन योग्यतानुसार संपर्कः- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, भर्ती कार्यालय, साकरा चौक सिलतरा रायपुर, सिटी ऑफिस, 434 चतुर्थतल प्रोगेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर छत्तीसगढ़ 7746000016, 7747000019, 7747000016, 7746000019.(RO-074)

आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 50 ऊंचाई 5.5 इंच योग्यता 5वी से 12वीं वेतन 12000 से 19500 तक (ESIC, PF, Bonus और रहना फ्री) खाने की सुविधा दस्तावेज (आधार कार्ड, पेन कार्ड, 10वीं अंकसूची, बैंक पासबुक, 8 पासपोर्ट फोटो) कार्यालय शॉप नं. 08 प्रथम तल, कमला सुपर बाजार, तेलघानी चौक, रायपुर छत्तीसगढ़ फोन 0771-4036689 मों. 9770304037, 8120957510.(RO-7305)

आवश्यकता है- रायगढ़, रायपुर में गार्ड की नौकरी हेतु 5,8,10 पास हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहने, खाने की सुविधा, वेतन 14500 से 19000 तक MO. 8109070600. (RO-7086)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

हरिभूमि क्लासीफाईड

**Healthcare**

गुप्त रोगो का सफल इलाज



- गुप्त रोग, नामर्दी
- लिंग में छोटापन।
- शीघ्र पतन
- पेशाब से धातू जाना।
- लिंग में ढीलापन,
- शुक्राणु की कमी।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
- जड़ीबुटी द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।

निःसंतान दम्पति आज ही मिलें
आज ही संपर्क करें
स्टेशन रोड,सीमरन होटल के सामने रायपुर, छ.ग.
9826038170

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

## जैकेट के शेष

### कटते चले गए...

अंधेरा होने की वजह से माजदा चालक ट्रेलर के बाहर निकले मशीन के हिस्से को भांप नहीं पाया। ट्रेलर के मशीन के पाट्र्स के बाहर निकले हिस्से में किसी तरह से संकेतक लाइट नहीं लगे थे। एक्सीडेंट की वजह सड़क के दोनों किनारे के हिस्से में गड्ढा था, इस वजह से ट्रेलर चालक ने साइड देने के लिए अपने वाहन को सड़क के नीचे नहीं उतारा।

**एक्सीडेंट का तकनीकी पहलू यह भी** : एआईजी ट्रैफिक तथा विधानसभा सीएसपी ने एक्सीडेंट होने के तकनीकी पहलू पर जानकारी देते हुए बताया कि रायपुर से बलौदबाजार मार्ग टू लेन है। ज्यादातर मालवाहक वाहन टोल बचाने बलौदाबाजार रूट से आवाजाही करते हैं। इसके साथ ही सड़क के दोनों किनारे का साइड काफी नीचे है। इस वजह से वाहन चालक अपने वाहन सड़क के नीचे नहीं उतारना चाहते। विधानसभा के आगे 40 किलोमीटर से ज्यादा दूरी पर किसी तरह का रोड सिग्नल नहीं होने के साथ ही स्ट्रीट लाइट नहीं है। रायपुर-बलौदाबाजार मार्ग पर विधानसभा से आगे रोड मार्किंग पूरी तरह से मिट चुका है या धुंधला हो गया है। इस वजह से इस मार्ग पर आए दिन एक्सीडेंट होते हैं। तकनीकी खामी को दूर करने तथा एक्सीडेंट की घटना न हो, इसके लिए एक्सीडेंट के दूसरे दिन पुलिस के साथ ट्रैफिक, परिवहन विभाग तथा लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार घटना स्थल जानकारी जुटाने पहुंचे।

### पीएम मोदी गरजे...

दल एक स्वर में आतंक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए उठ खड़ा हुआ। हमने आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने के लिए भारत की सेनाओं को पूरी छूट दे दी और आज हर आतंकी, आतंक का हर संगठन जान चुका है कि हमारी बहन और बेटियों के माथों से सिंदूर हटाने का अंजाम क्या होता है। पीएम मोदी ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ नाम नहीं है। यह देश के कोटि-कोटि लोग भावनाओं का प्रतिबिंब है। ऑपरेशन सिंदूर न्याय की अखंड प्रतिज्ञा है। 6 मई की दूर रात, 7 मई की सुबह पूरी दुनिया ने इस प्रतिज्ञा को परिणाम में बदलते देखा है। भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान में आतंक के ठिकानों पर, उनके ट्रेनिंग सेंटर्स पर सटीक प्रहार किया। आतंकियों ने सपने में भी नहीं सोचा था कि भारत इतना बड़ा फैसला ले सकता है, लेकिन जब देश एकजुट होता है, नेशन फर्स्ट की भावना से भरा होता है, राष्ट्र सर्वोपरि होता है तो फौलादी फैसले लिए जाते हैं। परिणाम लाकर दिखाए जाते हैं। पीएम ने कहा कि जब पाकिस्तान में आतंक के अड्डों पर भारत की मिसाइलों ने हमला किया, भारत के ड्रोन्स ने हमला बोला तो आतंकी संगठनों की इमारतें ही नहीं, बल्कि उनका हौसला भी थर्रा गया। बहावलपुर और मुरीदके जैसे आतंकी ठिकाने एक प्रकार से ग्लोबल टेररिज्म की यूनिवर्सिटी रहे हैं। दुनिया में कहीं पर भी जो बड़े आतंकी हमले हुए हैं, चाहे 9/11 हो, चाहे लंदन ट्यूब बॉम्बिंग हो या भारत में दशकों से बड़े-बड़े आतंकी हमले हुए हैं, उन सभी के तार कहीं न कहीं आतंक के इन्हीं ठिकानों से जुड़ते रहे हैं। पीएम ने कहा कि आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा है, इसलिए भारत ने आतंक के ये मुख्यालय उजाड़ दिए हैं। भारत के इन हमलों ने 100 से अधिक खूंखार आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा गया है। आतंक के बहुत सारे आका बीते ढाई-तीन दशकों से खुलेआम पाकिस्तान में घूम रहे थे, जो भारत के खिलाफ साजिशें करते थे। उन्हें भारत ने एक झटके में खत्म कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'साथियों! भारत की इस कार्रवाई से पाकिस्तान घोर निराशा में घिर गया था। हताशा में घिर गया था। बौखला गया था और इसी बौखलाहट में उसने एक और दुस्साहस किया। आतंक पर भारत की कार्रवाई का साथ देने के बजाय पाकिस्तान ने भारत पर ही हमला करना शुरू कर दिया। पाकिस्तान ने हमारे स्कूलों-कॉलेजों, गुरुद्वारों, मंदिरों, सामान्य नागरिकों के घरों को निशाना बनाया। पाकिस्तान ने हमारे सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, लेकिन इसमें भी पाकिस्तान खुद बेनकाब हो गया। दुनिया ने देखा कि कैसे पाकिस्तान के ड्रोन्स, पाकिस्तान की मिसाइलें भारत के सामने तिनके की तरह बिखर गईं। भारत के सशक्त एयर डिफेंस सिस्टम ने उन्हें आसमान में ही नष्ट कर दिया। पाकिस्तान की तैयारी सीमा पर वार की थी, लेकिन भारत ने पाकिस्तान के सीने पर वार कर दिया।

### टेस्ट में 'विराट युग' का...

जिसमें उन्होंने 46.85 के औसत से 30 शतकों की मदद से 9230 रन बनाए हैं। कोहली ने स्वीकार किया कि यह फैसला करना आसान नहीं था जिससे खेल के लंबे प्रारूप में उनके भविष्य को लेकर अटकलों का दौर खत्म हो गया।

## पेज एक के शेष

### दसवीं में खराब नतीजों...

दूसरे स्थान पर जशपुर रहा है, यहां 94.22% छात्र परीक्षा में सफल हुए हैं। जबकि तीसरे स्थान पर 92.43% उत्तीर्ण छात्रों के साथ मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी है। बारहवीं कक्षा में सर्वश्रेष्ठ परिणाम जशपुर के रहे हैं। यहां के 94.01% छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। दूसरे स्थान पर 92.42% के साथ कोरिया रहा है। तीसरे स्थान पर 90.69% के साथ कांकेर है। इस तरह से दसवीं और बारहवीं दोनों ही कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शीर्ष तीन जिलों में रायपुर अपनी जगह नहीं बना सका है। इसके उलट खराब प्रदर्शन वाले जिलों की सूची में शामिल हो गया है। गौरतलब है कि इस बार दसवीं की परीक्षा में उपस्थित 3 लाख 23 हजार 94 छात्रों में से 2 लाख 24 हजार 913 ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। इसी तरह से बारहवीं कक्षा की परीक्षा में उपस्थित 2 लाख 38 हजार 626 छात्रों में से 1 लाख 94 हजार 906 छात्र सफल हुए हैं।

### दसवीं में 66.24% ही हो...

नतीजे मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के रहे हैं। यहां सिर्फ 66.86% छात्र ही उत्तीर्ण हो सके। दूसरे स्थान पर 68.09% के साथ सारंगगढ़ और तीसरे स्थान पर 68.27% के साथ गोरेला-पेंड्रा-मरवाही रहा है। वहीं बारहवीं कक्षा की परीक्षा रायपुर के 21 हजार 139 छात्रों ने दिलाई। इनमें से 79.94 प्रतिशत सफल हुए हैं।

### कक्षा- दसवीं...

बीजापुर-85.40%, दंतेवाड़ा-94.45%, जगदलपुर-88.82%, कांकेर-91.05%, कोंडागांव-83.28%, नारायणपुर-84.96%, सुकमा-89.76%, बलरामपुर-81.10%, जशपुर-94.22%, कोरिया-92.33%, सूरजपुर-74.72%, सरगुजा-87.58%, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर-79.73%

### कक्षा- बारहवीं...

जगदलपुर-87.38%, कांकेर-90.69%, कोंडागांव-83.11%, नारायणपुर-82.26%, सुकमा-84.11%, बलरामपुर-82.82%, जशपुर-94.01%, कोरिया-92.42%, सूरजपुर-72.37%, सरगुजा-85.94%, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर-66.86%

### तस्करों के हौसले बुलंद...

सनावल थाना क्षेत्र के ग्राम कुसफर में वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण की सूचना मिलने के बाद वन अमले के साथ पुलिस विभाग की टीम मौके पर गई हुई थी। वह विभाग द्वारा जब्ती पंचनामा की कार्रवाई पूरी की गई जिसके बाद पुलिसकर्मी आगे बढ़ रहे थे। इस दौरान ग्राम लिबरा में कनहर नदी किनारे रेत तस्करों द्वारा अवैध खनन करने की जानकारी मिली, जिसके बाद पुलिसकर्मी जब मौके पर कार्रवाई करने पहुंचे तो तस्कर वाहन लेकर भागने लगे। इस दौरान सनावल थाने में पदस्थ आरक्षक शिव बचन सिंह ने एक ट्रैक्टर को रोकने का प्रयास किया तो ट्रैक्टर चालक आरक्षक शिव बचन सिंह को टक्कर मारने के बाद कुचलते हुए भाग निकला। इधर ट्रैक्टर की टक्कर से आरक्षक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसके बाद उसे आनन फानन में उपचार के लिए देर रात सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

**लगातार हो रहा अवैध उत्खनन** : बलरामपुर जिले के साथ ही सरगुजा संभाग में नदियों से रेत उत्खनन का अवैध कारोबार जोर शोर से चल रहा है। तस्कर नदियों से रेत निकालकर झारखंड, यूपी में खपाने का काम कर रहे हैं। सनावल के लिबरा-कुसफर क्षेत्र में भी लंबे समय से तस्करों द्वारा अवैध रूप से रेत उत्खनन किया जा रहा था। इस बात की जानकारी ग्रामीणों द्वारा पूर्व में भी पुलिस विभाग को दी गई थी। बाहरी लोगों द्वारा किए जा रहे अवैध उत्खनन को लेकर लिबरा और कुसफर के लोगों द्वारा शिकायत की गई थी जिसके बाद थाना प्रभारी दिव्यकांत पांडेय द्वारा तीन ट्रैक्टर को जब्त भी किया गया था लेकिन मामूली कार्रवाई का रेट माफिया पर कोई असर नहीं हुआ।

**थाना प्रभारी निलंबित** : क्षेत्र में चल रहे अवैध उत्खनन पर कड़ी कार्रवाई नहीं करने और आरक्षक की मौत के मामले में आईजी दीपक झा ने कड़ी कार्रवाई की है। आईजी ने सनावल थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया है। इसके सतह ही इस बात की जांच के निर्देश दिए गए हैं। आईजी के निर्देश के बाद एसपी वैभव बैंकर रमनलाल के नेतृत्व में पुलिस टीम आरोपियों की तलाश में निकली हुई है। फिलहाल यह पता लगाया जा रहा है कि तस्कर छत्तीसगढ़ के थे या फिर झारखंड के। लेकिन इस घटना ने एक बार फिर से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। तस्करों को खिलाफ मामूली कार्रवाई के कारण ही इनके हौसले बुलंद हैं और वे अवैध रेत उत्खनन कर नदियों को नुकसान तो पहुंचा ही रहे हैं इसके साथ ही शासन को भी करोड़ों के राजस्व का नुकसान हो रहा है।

### सामान्य व्यक्ति की तरह...

मौजूद रहे। जिले के आला अधिकारी घटनास्थल पर जरूर गए लेकिन वे मृतक के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हुए। लोगों का कहना है कि आरक्षक को शहीद का दर्जा मिलने चाहिए। इसके साथ ही बताया जा रहा है कि घटना के दौरान थाना प्रभारी बिना एसपी को सूचना दिए सिर्फ तीन पुलिसकर्मियों को लेकर कार्रवाई के लिए चले गए थे। घटनास्थल तक जाने का रास्ता काफी खराब है और उनके वाहन भी घटना स्थल से दो किमी दूर मौजूद थे। ऐसे में ट्रैक्टर से कुचलकर मौत के बाद आरक्षक को ट्रैक्टर में लादकर दो किमी तक लाया गया जिसके बाद अपने वाहन से लेकर अस्पताल पहुंचे।

### नक्सलियों ने की...

हत्या कर दी। मृतक नागा भंडारी काफी समय से कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए थे। हत्या को अंजाम देने के बाद माओवादी घने जंगल की ओर भाग गए। सूचना के बाद पुलिस टीम माओवादियों की तलाश में जंगल में सर्चिंग अभियान चला रही है। जानकारी के मुताबिक नागा भंडारी लिंगापुर गांव में एक सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने गए हुए थे। इसी दौरान रात करीब 11.30 बजे कुछ अज्ञात माओवादियों ने उन पर कुल्हाड़ी से हमला कर उनकी मौके पर ही हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही उसूर थाना से पुलिस बल मौके के लिए रवाना कर दिया गया है।


**7 माह में परिवार में दूसरी हत्या** : गौरतलब है कि लगभग 7 माह पूर्व 24 अक्टूबर 2024 को मृतक नागा के बड़े भाई तिरुपति भंडारी को ग्राम उसूर के पास दिनदहाड़े नक्सलियों ने मौत के घाट उतार दिया था। एक ही परिवार पर नक्सलियों द्वारा किए गए दूसरे हमले से इलाके में डर और तनाव का माहौल देखा जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों में भय का माहौल है। वहीं कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या से राजनीतिक गलियारों में भी हलचल देखी जा रही है। लोग यह सवाल उठा रहे हैं कि माओवादी खुलेआम हत्याएं कर रहे हैं और सरकार व सुरक्षा एजेंसियां अब तक उन्हें रोक क्यों नहीं पा रही है।

**एंटी नक्सल ऑपरेशन के बीच हत्या** : बीते कुछ दिनों से माओवादी गतिविधियों पर लगाम लगने से इलाके में शांति दिख रही थी। माओवादियों के सफाए के लिए पूरे बस्तर में एंटी नक्सल ऑपरेशन चलाया जा रहा है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि 31 मार्च 2026 तक माओवाद के खात्मे के एलान के बाद माओवादियों के खात्मे के लिए लगातार नक्सल प्रभावित इलाकों में बेस कैंप स्थापित किए जा रहे हैं, बेस कैंपों के जरिए जहां गांव वालों तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाई जा रही है वहीं माओवादियों को खत्म करने की भी कोशिशें जारी हैं। माओवाद के खात्मे के लिए दो मोर्चों पर सरकार काम कर रही है पहले मोर्चे पर एंटी नक्सल ऑपरेशन चलाया जा रहा है दूसरे मोर्चे पर उनके पुनर्वास की कोशिश की जा रही है। सरकार की नई पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में माओवादी हथियार भी डाल रहे हैं सरकार की सरेंडर पॉलिसी और एंटी नक्सल ऑपरेशन के बढ़ते दबाव से नक्सली घबरा गए हैं इसी घबराहट में इस तरह की हत्याओं को अंजाम दे रहे है।

## एयर मार्शल एके भारती ने दिया यह जवाब

# क्या भारत ने किराना हिल्स पर की स्ट्राइक? सोशल मीडिया पर हो रही चर्चा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर होने के बाद सेना ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। भारत की सैन्य कार्रवाई पर डीजीएमओ की प्रेस ब्रीफ्रिंग में डीजी एयर ऑपरेशन्स एयर मार्शल एके भारती ने कहा कि हमारी लड़ाई आतंकवादियों और उनके आकाओं से हैं, न कि पाकिस्तानी सेना से।

एयर मार्शल ने कहा कि अफसोस इस बात का है कि पाकिस्तानी सेना ने हस्तक्षेप करने और आतंकवादियों का पक्ष लेने का विकल्प चुना, जिसके कारण हमें जवाब देने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस बीच किराना हिल्स को लेकर पत्रकार ने सवाल पूछा जिसका एयर मार्शल ने दिलचस्प जवाब दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक पत्रकार ने एयर मार्शल से सवाल पूछा कि क्या हमने किराना हिल्स पर भी हमले किए हैं, जो कि न्यूक्लियर साइट है।

पत्रकार ने इसके संबंध में विदेशी विशेषज्ञों का हवाला दिया। इसके जवाब में एयर मार्शल ने कहा, 'हमें यह बताने के लिए धन्यवाद कि किराना हिल्स में कुछ परमाणु संयंत्र हैं, हमें इसके बारे में पता नहीं था। हमने किराना हिल्स पर हमला नहीं किया है, जो कुछ भी वहां है, वहीं पर है।'

## नूर खान चकलाला पर अटैक से घबराया पाक

रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान के स्ट्रैटेजिक प्लान डिवीजन को संभालने वाले एक डिवीजन के पास नूर खान चकलाला पर भारत के हमले ने पाकिस्तान को डरा दिया। यह न केवल पाकिस्तान की सेना का सेंट्रल ट्रांसपोर्ट हब है, बल्कि पाकिस्तान के स्ट्रैटेजिक प्लान डिवीजन के मुख्यालय से भी कुछ ही दूरी पर है, जो देश के परमाणु हथियारों की देखरेख और सुरक्षा करता है। इसके बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा नेशनल कमांड ऑथोरिटी की बैठक बुलाना था जो यह निर्णय लेता है कि परमाणु हथियारों का उपयोग कैसे और कब किया जाए। एनवायटी की रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका ने पर्याप्त सबूत इकट्ठा करने के बाद कार्रवाई की कि पाकिस्तान द्वारा भारतीय क्षेत्र में 300 से 400 ड्रोन भेजने के पीछे असली कारण उसकी हवाई सुरक्षा की जांच करना था। बाद में चिंता का सबसे बड़ा कारण तब सामने आया जब रावलपिंडी में नूर खान एयर बेस पर विस्फोट हुए। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पाकिस्तान ने जाहिर तौर पर अमेरिका से संपर्क किया और तभी वहां के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने जयशंकर से बात की और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने पीएम नरेंद्र मोदी से बात की। जेडी वेंस को बताया गया कि उन्हें समझना चाहिए कि भारत की प्रतिक्रिया बहुत ही कड़ी होगी।

## आप सांसद संजय सिंह ने सरकार से मांगा जवाब

# 'वो आतंकवादी कहां हैं, जिन्होंने हमारी बहनों की मांग का सिंदूर उजाड़ा'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली





आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद और यूपी प्रभारी संजय सिंह ने सीजफायर के फैसले पर पर सवाल उठाया। उन्होंने मांग की कि केंद्र सरकार को यह बताना चाहिए कि किसके दबाव में आकर सीजफायर किया गया, जबकि भारतीय सेना पाकिस्तान का मुंहतोड़ जवाब दे रही थी. उन्होंन ये भी पूछा कि केंद्र सरकार को यह बताना चाहिए कि आखिर वो आतंकवादी कहां हैं, जिन्होंने हमारी बहनों की मांग का सिंदूर उजाड़ा है। प्रयागराज में मीडिया से बातचीत में संजय सिंह ने कहा, "हिंदुस्तान केंद्र की मोदी सरकार से यह सवाल पूछ रहा है। पाक अधिकृत कश्मीर को वापस लेने का जो संकल्प भारतीय संसद ने 1994 में पास किया था, आखिर उस पर अमल क्यों नहीं हो रहा है?"

### 'अमेरिका के राष्ट्रपति पाकिस्तान को महान बता रहे'

संजय सिंह ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत के साथ ही पाकिस्तान को भी महान बताए जाने पर भी सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि क्या देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यह मानते हैं कि पाकिस्तान महान और शक्तिशाली देश है? उन्होंने कहा है कि वास्तविकता यह है कि पाकिस्तान कंगाल देश है और दुनिया के कई देशों से कर्ज मांग रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप उसे महान देश बता रहे हैं। आप सांसद ने कहा कि सीजफायर के फैसले से 140 करोड़ देशवासियों के मन में सवाल खड़े हो रहे हैं। उसका जवाब आगे आकर प्रधानमंत्री मोदी को देना चाहिए।

## हैदराबाद की कराची बेकरी में तोड़फोड़, नाम बदलने की मांग




**हैदराबाद।** भारत-पाकिस्तान में जारी तनातनी के बीच हैदराबाद की कराची बेकरी को लेकर भी विवाद छिड़ गया है। लोग बेकरी का नाम बदलने की मांग कर रहे हैं। तेलंगाना पुलिस ने बताया कि भाजपा सदस्यों ने हैदराबाद में कराची बेकरी की एक शाखा में कथित तौर पर तोड़फोड़ की और मालिकों से इसका नाम बदलने की मांग की।

पुलिस के अनुसार, यह घटना शनिवार दोपहर 3 बजे एक विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की पृष्ठभूमि में शमशाबाद स्थित कराची बेकरी की शाखा को विरोध का सामना करना पड़ा। आरजीआई एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर के बालाराजू ने बताया, 'बेकरी के किसी भी कर्मचारी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। कोई गंभीर नुकसान नहीं हुआ है।' 'हम घटना के कुछ ही मिनटों के भीतर मौके पर पहुंच गए थे और राजनीतिक संगठन के सदस्यों को तितर-बितर कर पाए।'

## हमास इजरायली-अमेरिकी बंधक एडन अलेक्जेंडर को रिहा करेगा

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) छात्रसंघ ने विश्वविद्यालय प्रशासन से वॉर जोन और सीमावर्ती क्षेत्रों से ताल्लुक रखने वाले छात्रों के लिए तत्काल शैक्षणिक राहत देने की अपील की है। छात्रसंघ ने कुलपति और डीन ऑफ स्टूडेंट्स को ईमेल भेजकर मौजूदा संकट के मद्देनजर अहम मांगें रखी हैं। छात्रसंघ ने कहा है कि देश इस समय अभूतपूर्व संकट से गुजर रहा है और सीमावर्ती तथा युद्ध प्रभावित क्षेत्रों से आने वाले छात्र गहरे मानसिक तनाव में हैं। वे अपने परिवार और मित्रों की सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित हैं। ऐसे हालात में उनकी पढ़ाई और भविष्य पर असर पड़ना तय है, जिसे रोकने के लिए विश्वविद्यालय को तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए।


C.PDCL

**छत्तीसगढ़ स्टे.पॉ.डि.कं.लि. राजनांदगांव**

क्र. 013/ 11-00/ सामान्य / -:: आवश्यक सूचना ::- राज, दिनांक /05/2025/

सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि मानसून पूर्व विद्युत लाईनों एवं उपकरणों के आवश्यक सुधार कार्य हेतु निम्नलिखित क्षेत्रों में प्रातः 8.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक निम्न तालिका अनुसार दर्शाई गई तिथियों में विद्युत प्रदाय बंद रहेगी :-

| क्र. | दिनांक | उपकेन्द्र का नाम/ फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | 13.05.2025 (मंगलवार) | 11 के.व्ही. रामदरबार फीडर | नेहरू नगर, एफ.सी.आई. गोदाम के आसपास, जी.ई. रोड, शंकर नगर, एबीस होटल के आसपास का क्षेत्र, शिवनाथ कालोनी। |
| | | 11 के.व्ही. महेश नगर | गोकुल नगर गोकुल धाम, रिद्धी-सिद्धी कॉलोनी फेस 1,2,3 आर्शीवाद कॉलोनी, महेश नगर, गार्डन, जीवन सूर्या कालोनी एवं आस पास के क्षेत्र। |
| 2 | 14.05.2025 (बुधवार) | 11 के.व्ही. पनेका फीडर | बजरंग नगर, मोहारा, मोहरा रोड के आसपास के क्षेत्र, पनेका गांव, बांकल |
| | | 11 के.व्ही. ग्रीनसिटी फीडर | ग्रीन सिटी कॉलोनी, समता कॉलोनी, डोंगरगांव रोड, महेश नगर, गांधी नगर, ग्रीन हाइट्स, कौरिनभाठा, सिद्धार्थ सिटी एवं आस-पास के औद्योगिक कनेक्शन। |
| | | 33 के.व्ही. एच.टी.सी | चाचा पोहा, सुमीत मंडी मॉल, बसंतपुर हॉस्पिटल, |
| 3 | 15.05.2025 (गुरूवार) | 11 के.व्ही. टाउन -3 फीडर | जलाराम मंदिर, कैलाश नगर, पी.डब्लु.डी. आफिस, गौरी शंकर पेट्रोल पंप, सिटी कोतवाली, माहामाया मंदिर, गुरूकृपा चौक, पोस्ट ऑफिस चौक, कीका भाई चौक, इमाम चौक, जुनी हटरी. भगवती फर्नीचर, सुरजन वकील गली. कामठी लाईन. शनि मंदिर, हमाल पारा, रणवीर बीड़ी कारखाना स्टेटबैक एवं आस-पास के क्षेत्र। |
| | | 11 के.व्ही. सिटी फीडर | अन्नपूर्णा रेस्टोरेंट, मानव मंदिर चौक, जयस्तंभ चौक, सोनारपारा, दीवनपारा पुराना हॉस्पिटल, गौशाला मार्केट एवं आस-पास के क्षेत्र। |
| 4 | 16.05.2025 (शुक्रवार) | 11 के.व्ही. कंचनबाग फीडर | लखोली अटल अवास शिवनाथ कॉलोनी, कंचन बाग अटल अवास, शान्ति विजय कॉलोनी, राजीव नगर आस पास का क्षेत्र |
| | | 11 के.व्ही. कमला कालेज फीडर | लक्ष्मीनगर, सृष्टी कॉलोनी, खण्डेलवाल कॉलोनी, कुंजबिहार कॉलोनी, नीलगिरी पार्क, विवेकानंद नगर, हाउसिंग बोर्ड फीडर कालोनी, कमला कॉलेज, कौरिनभाता स्कूल एवं आस पास के क्षेत्र । |
| 5 | 17.05.2025 (शनिवार) | 11 के.व्ही. विकास नगर फीडर | विकास नगर, राजीव नगर संजय नगर, दुर्गा चौक, कोठारा पारा, चक्की पारा, संतोषी नगर, अटल आवास, कन्हारपुरी। |

टीप :- आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई / बढ़ाई जा सकती है।
"असुविधा के लिए खेद है।"
"स्वहित एवं राष्ट्रहित में विद्युत की बचत कीजिए"

(आर.के.गोस्वामी)
कार्यपालन अभियंता (संचा./संधा.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लि.राजनांदगांव


## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी।

**मिथुन** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन अशान्त रहेगा।

**कर्क** — परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाइयों के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें।वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। आय की स्थिति में सुधार होगा। सेहत का ध्यान रखें। सन्तान सुख में वृद्धि होगी।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव बनाये रखने के लिए प्रयास करें। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी।

**तुला** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। मानसिक शान्ति बनाये रखें। माता का सानिध्य मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**धनु** — मित्रों के साथ धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य होंगे। भवन की साज-सज्जा पर खर्च अधिक रहेंगे।

**मकर** — आलस्य में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, लेकनि परिणाम संदिग्ध हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**कुंभ** — खर्च बढ़ेंगे। आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में इच्छा-विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**मीन** — कारोबार में सुधार के लिए भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। रहन-सहन कष्टदायी होगा। तनाव से बचें।

# तालिबान का नया फरमान चेस पर लगा दिया बैन

एजेंसी ▶▶ काबुल

**फैसले के बचाव में दी यह दलील**

अफगानिस्तान में तालिबान सरकार ने शतरंज खेलने पर अस्थायी रोक लगा दी है। उनका मानना है कि यह खेल जुए को बढ़ावा देता है, जो उनके अनुसार इस्लामी कानून के खिलाफ है।

तालिबान की इस कार्रवाई ने देशभर में उन लोगों को झटका दिया है जिनके लिए शतरंज मानसिक व्यायाम और मनोरंजन का एक जरिया था। तालिबान के खेल निदेशालय के प्रवक्ता अटल मशवानी ने एक बयान में कहा कि यह प्रतिबंध तब तक लागू रहेगा जब तक मजहबी अधिकारी यह तय नहीं कर लेते कि शतरंज इस्लामी सिद्धांतों के अनुसार सही है या नहीं। उन्होंने साफ कहा, 'जब तक इस पर मजहबी नजरिए से विचार नहीं हो जाता, शतरंज का खेल अफगानिस्तान में निलंबित रहेगा।'काबुल जैसे शहरों में, जहां लोग दिन भर की भागदौड़ और तनाव के बीच कुछ समय दिमागी खेलों में लगाते थे, वहां इस फैसले का सीधा असर पड़ा है। अजीजुल्लाह गुलजादा, जो एक छोटा सा कैफे चलाते हैं जहां लोग शतरंज खेलने आते थे।

## शब्द पहेली - 5865



**बाएँ से दाएँ**
1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

### शब्द पहेली- 5864 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | द | त | न | ■ | ल | ■ | वा | य | लि | न |
| ■ | ल | ■ | रा | ■ | प | व | न | ■ | ख | फा |
| ए | ■ | ■ | ध | व | ल | ■ | र | ■ | ■ | स |
| ह | र | द | म | ■ | पा | ल | ■ | फ | क | त |
| सा | ■ | म | ■ | दा | ना | ■ | सा | ■ | मा | ■ |
| न | वी | न | त | म | ■ | अ | ज | वा | ई | न |
| ■ | र | ■ | वा | ■ | स | दा | ■ | रि | ■ | वी |
| प | ता | का | ■ | ह | क | ■ | अ | स | मा | न |
| र | ■ | ■ | जी | ■ | प | र | दा | ■ | ■ | ता |
| वा | त | ■ | न | ल | का | ■ | व | ■ | द | ■ |
| ज | रु | र | त | ■ | ना | ■ | त | ल | वा | र |

## सूडोकु नवताल- 5875

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5874 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

# सोने में 3,400 रुपए की बड़ी गिरावट, अमेरिका-चीन समझौते से मांग घटी

**सोने की कीमत घटकर 96,550 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गई**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

■ कारोबारियों ने सुरक्षित निवेश सोने से हटकर खरीदारी की

अमेरिका द्वारा चीन के आयात पर शुल्क वृद्धि को 90 दिन तक रोकने की घोषणा के बाद कारोबारियों ने सुरक्षित निवेश विकल्प यानी सोने से हटकर खरीदारी की, जिससे राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत 3,400 रुपये की भारी गिरावट के साथ 96,550 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 3,400 रुपये गिरकर 96,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। यह 23 जुलाई, 2024 को सोने की कीमतों में 3,350 रुपये की गिरावट के बाद से 10 माह की सबसे बड़ी गिरावट है। शनिवार को 99.9 और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 99,950 रुपये और 99,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### भारत-पाक तनाव में भी कमी आई

मेहता इक्विटीज लिमिटेड के उपाध्यक्ष (जिंस) राहुल कलंत्री ने कहा, ''अमेरिका और चीन के बीच व्यापार वार्ता में प्रगति के संकेत और भारत-पाकिस्तान सहित भू-राजनीतिक तनाव में कुछ राहत के बीच सोने की कीमतों में भारी गिरावट आई है। साथ ही, चांदी की कीमतें शनिवार के बंद भाव 99,900 रुपये प्रति किलोग्राम से 200 रुपये टूटकर 99,700 रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं।



### डॉलर इंडेक्स में 1.42 फीसदी की वृद्धि

इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर की मजबूती मापने वाला, डॉलर इंडेक्स 1.42 प्रतिशत बढ़कर एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषण विभाग के उपाध्यक्ष (जिंस और मुद्रा) जतिन त्रिवेदी के अनुसार, रूस और यूक्रेन के बीच संभावित संघर्ष विराम के संकेतों और भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर सहमति बनने से भू-राजनीतिक तनाव कम हुआ है।

### 145 फीसदी शुल्क घटाने पर सहमति

सप्ताहांत में जिनेवा में व्यापार वार्ता के बाद, अमेरिका ने चीनी वस्तुओं पर अपनी 145 प्रतिशत शुल्क दर को घटाकर 30 प्रतिशत करने पर सहमति व्यक्त की, जबकि चीन ने 90 दिन की अवधि के लिए अमेरिकी वस्तुओं पर अपनी दर को घटाकर 10 प्रतिशत करने पर सहमति व्यक्त की।

*सोने में भारी मुनाफावसूली हुई : त्रिवेदी ने कहा कि इन घटनाक्रमों से सोने में भारी मुनाफावसूली हुई, जो पहले वैश्विक अनिश्चितता के कारण चढ़ गया था। शेयर बाजारों में मजबूत तेजी ने भी सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की अपील को प्रभावित किया।*

## खबर संक्षेप

### बजाज इलेक्ट्रिकल्स का लाभ हुआ दोगुना

**नई दिल्ली।** बजाज इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड का वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ दोगुना होकर 59.05 करोड़ रुपये हो गया। 2023-24 की चौथी (मार्च) तिमाही में मुनाफा 29.31 करोड़ रुपये रहा था। समीक्षाधीन तिमाही में उसकी परिचालन आय 6.5 प्रतिशत बढ़कर 1,265.47 करोड़ रुपये हो गई।

### बिड़ला कॉरपोरेशन का लाभ 32.7 प्रतिशत बढ़ा

**कोलकाता।** एमपी बिड़ला समूह की प्रमुख कंपनी बिड़ला कॉरपोरेशन लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में 32.7 प्रतिशत बढ़कर 256.60 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 193.34 करोड़ रुपये था। मार्च तिमाही में उसकी एकीकृत कुल आय 6.8 प्रतिशत बढ़कर 2,863.14 करोड़ रुपये हो गई।

### टाटा स्टील का मुनाफा दोगुना होकर 1,200 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** टाटा स्टील का मार्च, 2025 को समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 1,200.88 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी ने 554.56 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की कुल आय घटकर 56,679.11 करोड़ रुपये रही। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही मे यह 58,863.22 करोड़ रुपये रही थी।

## अमेरिका और चीन ने एकदूसरे पर भारी शुल्क लगाया

# अमेरिका, चीन में अधिकतर शुल्क पर 90 दिन की रोक लगाने पर सहमति

एजेंसी ▶▶ जेनेवा

*अमेरिका और चीन ने हाल ही में एक-दूसरे पर लगाए भारी शुल्क में से अधिकतर पर 90 दिन की रोक लगाने को लेकर दोनों देशों के बीच सहमति बनने की सोमवार को जानकारी दी। इससे शेयर बाजारों में उछाल आया है क्योंकि विश्व की दो प्रमुख आर्थिक शक्तियों ने टकराव से एक कदम पीछे हटा लिया जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था अस्थिर हो गई थी।*


■ शुल्क मेअब घटकर 30 प्रतिशत करने पर विचार

■ दोनों प्रमुख आर्थिक शक्तियों ने टकराव से एक कदम पीछे लिया

अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर ने कहा कि अमेरिका ने चीनी वस्तुओं पर 145 प्रतिशत शुल्क दर का 115 प्रतिशत घटाकर 30 प्रतिशत करने पर, जबकि चीन ने अमेरिकी वस्तुओं पर अपनी दर को भी इतना की कम कर 10 प्रतिशत करने पर सहमति व्यक्त की है। ग्रीक और अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने जेनेवा में संवाददाता सम्मेलन में शुल्क कटौती की घोषणा की।

### व्यापार मुद्दों पर चर्चा जारी रखने रूपरेखा तैयार

इसके अलावा दोनों पक्षों ने अपने व्यापार मुद्दों पर चर्चा जारी रखने की रूपरेखा तैयार की है। दो दिन की वार्ता के बाद बेसेंट ने कहा कि उच्च शुल्क स्तर से दोनों पक्षों के सामान पर पूरी तरह रोक लग गई ऐसा परिणाम कोई भी पक्ष नहीं चाहता। बेसेंट ने कहा, इस सप्ताहांत दोनों प्रतिनिधिमंडलों की आम सहमति यह है कि कोई भी पक्ष अलगाव नहीं चाहता है।




### जटिल शुल्क पर प्रभाव अब भी अस्पष्ट

अमेरिका और चीन की ओर से लागू किए गए जटिल शुल्क पर इसका पूरा प्रभाव अब भी अस्पष्ट है। काफी कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि वे 90 दिन के इस निलंबन के दौरान लंबे समय से जारी रहे मतभेदों को पाटने के तरीके खोज पाएंगे या नहीं।

### अमेरिका एकतरफा शुल्क वृद्धि की प्रथा को रोकेगा

मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, '' यह पहल दोनों देशों के उत्पादकों व उपभोक्ताओं की अपेक्षाओं के अनुरूप है और दोनों देशों के हितों के साथ-साथ विश्व के साझा हितों को भी पूरा करती है।' इसमें कहा गया चीन को उम्मीद है कि अमेरिका '' एकतरफा शुल्क वृद्धि की गलत प्रथा'' को रोकेगा और चीन के साथ अपने आर्थिक एवं व्यापारिक संबंधों के विकास की रक्षा के लिए काम करेगा, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था में अधिक निश्चितता तथा स्थिरता आएगी।

### शुल्क केवल 90 दिन के लिए निलंबित किया गया

जेन्स ने बयान में कहा कि शुल्क को केवल 90 दिन के लिए निलंबित किया गया है और आगे क्या होगा इसको लेकर काफी अनिश्चितता है। एस्केलंड ने कहा, '' व्यवसायों को सामान्य परिचालन बनाए रखने एवं निवेश संबंधी निर्णय लेने के लिए पूर्वानुमान की आवश्यकता होती है। इसलिए चैंबर को उम्मीद है कि दोनों पक्ष मतभेदों को सुलझाने के लिए बातचीत जारी रखेंगे और ऐसे कदम उठाने से बचेंगे जो वैश्विक व्यापार को बाधित करेंगे...।''

### अमेरिका ने शुल्क बढ़ाकर 145 फीसदी कर दिया था

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले महीने चीन पर अमेरिकी शुल्क को बढ़ाकर 145 प्रतिशत कर दिया था और चीन ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए अमेरिकी आयात पर 125 प्रतिशत का शुल्क लगाया था। इतने अधिक शुल्क का मतलब है कि दोनों देश एक-दूसरे के उत्पादों का बहिष्कार कर रहे हैं जिससे व्यापार बाधित हो रहा है, जो पिछले वर्ष 660 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक था। अमेरिका और चीन की घोषणा से शेयर बाजारों में उछाल आया।

# बांड म्यूचुअल फंड में 2.19 लाख करोड़ रुपए का निवेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




■ पहले दो महीने में निकासी हावी रही

■ निवेशकों की संख्या में भी हुआ इजाफा

बॉन्ड या ऋण साधनों पर केंद्रित (डेट) म्यूचुअल फंड योजनाओं में शुद्ध निवेश अप्रैल में सुधरकर 2.19 लाख करोड़ रुपये हो गया जबकि इसके पहले दो महीनों में निकासी हावी रही थी। उद्योग निकाय ने सोमवार को यह जानकारी दी।

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि निवेश आने से अप्रैल में ऋण या बॉन्ड में निवेश करने वाले म्यूचुअल फंड की प्रबंधन-अधीन परिसंपत्तियां बढ़कर 17.57 लाख करोड़ रुपये हो गईं जबकि मार्च में यह 17.02 लाख करोड़ रुपये थीं।

इसके साथ ही अप्रैल में निवेशक आधार में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस दौरान निवेशकों की संख्या 1.44 लाख बढ़कर अप्रैल में 79.36 लाख हो गई। आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में उछाल व्यापक आधार पर रहा। इस दौरान 16 में से 12 डेट म्यूचुअल फंड श्रेणियों में शुद्ध निवेश हुआ। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया में वरिष्ठ विश्लेषक एवं शोध प्रबंधक नेहल मेश्राम ने कहा कि अप्रैल में यह बदलाव मार्च में 2.02 लाख करोड़ रुपये की निकासी के बाद हुआ है।


मार्च में प्रवाह घटने का कारण वित्त वर्ष के अंत में निवेशकों द्वारा अग्रिम कर भुगतान के लिए निकाली गई नकदी थी।

### फरवरी में निकासी देखी गई

फरवरी में भी बॉन्ड-केंद्रित म्यूचुअल फंड योजनाओं से 6,525 करोड़ रुपये की निकासी देखी गई थी। हालांकि, जनवरी में इस श्रेणी में 1.28 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया था। अप्रैल के दौरान 16 श्रेणियों में से लिक्विड फंड में सबसे अधिक 1.18 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश हुआ, जबकि मार्च में 89 प्रतिशत से अधिक निकासी हुई थी।

## बिजनेस साइट

### किसना डायमंड का भिलाई में दूसरा एक्सक्लूसिव शोरूम लांच



**भिलाई।** किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने छत्तीसगढ़ के भिलाई स्थित मोतीलाल नेहरू नगर में अपने दूसरे एक्सक्लूसिव शोरूम के भव्य उद्घाटन की घोषणा की। इस शुभ अवसर पर हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा बढ़ाई। शोरूम के उद्घाटन के उपलक्ष्य में किसना ग्राहकों को मेकिंग चार्ज पर 100 प्रतिशत तक की छूट और हमारी नवीनतम समर कलेक्शन-जहाँ सहज सादगी मिलती है शाश्वत भव्यता से-की खोज करने का आमंत्रण देता है। ढोलकियाने कहा, भिलाई में यह शोरूम हमारे मध्य भारत में बढ़ते रिटेल नेटवर्क का एक रणनीतिक विस्तार है। ऐसे उच्च संभावनाओं वाले बाजारों में प्रवेश कर किसना का उद्देश्य है कि वह आकांक्षी उपभोक्ताओं को सुलभ लक्ज़री और बेजोड़ सेवा प्रदान करे। यह हमारे विज़न 'हर घर किसना' के अनुरूप है, जिसके तहत हम भारत का सबसे तेज़ी से बढ़ता ज्वेलरी ब्रांड बनना चाहते हैं और हर महिला का डायमंड ज्वेलरी पहनने का सपना साकार करना चाहते हैं।

### नीट-2026 की तैयारी के लिए एलन कोटा में 14 मई से रिपीटर्स बैच



**कोटा।** नीट-2025 की परीक्षा के बाद अब मेडिकल की तैयारी कर रहे रिपीटर्स विद्यार्थियों के लिए एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा ने नीट-यूजी 2026 के लिए नए बैच की घोषणा कर दी है। 12वीं पास रिपीटर्स विद्यार्थियों के लिए बैच 14 मई से शुरू हो रहे हैं, जिसमें एडमिशन लेने वाले छात्रों को 90 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप दी जाएगी। एलन कोटा में 12 से 17 मई तक एलन स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट (ए-सेट) का आयोजन भी किया जा रहा है। यह छात्रों के लिए एक महाअवसर है, जिसमें भाग लेकर वे एलन की फीस में अधिकतम 90 प्रतिशत तक की छूट प्राप्त कर सकते हैं। इस अवधि में प्रतिदिन ए-सेट परीक्षा आयोजित की जाएगी। एलन कोटा के प्रेसिडेंट विनोद कुमावत ने बताया कि कक्षा 10वीं से 11वीं में जाने वाले छात्रों के लिए नीट नर्चर बैच 15 और 29 मई से प्रारंभ होंगे।

वहीं, 12वीं के छात्रों के लिए एंथ्यूज बैच 15 मई से शुरू किया जा रहा है। जेईई की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए 11वीं वालों के लिए नर्चर बैच 21 मई से तथा 12वीं पास छात्रों के लिए लीडर बैच 25 मई और 13 जून से शुरू होंगे।

### एक्सिस बैंक ने नवी मुंबई में लक्ष्य शूटिंग क्लब के साथ की साझेदारी




**रायपुर।** भारत के निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने देश के खेल परितंत्र को मज़बूत करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप नवी मुंबई में अत्याधुनिक 'एक्सिस बैंक लक्ष्य शूटिंग क्लब हाई परफॉरमेंस सेंटर' (एचपीसी) स्थापित करने के लिए लक्ष्य शूटिंग क्लब (एलएससी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। एक्सिस बैंक के ग्रुप एक्जीक्यूटिव एंड हेड-होलसेल बैंक कवरेज एंड सस्टेनेबिलिटी, विजय मुलबागल और लक्ष्य शूटिंग क्लब की चेयरमैन, सुश्री सुमा शिरूर ने मुंबई में बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। यह विशेष शूटिंग सेंटर उभरते निशानेबाजों को बढ़ावा देने के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा, व्यापक एथलेटिक विकास कार्यक्रम और सामुदायिक जुड़ाव गतिविधियां प्रदान करेगा।

## इस साल अप्रैल तक 4.24 लाख टन चीनी का निर्यात

■ इसमें से अधिकतम खेप सोमालिया भेजी गई


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत ने चालू विपणन वर्ष 2024-25 में अप्रैल माह तक 4.24 लाख टन चीनी का निर्यात किया है। इसमें से 92,758 टन की अधिकतम खेप सोमालिया को भेजी गई है। व्यापार निकाय एआईएसटीए ने सोमवार को यह जानकारी दी। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। भारत में विपणन वर्ष 2024-25 के लिए चीनी निर्यात की अनुमति 20 जनवरी, 2025 को दी गई थी। निर्यात के लिए अनुमति कुल मात्रा 10 लाख टन है। अखिल भारतीय चीनी व्यापार संघ के अनुसार, मिलों ने चालू विपणन वर्ष में 30 अप्रैल तक कुल 4,24,089 टन चीनी का निर्यात किया है। इसमें से इस साल अप्रैल तक सफेद चीनी का निर्यात 3.27 लाख टन, परिष्कृत चीनी का 77,603 टन और कच्ची चीनी का 18,514 टन रहा है। इसमें कहा गया है कि करीब 25,000 टन चीनी की लोडिंग चल रही है। अब तक किए गए कुल निर्यात में से, अधिकतम खेप सोमालिया को 92,758 टन, उसके बाद अफगानिस्तान को 66,927 टन, श्रीलंका को 60,357 टन और जिबूती को 47,100 टन की खेप भेजी गई है।

## भारत में यात्री वाहनों की थोक बिक्री बढ़ने की उम्मीद : सुजुकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



जापान की वाहन कंपनी सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन ने सोमवार को कहा कि भारतीय बाजार में उसके यात्री वाहनों की कुल थोक बिक्री 2025-26 में लगभग 1-2 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। कंपनी की भारतीय इकाई मारुति सुजुकी को उम्मीद है कि इस दौरान उसका प्रदर्शन उद्योग के मुकाबले अच्छा रहेगा। कंपनी का इरादा 2025-26 में पूंजीगत व्यय के रूप में कुल 380 अरब येन निवेश करने का है। सुजुकी ने कहा कि भारत में निवेश इसका लगभग 50 प्रतिशत होगा और कंपनी की यात्री वाहनों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने की योजना है। भारत में वित्त वर्ष 2025-26 के नजरिये पर, सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन (एसएमसी) ने एक निवेशक प्रस्तुति में कहा, ''हालांकि, एसयूवी बाजार में मजबूत मांग है, लेकिन कॉम्पैक्ट कारों की मांग सुस्त बनी हुई है, और थोक बिक्री के लिए समग्र बाजार में (लगभग) 1-2 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है।''
कंपनी 'बीईवी ई विटारा' सहित दो नई एसयूवी पेश करने के साथ वृद्धि को आगे बढ़ाने की योजना बना रही है।

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दाश M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं: पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं: मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

# विराट पारी... गोल मटोल 'चीकू', 'भैया', 'रन मशीन' और 'किंग कोहली' के 14 साल का टेस्ट सफर खत्म

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम दिल्ली के लड़के का 'स्वैग' लेकर भारतीय ड्रेसिंग रूम में दाखिल हुए विराट कोहली क्रिकेट को लेकर अपने असीम जुनून के चलते मौजूदा दौर के महानायक बनकर उभरे और ऐसे समय में पारंपरिक क्रिकेट से विदा ली जब उनके और खेलते रहने की उम्मीद की जा रही थी। विराट ने स्वीकार किया कि टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का फैसला आसान नहीं था लेकिन सही था। सवाल यह उठता है कि यह विचार उनके जेहन में पहली बार कब कौंधा ? शायद आस्ट्रेलिया के खराब दौरे के बाद जहां उन्होंने पर्थ में दूसरी पारी में शतक के बाद सिर्फ 91 रन बनाए। स्विंग और उछाल को झेलने में उन्हें इतनी परेशानी हुई कि उनकी वापसी संभव नहीं लग रही थी। इसके बावजूद भारतीय क्रिकेट को इंग्लैंड दौरे पर उनकी जरूरत थी। शरीर से ज्यादा दिमाग की। लेकिन शायद वह पांच टेस्ट मैचों की एक और श्रृंखला खेलने के लिए तैयार नहीं थे। अपने सीनियर खिलाड़ियों के लिए गोल मटोल 'चीकू' से जूनियर खिलाड़ियों के 'भैया' तक 'किंग कोहली' ने लंबा सफर तय किया है और अपने कॅरियर में काफी उतार चढ़ाव भी देखे।

## पिता की निधन की खबर सुनकर भी खेले

2006 में अठारह बरस के कोहली ने अपने पिता प्रेम कोहली के निधन की खबर सुनकर भी 90 रन बनाकर दिल्ली को फॉलोआन से बचाया और फिरोज शाह कोटला स्टेडियम से सीधे श्मशान घाट जाकर उनकी अंतिम संस्कार किया। इसके बाद 2025 में 36 साल के सुपरस्टार विराट कोहली को रेलवे के मध्यम तेज गेंदबाज हिमांशु सांगवान ने करीब 20000 दर्शकों के सामने रणजी ट्रॉफी मैच में आउट किया। वह आखिरी बार था जब कोहली सफेद जर्सी में चमचमाती एसजी गेंद को खेलते दिखे। बीच के 18 साल में उन्होंने 30 टेस्ट शतक लगाए।

## 10 हजार टेस्ट रन से चूके

इंडियन प्रीमियर लीग की जगमगाहट के बीच लोग कोहली को टेस्ट बल्लेबाजी करते देखना चाहते रहे हैं। कोहली को 10000 टेस्ट रन पूरे करने के लिए 770 रन और चाहिए थे। उनके समकालीन इंग्लैंड के जो रूट टेस्ट में 13000 रन पूरे करने से कुछ रन पीछे हैं जबकि आस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ 10000 रन पूरे कर चुके हैं। न्यूजीलैंड के केन विलियमसन इससे 724 रन दूर हैं।



## टी20, वनडे और चैंपियंस ट्रॉफी चैंपियन

कोहली भारत के सबसे सफल बल्लेबाजों में से एक हैं। उनके नाम कई रिकॉर्ड है। कोहली भारत के उन चुनिंदा खिलाड़ियों में से हैं जिन्होंने टी20 विश्व, वनडे विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी जैसी आईसीसी के तीन खिताब जीते हैं। कोहली 2011 वनडे विश्व कप टीम का हिस्सा थे जिसने श्रीलंका को हराकर खिताब अपने नाम किया था। इसके बाद 2013 और 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी की विजेता टीम का भी हिस्सा रहे। इसके अलावा 2024 में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप का खिताब जीतने वाली टीम का भी कोहली हिस्सा थे। कोहली के लिस्ट में सिर्फ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब नहीं जुड़ सका, जबकि दो बार टीम फाइनल में पहुंची थी।

## अनुष्का के साथ घर पहुंचे विराट

भारतीय क्रिकेट फैंस को उस वक्त आज एक बड़ा झटका लगा, जब विश्व क्रिकेट के दिग्गज और पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया। टेस्ट से अपने संन्यास के एलान के बाद विराट कोहली पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ दिल्ली अपने घर पहुंचे हैं। दिल्ली एयरपोर्ट से विराट और पत्नी अनुष्का का वीडियो सामने आया है। इससे थोड़ी देर पहले दोनों मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आए थे।



## रोहित-कोहली के टेस्ट संन्यास ने दिखाया चयन समिति का दमखम और दूरदर्शिता

**नई दिल्ली।** हमेशा सुर्खियों में रहने वाली भारतीय क्रिकेट टीम का चयन करना आसान काम नहीं और पिछले कुछ अर्से में कठिन फैसले नहीं लेने के कारण चयन समितियों को 'रीढ़हीन' तक करार दिया गया। एक सप्ताह के भीतर ही हालांकि अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास में अहम भूमिका निभाकर इस धारणा को बदल दिया। निश्चित तौर पर मुख्य कोच गौतम गंभीर को भी इसकी जानकारी रही होगी। इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रहे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के नए चक्र से पहले चयनकर्ताओं ने रोहित को अपने फैसले से अवगत करा दिया। इसके साथ ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के कोहली के अनुरोध को भी मान लिया।


## 9 क्रिकेटर्स ने साल 2025 में क्रिकेट को कहा अलविदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टीम की 'रन मशीन' विराट कोहली ने सोमवार को 14 साल के अपने टेस्ट करियर पर विराम लगा दिया। 'किंग कोहली' ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स के जरिए टेस्ट प्रारूप से संन्यास की घोषणा की। विराट कोहली के साथ ही भारतीय टेस्ट टीम में बदलाव का दौर शुरू हो गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि पिछले साल दिसंबर में रविचंद्रन अश्विन और पिछले सप्ताह रोहित शर्मा ने संन्यास की घोषणा की थी। चलिए आपको ऐसे क्रिकेटर्स के नाम बताते हैं, जिन्होंने साल 2025 में किसी प्रारूप या फिर सभी फॉर्मेट्स से संन्यास









### संन्यास लेने वाले क्रिकेटर्स

| खिलाड़ी | देश | प्रारूप |
|---|---|---|
| मार्टिन गप्टिल | न्यूजीलैंड | सभी |
| तमीम इकबाल | बांग्लादेश | सभी |
| मार्कस स्टोइनिस | ऑस्ट्रेलिया | वनडे |
| दिमुथ करुणारत्ने | श्रीलंका | सभी |
| स्टीव स्मिथ | ऑस्ट्रेलिया | वनडे |
| मुश्फिकुर रहीम | बांग्लादेश | वनडे |
| महमूदुल्लाह | बांग्लादेश | सभी |
| रोहित शर्मा | भारत | टेस्ट |
| विराट कोहली | भारत | टेस्ट |

## क्रिकेट जगत ने दी विराट को बधाई

'टेस्ट क्रिकेट में एक युग का अंत लेकिन उनकी विरासत हमेशा रहेगी। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा। उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा।'
- बीसीसीआई

'भारत के महान टेस्ट क्रिकेटरों में से एक विराट कोहली ने पारंपरिक प्रारूप से विदा ली। सफेद जर्सी नहीं पहनेंगे लेकिन ताज बरकरार रहेगा। विराट कोहली ने अतुलनीय विरासत छोड़कर विदा ली।'
-आईसीसी



'शानदार टेस्ट कॅरियर के लिए बधाई विराट कोहली। टी20 क्रिकेट के उत्थान के दौर में पारंपरिक प्रारूप की लोकप्रियता बनाए रखने और अनुशासन, फिटनेस, प्रतिबद्धता के मामले में असाधारण उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए धन्यवाद।'
- जय शाह




'शेर की तरह जुनून वाला एक इंसान। तुम्हारी कमी खलेगी।'
- गौतम गंभीर



'टेस्ट क्रिकेट ने तुम्हारे भीतर के योद्धा को तलाशा और तुमने इसके लिए सब कुछ दे दिया। तुमने महान खिलाड़ियों की तरह खेला, सीने में आग और हर कदम पर गर्व। सफेद जर्सी में तुम्हारे योगदान पर गर्व है।'
- युवराज सिंह

## ईशप्रीत ने आडवाणी को 10-7 से हराकर जीता स्नूकर खिताब



**मुंबई।** ईशप्रीत चड्ढा ने नौ घंटे तक चले मैराथन फाइनल में अनुभवी क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी को 10-7 से हराकर एनएससीआई बॉल्कलाइन स्नूकर टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। चड्ढा ने 'बेस्ट-ऑफ-19' फ्रेम के फाइनल में 62-45, 4-77, 59-35, 7-65, 68-12, 57-66, 19-60, 90 (90)-0, 33-70, 0-97 (97), 99 (94)-16, 75 (67)-35, 75-27, 68-31, 83 (68)-10, 6-122 (122), 73-72 से जीत हासिल की। आडवाणी ने एक समय 4-3 की बढ़त बना ली थी लेकिन चड्ढा ने अपने प्रतिद्वंद्वी को पीछे छोड़ दिया। आडवाणी ने फाइनल में एकमात्र शतकीय ब्रेक 16वें फ्रेम में 122 बनाकर हासिल किया। पर चड्ढा ने 17वें फ्रेम में फाइनल खत्म कर दिया।

## घुड़सवार अनुष का जर्मनी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**बीलेफेल्ड।** एशियाई खेलों के दोहरे पदक विजेता भारतीय ड्रेसेज घुड़सवार अनुष अग्रवाला ने यहां होल्टकैम्पर ड्रेसर्टेज ग्रां प्री में 69.44 प्रतिशत का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ स्कोर हासिल किया। यह उनके नए घोड़े एट्रो के साथ प्रभावशाली प्रदर्शन था। यह उनकी साथ में दूसरी ही ग्रां प्री थी। 2022 हांग्झोउ एशियाई खेलों में टीम स्वर्ण और व्यक्तिगत कांस्य पदक जीतने वाले अनुष ने कहा, 'मुझे हमारे प्रदर्शन पर गर्व है। एट्रो और मैंने कम समय में एक-दूसरे से बहुत कुछ सीखा है। इसके पीछे कई महीनों की कड़ी मेहनत रही है।



हालांकि अब भी सुधार की गुंजाइश है, लेकिन यह सत्र की एक मजबूत शुरुआत है और मैं यहां से आगे बढ़ने के लिए उत्साहित हूं।' यह जोड़ी अब इस सप्ताह के अंत में बेल्जियम के लियर में प्रतिस्पर्धा करेगी।

## प्रो लीग हॉकी: भारत ने की 24 सदस्यीय हॉकी टीम की घोषणा



**नई दिल्ली।** भारत ने सोमवार को महिला प्रो लीग हॉकी के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें मिडफील्डर सलीमा टेटे को कप्तान बनाया गया है। भारत 14 से 29 जून तक लंदन, एंटवर्प और बर्लिन में ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, बेल्जियम और चीन के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगा। अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर उप कप्तान होंगी। टीम में गोलकीपर सविता और बीचू देवी खारीबाम शामिल हैं। अनुभवी सुशीला चानू पुखरामबम, ज्योति, सुमन देवी थौदम, ज्योति सिंह, इशिका चौधरी और ज्योति छत्री डिफेंडर होंगी। मिडफील्ड की जिम्मेदारी वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुजाता कुजूर, मनीषा चौहान, नेहा, सलीमा, लालरेमसियामी, शर्मिला देवी, सुनीता टोप्पो और महिमा टेटे के कंधों पर होगी। दीपिका, नवनीत, दीपिका सोरेंग, बलजीत कौर, रुतुजा दादासो पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग और साक्षी राणा फॉरवर्ड होंगी।





Terms and Conditions apply. **Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. **The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. **The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. Cashback Offer available on all Honda2wheelers models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank credit cards through Pine Labs machines only. Customers can avail 5% Instant cashback, up to a maximum of ₹5000. Valid on one transaction per card/order during the offer period. The scheme is available in selected outlets only. *3 Years Free Service Maintenance Package is available only on Deluxe variant of Activa 110 and Activa 125. *For detailed Terms and Conditions of the 3-Year Free Service Maintenance Package worth ₹5500, kindly contact authorised main dealers and associate dealers. *Above scheme can be withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 31st May 2025. The features shown in the creative are may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

हॉंडा अधिकृत विक्रेता : रायपुर : ए सिटी हॉंडा – 9785823333, ग्रैंड हॉंडा – 0771-4033794, वरूण हॉंडा – 0771-4005901, जी.के. हॉंडा – 8058254444, आरंग: वी श्री हॉंडा – 9893728947, भिलाई: आन हॉंडा (पॉवर हाउस): 0788-4013336, 9584378238, जुनवानी रोड (फरीद नगर मैदान के सामने) – 6269092899, नंदिनी रोड (बैंक ऑफ बडौदा के पास) – 6269090005, हाऊसिंग बोर्ड (एकता चौक) 6269090006, कोहका (रूंगटा रोड) 6269090004, नेहरू नगर (नेहरू नगर चौक) 8518020999, दुर्ग: श्री सांईराम हॉंडा (स्टेशन रोड) – 0788-4017246, 8458882333, रिसाली (कृष्णा टाकीज रोड) – 0788-4067690, 8823050333, बोरसी (एसबीआई बैंक के पास) – 0788-4058968, 8823050444, राजनांदगांव: अंशदीप हॉंडा – 07744-223100, मनराज हॉंडा – 07744-223333, महासमुंद: श्री आर्यन हॉंडा – 9425204997, दल्लीराजहरा: श्री शुभ हॉंडा – 7587764225, 9406082344, बालोद (गंजपारा)– 9425564232, बलौदा बाजार: किरण हॉंडा – 7049518181, कवर्धा: प्रथा हॉंडा– 7400550099, बेमेतरा : श्री रामा हॉंडा – 7824222521, धमतरी: श्री श्याम हॉंडा– 07722-233255, जगदलपुर: वाहेगुरू हॉंडा – 8435090001, कोंडागांव: दंतेश्वरी हॉंडा– 8517909999, कांकेर : शिवनाथ हॉंडा – 8720008800, 7970005301

For Bulk / Institutional enquiries, please write us at : institutionalsales@honda2wheelersindia.com

Embassy

# सहकारी केंद्रीय बैंक के 110 कर्मचारियों का बहाली आदेश हाईकोर्ट ने किया अपास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट की डबल बैंच ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर के 110 कर्मचारियों की सेवा समाप्ति के निरस्तीकरण आदेश को अपास्त कर दिया है। ध्यान रहे कि सिंगल बेंच ने कर्मचारियों के पक्ष में फैसला दिया था। इसके खिलाफ सहकारी बैंक ने डीबी में अपील की थी। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की डबल बेंच ने यह फैसला दिया है। सिंगल बेंच ने अपीलकर्ता पंकज कुमार तिवारी के साथ ही कर्मचारियों को बिना बकाया वेतन के बहाल करने का आदेश जारी किया गया था।

समिति प्रबंधक पंकज कुमार तिवारी, मोहम्मद इमरान खान, चंदन प्रताप सिंह, सीमा देवांगन, चंचल कुमार दुबे, चंद्रशेखर कुर्रे, लेखा कश्यप, भूपेंद्र राठौर, नरेंद्र कुमार मिश्रा, अमित पटेल व अन्य लोगों ने यह याचिका अपनी सेवा समाप्ति के खिलाफ लगाई थी। सिंगल बेंच ने हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद सेवा में बहाल करने के आदेश जारी किया था। याचिका के मुताबिक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा 14 जून 2014 को विभिन्न पद हेतु विज्ञापन जारी किया गया था।

**सिंगल बेंच ने दिया था कर्मचारियों के पक्ष में फैसला**



## राज्य सहकारी अधिकरण से खारिज

याचिकाकर्ता पंकज कुमार तिवारी की ओर से अन्य ने समिति प्रबंधक के पद पर आवेदन किया। सभी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उनकी नियुक्ति संस्था प्रबंधक के पद पर 14 फरवरी 2015 को हुई, जिसके आधार पर 13 मार्च 2015 को अपना कार्यभार ग्रहण किया। बाद में सहकारी बैंक की समस्त भर्ती प्रक्रिया में शिकायत होने पर जांच समिति गठित की गई। जांच प्रतिवेदन के आधार पर जिला सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालिका अधिकारी ने 4 नवंबर 2015 को पंकज तिवारी को नोटिस जारी किया और 23 नवंबर 2015 को सेवा समाप्ति का आदेश जारी कर दिया गया। इस आदेश के खिलाफ उन्होंने संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्था रायपुर संभाग के समक्ष अपील किया। 14 अक्टूबर 2019 को अपील खारिज कर दी गई। इसके बाद छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी अधिकरण बिलासपुर ने भी 20 फरवरी 2020 को अपील को खारिज कर दिया।

## शिकायत प्रमाणित नहीं फिर भी कार्रवाई

इसके बाद कर्मचारियों ने हाईकोर्ट में याचिका पेश की। जस्टिस एके प्रसाद के कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान याचिका में कहा गया कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा कुल 110 पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। याचिकाकर्ताओं ने सभी पात्रता को पूरा किया और साक्षात्कार के माध्यम से नियुक्ति पाई। याचिकाकर्ता को बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने नियुक्ति पत्र जारी किया गया। इसी बीच दुर्गेश राजपूत द्वारा एक शिकायत दर्ज कराने के बाद संभाग आयुक्त द्वारा जांच समिति गठित कर दी गई। इसके आधार पर याचिकाकर्ता को नोटिस जारी किया गया। बाद में ना तो सहकारी बैंक और ना ही शिकातकर्ता दुर्गेश राजपूत इस शिकायत को प्रमाणित कर पाए। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता द्वारा यह आधार लिया गया कि जांच एकतरफा थी।

सुयश हॉस्पिटल
(NABH से मान्यता प्राप्त)
किडनी रोग विभाग
- किडनी फेलयर (ARF/CRF)
- डायलिसीस
- बच्चों की किडनी की समस्त प्रकार की बीमारी
- नेफ्रोटिक सिंड्रोम
- हाई बीपी (HIGH BP)
- PCNL
- AV FISTULA
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

## सांबा-जालंधर में दिखे ड्रोन

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में सोमवार रात संदिग्ध ड्रोन देखे गए, जिन्हें भारत के एयर डिफेंस ने निष्क्रिय कर दिया। सीमा रेखा पर ड्रोन गतिविधि की यह ताजा घटना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन और भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ की बैठक के कुछ ही घंटों बाद हुई।

सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी
Fat Injection
Vagina Tightening
(महिलाएं व पुरूष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

## प्रेमी ने जबरन खिलाई गर्भपात की दवा, उपचार के दौरान युवती की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

प्रेम प्रसंग के दौरान गर्भवती हुई युवती को प्रेमी युवक ने जबरन गर्भपात की दवा खिला दी। दवा खाने से युवती का गर्भपात तो हो गया लेकिन उसकी तबीयत बिगड़ गई। युवती की तबीयत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। युवती की मौत के बाद परिजन ने मोहल्ले के एक युवक पर आरोप लगाया है और कार्रवाई की मांग की है। इधर इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच जारी है। बताया जा रहा है कि कोतवाली थाना अंतर्गत रहने वाली 22 वर्षीय युवती को 11 अप्रैल की दोपहर लगभग 1.30 बजे अचानक पेट में दर्द हुआ तो उसकी बहन युवती को लेकर अस्पताल जाने के लिए निकली थी। इस दौरान युवती की मदद करने के नाम पर मोहल्ले का युवक गोलू विश्वकर्मा और उसका मामा मनोज विश्वकर्मा भी युवती के साथ हॉस्पिटल गए। युवती को अस्पताल में भर्ती कराया गया तो उसकी स्थिति को देखते हुए नर्स ने ब्लड की व्यवस्था करने की बात कही जिसके बाद गोलू विश्वकर्मा और उसका मामा मनोज ब्लड की व्यवस्था करने के नाम पर हॉस्पिटल से निकले लेकिन नहीं लौटे।

■ उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था







HIPL के साथ LED हेडलैम्प**
RTMI## के साथ फुल डिजिटल मीटर
कॉल और SMS अलर्ट के साथ ब्लूटूथ
USB मोबाइल चार्जर
कम डाउन पेमेंट~ ₹ 4999
ROI 6.99%~

कॉल टोल फ्री 1800 266 0018

CSD/CPC/कॉर्पोरेट कर्मचारी के लिए विशेष ऑफर; हमसे संपर्क करें: institutionalsales@heromotocorp.com

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Financial schemes are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. Available at select dealerships. #Mileage is based on the testing report of Govt. certified agency. Actual mileage may vary as per road/riding conditions. **HIPL stands for High Intensity Position Lamp. ##RTMI stands for Real Time Mileage Indicator. *Ex-showroom prices of Splendor XTEC 2.0 OBD2 & Super Splendor XTEC OBD2 Drum Variant in Chhattisgarh.

अधिकृत डीलर: रायपुर: छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजधानी हीरो 9289922414, राजनांदगांव: जय हीरो 9289922357, धमतरी: सत्योम हीरो 9289922525, कांकेर: राहुल हीरो 9289922834, महासमुंद: वत्स हीरो 9289922623. बलौदाबाजार: अग्रवाल हीरो 9289922959, आरंग: श्री राम हीरो 9289922968, बेमेतरा: श्री सांई हीरो 9289922835, कवर्धा: सरस्वती हीरो 9289922958, जगदलपुर: विजयपाल हीरो 9289923064, दंतेवाड़ा: जय विजय हीरो 9289922990, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983, भाटापारा: कुशल हीरो 9289923052, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्ग: उत्सव हीरो 9289923114, उत्सव हीरो: (स्टेशन रोड) 7000595300, एसोशिएट डीलर: रायपुर: संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, पंडरिया: ललित सर्विसेज 8770383767, भानुपुरी: ओम ऑटो एजेंसी: 6261535855, डोंगरगांव: किरण मोटर्स 9754069392, लवन: गणपति ऑटो 9926601111/ 9340379300, पिंपरी: श्री राम मोटर्स: 8462900028/9340005833 गुरुर: श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458 / 7224880123, बोडला: विक्की मोटर्स: 9755583102, पांडातराई: शक्ति ऑटोमोबाइल्स: 9179035073, अभनपुर: राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, फुंडहर: अंकित ऑटो: 9425240565, नवागढ़ श्री मोटर्स 9165525555/9009866899 राजिम: गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, खरोरा: अग्रवाल मोटर्स 9424212141, सरायपाली: बंसल ऑटो 9425513611, डोंगरगढ़: युवराज मोटर्स 8085160380, तिल्दा: आरसन मोटर्स 9340335266, नगरी: हर्ष ऑटो 8109502100, पाटन: दिव्या ऑटो 9893492107, बागबाहरा: प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, कोण्डागांव: आहुजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017/9993861888, नारायणपुर: गुरुनानक ऑटो 9425596290, केशकाल: साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, धमतरी: किरण ऑटोकेयर 9754069392, भानुप्रतापपुर: राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, बेरला: कान्हा मोटर्स 98931058752 /6260472025, कसडोल: बजरंग मोटर्स 9425511973, बालोद: जैन ऑटोकेयर 9425563502, सिमगा: माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, गरियाबंद: छत्तीगढ़ ऑटो केयर 8319358443, चरोदा: सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, सुंदरदेही: एम.एम. ऑटो 9893542300/ 8720051135, जांजगीर: जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, सिहावा: भारत मोटर्स 9993417123, फिंगेश्वर: अभिषेक ऑटो, 9977737000 / 9300093200, भिलाई-3: महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरूद: शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, भानुप्रतापपुर: संस्कार मोटर्स, 8085053343/7898813343, गोहरा पदर: गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, इरगिनार: अंशु ऑटो, 6261421161,, डीलर एक्सटेंशन काउंटर: रायपुर: आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉप: रायपुर: आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा) 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट: संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुर: आरसन हीरो 9285052266, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983.

FCB INTERFACE/3408/MAY2025/HIN

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com